■ औरंगाबाद और बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार एवं झारखंड का अपना अखबार

वर्ष : 34, अंक : 271
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, मंगलवार
5 मार्च 2024
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1970:** परमाणु अप्रसार संधि को लागू किया गया।
**1987:** इक्वाडोर में एक के बाद एक कई भूकंपों से पूरे देश में भारी तबाही।
**1998:** श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में बम विस्फोट में करीब 32 लोगों की मौत और 300 से ज्यादा घायल।
**2010:** इसरो द्वारा विकसित तीन टन की भार वहन क्षमता वाले साउंडिंग रॉकेट का सफल परीक्षण।

**गलती उसी से होती है जो मेहनत करके कुछ काम करता है, निकम्मों की जिंदगी तो दूसरों की गलतियां निकालने में ही चली जाती है।**

# भाप्रसे के सात व पुलिस सेवा के 22 अधिकारियों का तबादला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** लोकसभा चुनाव से पहले बिहार में सोमवार को प्रशासनिक फेरबदल की गई है। सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के सात अधिकारियों का तबादला कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। समस्तीपुर के नगर आयुक्त विभूति रंजन चौधरी को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक उपभोक्ता संरक्षण, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निदेशक के पद पर पदस्थापित किया गया है। पथ निर्माण विभाग की अपर सचिव शैलजा शर्मा को प्रदत्त अपर सचिव, लघु जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है। परिवहन विभाग, पटना के अपर सचिव प्रवीण कुमार को प्रदत्त अपर सचिव, लघु जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है। तकनीकी विकास, उद्योग विभाग, बिहार, पटना के निदेशक विशाल राज को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक राज्य परिवहन आयुक्त के पद पर पदस्थापित किया गया है। पदस्थापन की प्रतीक्षा में सामान्य प्रशासन विभाग से अटैच सौरव सुमन यादव को अगले आदेश तक नगर आयुक्त, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के पद पर पदस्थापित किया गया है। पदस्थापन की प्रतीक्षा में सामान्य प्रशासन विभाग से अटैच प्रीति को अगले आदेश तक उप विकास आयुक्त, खगड़िया के पद पर पदस्थापित किया गया है। नंदकिशोर को अपर सचिव सहकारिता और एमडी वेजफ़ेड की जिम्मेदारी से मुक्त करते हुये राज्य पर्यटन विकास निगम का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। इसके साथ ही सहकारिता विभाग के विशेष सचिव डा. वीरेन्द्र प्रसाद यादव अगले आदेश तक बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी फ़ेडरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं बिहार सरकार ने सोमवार को पुलिस सेवा के 22 पदाधिकारियों का स्थानांतरण व पदस्थापन किया है। इन पुलिस पदाधिकारियों को एएसपी से लेकर एसडीपीओ की नई जिम्मेदारी सौंपी गयी है। गृह विभाग (आरक्षी शाखा) ने सोमवार को इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के मुताबिक लखीसराय के एसडीपीओ राकेश कुमार को एसटीएफ का एएसपी बनाया गया है। एसटीएफ के एएसपी राज किशोर सिंह को छपरा सदर का एसडीपीओ वन बनाया गया है। बिहार पुलिस अकादमी राजगीर के डीएसपी मुकुल कुमार रंजन को खगड़िया सदर का एसडीपीओ वन बनाया गया है। अपराध अनुसंधान विभाग मद्य निषेध के एएसपी अभिजीत कुमार सिंह को कटिहार सदर का एसडीपीओ वन बनाया गया है। विशेष शाखा के एएसपी अनोज कुमार को नवादा सदर का एसडीपीओ वन बनाया गया है। दरभंगा के ट्रैफिक डीएसपी दिवेश को मधुबनी बेनीपट्टी का एसडीपीओ बनाया गया है। समस्तीपुर पटोरी के एसडीपीओ रविशंकर प्रसाद को सीतामढ़ी के बेलसंड का एसडीपीओ बनाया गया है। एसटीएफ के डीएसपी गुलशन कुमार को नवादा के रजौली का एसडीपीओ बनाया गया है। समस्तीपुर के रेल डीएसपी नवीन कुमार को बेगूसराय के मंझौल का एसडीपीओ बनाया गया है। समस्तीपुर रोसड़ा के एसडीपीओ शिवम कुमार को लखीसराय का एसडीपीओ बनाया गया है। नालंदा के डीएसपी विवेक कुमार शर्मा को समस्तीपुर दलसिंहसराय का एसडीपीओ बनाया गया है। सीतामढ़ी बेलसंड की एसडीपीओ सोनल कुमारी को समस्तीपुर रोसड़ा का एसडीपीओ बनाया गया है। स्पेशल विजिलेंस यूनिट के डीएसपी अमरनाथ को सारण मढ़ौरा का एसडीपीओ वन बनाया गया है। विशेष शाखा के डीएसपी आनंद मोहन गुप्ता को गोपालगंज हथुआ का एसडीपीओ बनाया गया है। मधुबनी बेनपट्टी की एसडीपीओ नेहा कुमारी को बेगूसराय बलिया का एसडीपीओ बनाया गया है। अपराध अनुसंधान विभाग के डीएसपी संजय कुमार पांडेय को औरंगाबाद सदर का एसडीपीओ वन बनाया गया है। स्पेशल विजिलेंस यूनिट के डीएसपी मुकेश कुमार साहा को अररिया एवं पूर्णिया की साइबर क्राइम डीएसपी कृति कमल को अरवल का एसडीपीओ बनाया गया है। एसटीएफ के डीएसपी बीरेंद्र कुमार मेधावी को समस्तीपुर पटोरी का एसडीपीओ बनाया गया है। बेतिया डीआइजी कार्यालय के डीएसपी अजय कुमार को कटिहार बारसोई का एसडीपीओ बनाया गया है। मधेपुरा के डीएसपी सुरेंद्र कुमार को सुपौल का एसडीपीओ बनाया गया है। गया आइजी कार्यालय के डीएसपी निखिल कुमार को फतुहा का एसडीपीओ वन बनाया गया है।

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया बिहार जलवायु सम्मेलन व प्रदर्शनी का उद्घाटन

# पटना में बनेगा भारत व एशिया का पहला डॉल्फिन अनुसंधान केन्द्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पटना स्थित ज्ञान भवन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार जलवायु सम्मेलन एवं प्रदर्शनी का फीता काटकर और दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। इस सम्मेलन का उद्देश्य विशेषज्ञों, हितधारकों एवं नीति निर्माताओं को एक साथ लाना एवं बिहार राज्य के लिए जलवायु रणनीतियों पर विचार-विमर्श करना है। साथ ही जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों एवं इससे बचने के उपायों के बारे में विचार-विमर्श करना है। डब्ल्यूआरआई इंडिया, यूएनईपी और शक्ति सस्टेनेबल ऊर्जा फाउंडेशन के सहयोग से पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग और बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा बिहार क्लाइमेट एक्शन कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग से 100 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का भी शुभारंभ किया गया, जिसमें पटना में भारत और एशिया का पहला डॉल्फिन अनुसंधान केंद्र भी शामिल है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा राज्य के सभी 543 ब्लॉक कार्यालयों में स्थापित वायु गुणवत्ता निगरानी सेंसर के लिए एक एकीकृत डैशबोर्ड का भी अनावरण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने पूर्णिया और भागलपुर में बीएसपीसीबी के क्षेत्रीय कार्यालयों का उदघाटन किया। उल्लेखनीय है कि बिहार एक आपदा प्रवण राज्य है और जलवायु परिवर्तन के कारण विगत कुछ दशकों से बाढ़, सुखाड़, आकाशीय विद्युत जैसी आपदाओं की तीव्रता और आवृत्ति में बढ़ोतरी हुई है। इस पृष्ठभूमि में राज्य सरकार द्वारा जलवायु परिवर्तन शमन एवं अनुकूलन की दिशा में अनेक कदम उठाए गये हैं, जिनमें 'जल-जीवन-हरियाली अभियान' एवं जलवायु अनुकूल कृषि कार्य प्रमुख हैं। बिहार, देश का पहला राज्य है, जहां जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिए जल-जीवन-हरियाली अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। जल-जीवन-हरियाली जागरूकता अभियान के अंतर्गत 19 जनवरी 2020 को राज्य में 18 हजार किलोमीटर से अधिक लंबी मानव श्रृंखला बनी, जिसमें 5 करोड़ 16 लाख से अधिक लोगों ने भाग लेकर पर्यावरण के संरक्षण और नशामुक्ति के समर्थन में एवं बाल विवाह और दहेज प्रथा मिटाने के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। पर्याप्त संरक्षण के समर्थन में बनी यह ऐतिहासिक मानव श्रृंखला विश्व में किसी भी मुद्दे पर बनी, अब तक की सबसे लंबी मानव श्रृंखला है। कार्यक्रम में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की सचिव बंदना प्रेयषी ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. प्रेम कुमार, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, एवं डॉ. एस. सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अध्यक्ष डॉ. डीके शुक्ला, प्रधान मुख्य वन संरक्षक आशुतोष सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# आकांक्षी जिलों की अखिल भारतीय रैंकिंग में औरंगाबाद, बांका और जमुई शीर्ष पर

■ **आगामी 7 मार्च को नई दिल्ली में जिलाधिकारी प्राप्त करेंगे सम्मान**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** आकांक्षी जिलों की अखिल भारतीय डेल्टा रैंकिंग में इस बार औरंगाबाद जिला शीर्ष पर है। इसके साथ बांका और जमुई जिले भी आकांक्षी जिला कार्यक्रमों के तहत हालिया डेल्टा रैंकिंग में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले जिलों के रूप में उभरे हैं। यह जानकारी भारत सरकार के नीति आयोग के अपर सचिव वी. राधा ने बिहार के मुख्य सचिव ब्रजेश महरोत्रा को सोमवार को लिखे एक पत्र में दी है। इस पत्र में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिला पदाधिकारी को आगामी 7 मार्च को रंग भवन, आकाशवाणी भवन, नई दिल्ली में आयोजित 'राज्यों के लिए नीति मंच' में शामिल होने के लिए अनुमति और निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। पत्र में कहा गया है कि नीति आयोग के राज्य सहायता मिशन के तहत स्थापित इस मंच का उद्देश्य सहकारी संघवाद को बढ़ावा देना है तथा राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच सुशासन और नीति प्रथाओं को साझा करने की सुविधा प्रदान करके सुशासन में सहायता करना है। लॉन्च इवेंट के हिस्से के रूप में आकांक्षी जिलों और ब्लॉक कार्यक्रमों के तहत डेल्टा रैंक भी घोषित की जाएगी। यह एक महत्वपूर्ण अवसर है जहां जिलों और ब्लॉकों द्वारा किए गए अनुकरणीय प्रयासों और प्रगति को राष्ट्रीय मंच पर स्वीकार किया जाएगा। इस संबंध में औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि नवंबर में डेल्टा रैंकिंग में इस जिले का स्थान काफी नीचे था लेकिन इस दिशा में किए गए युद्ध स्तर प्रयासों की वजह से आज देश भर में शीर्ष स्थान पर स्थापित हो चुका है। यह एक बड़ी उपलब्धि है।

## संक्षिप्त समाचार

### मजदूर दंपति ने की आत्महत्या

**मुजफ्फरपुर।** जिले के सकरा थाना क्षेत्र के सकरा वाजिद गांव में सोमवार की सुबह ब्रह्मस्थान के पीपल पेड़ में फंदे से लटकता दंपति का शव मिला। शव मिलने के बाद सनसनी फैल गई। मृतक वार्ड दस निवासी शिवनाथ दास (60 वर्ष) और उनकी पत्नी भुखली देवी (55 वर्ष) है। पुत्र रामबाबू दास ने पुलिस को बताया कि उसके पिता विभिन्न समूहों से लगभग सात लाख रूपये कर्ज ले चुके थे, जिसे चुकाने के लिए कंपनी के कर्मी काफी प्रताड़ित कर रहे थे। कर्ज चुकाने में नाकाम होने और कंपनी के कर्मी की प्रताड़ना से तंग आकर मां और पिता ने आत्महत्या कर लिया है।

### शिक्षकों को 10 मार्च तक योगदान करने का मौका

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग के दूसरे चरण में चयनित शिक्षकों को काउंसिलिंग कराने और स्कूल में योगदान करने के लिए 10 मार्च तक का समय शिक्षा विभाग ने दिया है। इसको लेकर विभाग ने सोमवार को आदेश जारी किया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव ने कहा है कि 10 मार्च के बाद स्कूल में योगदान को स्वीकृत नहीं किया जाएगा। पूर्व में अभ्यर्थियों को योगदान के लिए 29 फरवरी तक का समय दिया गया था। समय में वृद्धि की गयी है ताकि विभिन्न कारणों से जो योगदान नहीं कर सके हैं, वह कर लें।

### युवक की मौत

**गया।** अतरी थाना क्षेत्र के डिहुरी गांव मेंमोटर पंप सेट चालूकरनेके दौरान बिजली तार की चपेट में आने से 43 वर्षीय धर्मेंद्र चौहान की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि धर्मेंद्र चौहान स्नान करने के लिए मोटर पंप सेट चालू करने गया था। टोक फसाने के दौरान बिजली प्रवाहित तार का एक टोका उसके गर्दन में फंस गया जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

# विधान परिषद के लिए नीतीश कुमार आज दाखिल करेंगे नामांकन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान परिषद की 11 खाली सीटों पर चुनाव होने जा रहे हैं। इसके लिए प्रक्रिया सोमवार (4 मार्च) से शुरू हो गई है। इन सीटों पर निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल 6 मई को समाप्त हो रहा है। सीएम नीतीश कुमार और पूर्व सीएम राबड़ी देवी के अलावा जिनका कार्यकाल खत्म हो रहा है उनमें बीजेपी के तीन, जेडीयू के 3, राजद के 1, कांग्रेस के 1 और हम के एक एमएलसी शामिल हैं। इन सीटों पर उम्मीदवार कौन होंगे इसकी तस्वीर भी साफ होती जा रही है। जदयू ने अपने दो उम्मीदवार तय कर लिये हैं। इसमें सीएम नीतीश कुमार के अलावा खालिद अनवर को उम्मीदवार बनाया जा रहा है। अन्य दलों के उम्मीदवारों की बात करें तो मंगलवार को तस्वीर साफ हो सकती है। जानकारी के मुताबिक सीएम नीतीश कुमार मंगलवार (5 मार्च) को एमएलसी पद के लिए अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। क्योंकि 6 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेतिया आ रहे हैं और इस कार्यक्रम में सीएम को भी शामिल होना है। वहीं इसके बाद 7 मार्च को नीतीश कुमार विदेश जा रहे हैं। ऐसे में अपने व्यस्त कार्यक्रम के कारण सीएम 5 मार्च को ही नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 11 मार्च है जबकि नामांकन पत्रों की जांच 12 मार्च को होगी। 14 मार्च तक उम्मीदवार अपना नामांकन वापस ले सकेंगे। 21 मार्च को सुबह नौ बजे से लेकर शाम चार बजे तक वोटिंग होगी। वोटिंग के बाद उसी दिन शाम पांच बजे से मतगणना होगी और देर शाम तक चुनाव परिणाम की घोषणा कर दिया जायेगा।

# अपनी दूसरी बेटी डॉ. रोहिणी आचार्य को लोस का टिकट दे सकते हैं लालू यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** परिवारवाद का आरोप झेल रहे राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव क्या अब अपनी दूसरी बेटी डॉ. रोहिणी आचार्य को भी सक्रिय राजनीति में लाने की तैयारी में जुट गए है? इसको लेकर सियासी गलियारे में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। दरअसल, रविवार को राजद की ओर से आयोजित जन विश्वास महारैली में लालू प्रसाद यादव ने जिस तरह से अपनी बेटी डॉ. रोहिणी आचार्य को लॉन्च किया, उससे अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। ऐसी संभावना जताई जाने लगी है कि राजद प्रमुख अपनी बेटी डॉ. रोहिणी आचार्य को आगामी लोकसभा चुनाव में बिहार के किसी सीट से चुनाव लड़वा सकते हैं। जानकारों की मानें तो लालू यादव यह चाह रहे हैं कि इस बार पाटलिपुत्र लोकसभा सीट से मीसा भारती के बदले रोहिणी आचार्य को मैदान में उतारा जाए। कारण कि मीसा भारती इस सीट से दो बार अपना भाग्य आजमा चुकी हैं, लेकिन दोनों बार उन्हें रामकृपाल यादव के हाथों पराजय का मुंह देखना पड़ा। ऐसे में लालू यादव की इच्छा है कि इस बार रोहिणी आचार्य को मैदान में उतारा जाए। अगर मीसा भारती खुद चुनाव लड़ना चाहेंगी तो सारण सीट से रोहिणी आचार्य को चुनावी मैदान में उतारने का प्रयास किया जाएगा। वैसे रोहिणी आचार्य के ससुराल दाउदनगर के तहत काराकाट लोकसभा सीट से भी उतारा जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो लालू परिवार का एक और सदस्य अब राजनीति के सियासी दांव-पेंच चलते हुए दिख सकता है।

# हार्डकोर नक्सली विजय गिरफ्तार

**जमुई।** जमुई पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने हार्डकोर नक्सली विजय कोड़ा को कुमरतरी जंगल से गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। बता दें कि गिरफ्तार विजय कोड़ा शीर्ष नक्सली नेता प्रवेश दा और अरविंद यादव का काफी करीबी है। मिली जानकारी के अनुसार, जिले के बरहट थाना क्षेत्र के कुमरतरी जंगल से हार्डकोर नक्सली कमांडर विजय कोड़ा को सुरक्षा बलों ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए सोमवार दोपहर बरहट थाना परिसर में सदर एसडीपीओ सतीश सुमन ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साल 2018 में बरहट थाना क्षेत्र के दो भाई मदन कोड़ा और प्रमोद कोड़ा की निर्मम तरीके से नक्सली द्वारा हत्या कर दी गई थी जिसमें विजय कोड़ा मुख्य रूप से शामिल था।

# नए सत्र से पहले डेढ़ करोड़ बच्चों को पाठ्य-पुस्तकें उपलब्ध कराने की तैयारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** शिक्षा विभाग की ओर से नए सत्र से पहले राज्य के 72 हजार प्रारंभिक विद्यालयों में पढ़ने वाले डेढ़ करोड़ बच्चों को पाठ्य-पुस्तकें उपलब्ध कराने की तैयारी की जा रही है। अपर मुख्य सचिव केके पाठक के निर्देश पर बिहार राज्य पाठ्य-पुस्तक प्रकाशन निगम द्वारा बच्चों को पढ़ाई शुरू करने से पहले पाठ्य-पुस्तकें देने की व्यवस्था की रही है। निगम ने हर बच्चे के लिए पाठ्य पुस्तक का एक सेट प्रकाशित कर बच्चों तक पहुंचाने के लिए टेंडर जारी कर दिया है। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक बिहार पाठ्य पुस्तक प्रकाशन निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक द्वारा आमंत्रित निविदा में प्रकाशकों की कसौटी, किताबों की गुणवत्ता, किस कक्षा में किन विषयों की किताबें छापनी हैं.... ऐसी तमाम चीजों की विस्तृत जानकारी दी गयी है। शिक्षा का अधिकार कानून के तहत पहली से आठवीं तक के बच्चों को किताबें दी जाती हैं। इसके लिए केंद्र सरकार ने 534 करोड़ रुपये उपलब्ध कराया है। पाठ्य-पुस्तकों को उपलब्ध कराने वाले प्रकाशकों को छह चरण में काम पूरा करना होगा। सभी किताबें संबंधित प्रखंड मुख्यालयों और प्रखंड संसाधन केंद्र तक पहुंचा देनी होगी। शर्तों के मुताबिक प्रकाशकों को बच्चों की किताबों के अलग-अलग सेट तैयार करने होंगे। इनकी पैकिंग भी अलग रंगों में होगी। कक्षा एक लाल, दो हरा, तीन नीला, कक्षा चार की किताबें काला, पांच की भूरा, छह की बैगनी, सात की नारंगी और कक्षा आठ की किताबों की पैकिंग मेजेंटा रंग में होगी।

# आइएएस अधिकारी ब्रजेश मेहरोत्रा ने संभाली मुख्य सचिव की कुर्सी

**पटना।** बिहार सरकार के नए मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा ने कार्यभार संभाल लिया है। बिहार सरकार की तरफ से 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी ब्रजेश मेहरोत्रा को मुख्य सचिव कार्यालय में आमिर सुबहानी ने उन्हें नई जिम्मेवारी सौंपी। बिहार सरकार के मुख्य सचिव आमिर सुबहानी ने वीआरएस लिया है। वे अप्रैल में रिटायर्ड होने वाले थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनके आवेदन पर अपनी मंजूरी दी है। आमिर सुबहानी को विद्युत विनियामक आयोग का अध्यक्ष की जिम्मेवारी दी गई है। बिहार ने नए मुख्य सचिव बने ब्रजेश मेहरोत्रा 1989 बैच के आइएएस अधिकारी हैं। वे राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। मुख्य सचिव बनने के बाद ब्रजेश मेहरोत्रा ने कहा कि सबसे बड़ी चुनौती लोकसभा चुनाव को अच्छे ढंग से संपन्न कराना है।

# सड़क दुर्घटना में सास-ससुर और बहू की मौत

## बेटे व ड्राइवर की हालत गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**मोतिहारी।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बैरिया देवी माई स्थान के पास भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि दो लोगों की हालत गंभीर है। बताया जाता है कि एक कार अनियंत्रित होकर नहर पुल की रेलिंग से टकरा गयी। इस हादसे में सास-ससुर और बहू की मौत हुई है जबकि बेटे व ड्राइवर गंभीर हालत में जख्मी है। उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। मिल रही जानकारी के अनुसार, रक्सौल निवासी गणेश अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ चेन्नई के लिए रवाना हुए थे जहां उनके भाई रहते हैं। कार में सवार होकर सभी एयरपोर्ट जा रहे थे। अचानक उनकी कार अनियंत्रित होकर पुल के रेलिंग से टकरा गयी। इस हादसे में कार में सवार तीन लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में सास-ससुर और बहू शामिल हैं जबकि बेटा गंभीर रूप से जख्मी है। दो घायलों में एक की पहचान गणेश कुमार के रूप में की गयी है। गणेश की शादी आठ माह पहले ही हुई थी। हादसे में उसकी पत्नी की मौत हो गयी जबकि दूसरा जख्मी कार का ड्राइवर है। वहीं हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। मामले की जांच चल रही है। शवों को पुलिस ने जब्त कर लिया है। वहीं जख्मी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

CMYK

### महाशिवरात्रि को ले डीएम ने गुप्तेश्वर धाम परिसर में पदाधिकारियों संग की बैठक

# धुम्रपान एवं प्रतिबंधित गुटखा का भंडारण एवं बिक्री करना अवैध : डीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में गुप्तेश्वर धाम में महाशिवरात्रि की तैयारी के संबंध में मंदिर परिसर में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम, प्रखंड विकास पदाधिकारी चेनारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी चेनारी, अंचल अधिकारी चेनारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सासाराम, प्रखंड विकास पदाधिकारी तिलौथू, अंचल अधिकारी सासाराम सहित विभिन्न पदाधिकारी गण तथा न्यास समिति की सदस्य गण सम्मिलित रहे। जिला पदाधिकारी द्वारा गुप्तेश्वर धाम के रास्ते का भी निरीक्षण किया गया। वहां रास्ते में श्रद्धालुओं के सुगम एवं समुचित आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए तथा मूलभूत सुविधाओं के उपलब्धता के संबंध में भी गहनता से निरीक्षण किया गया। रास्ते में पड़ने वाले दुकानों की भी जांच की गई। जांच के क्रम में कोटपा अधिनियम के अंतर्गत प्रतिबंधित गुटका जैसी अवैध सामग्रियों की बड़ी मात्रा जब्त की गई जो लगभग चार बोरे से अधिक थे। इस क्रम में दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई कि धुम्रपान एवं प्रतिबंधित गुटके का भंडारण एवं बिक्री करना अवैध है। इसी प्रकार से विभिन्न पदाधिकारी द्वारा भी अलग-अलग टीम बनाकर के भी जांच की गई तथा अवैध सामग्रियों को जब्त किया गया और दुकानदारों को चेतावनी दी गई। जांच के क्रम में तीन दुकानों में अवैध शराब भी जब्त की गई तथा गांजा भी एक दुकान से जब्त किया गया। इन सभी जब सामग्रियों को चेनारी थाने को सुपुर्द किया गया तथा चार लोग संदेह के आधार पर भी पकड़े गए। जिनसे चेनारी थाना में पूछताछ की जा रही है तथा आगे की विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। मंदिर परिसर में व्यापक अव्यवस्था पाई गई। अनुमंडल पदाधिकारी तथा न्याय समिति को निर्देशित किया गया कि अभियान चलाकर साफ सफाई दो पालियों में एक सुबह के 5:00 से 6:00 के बीच में तथा इसी प्रकार से अपराह्न में दूसरी पाली में 5 से 6 बजे के बीच में किया जाएगा।



## डिहरी से आरएमएस कार्यालय नहीं हटाने का रेल मंत्री को लिखा पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** काराकाट के जदयू सांसद महाबली सिंह ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर डिहरी स्टेशन स्थित आरएमएस कार्यालय को स्थानांतरित नहीं करने का अनुरोध किया है। लिखे गए पत्र में उन्होंने कहा है कि यहां पर स्थापित रेल डाक सेवा कार्यालय रोहतास व कैमूर जिले के 50 उप डाकघर एवं लगभग 150 शाखा डाकघर के डाक कार्यों को संभालता है। सासाराम रेल डाक सेवा को 2007 में हटाने के बाद रोहतास व कैमूर जिलों के लिए यही एकमात्र रेल डाक सेवा कार्यालय अवस्थित है। डिहरी ऑन सोन, डीडीयू तथा गया के बीच सबसे ज्यादा राजस्व देने वाला स्टेशन है। भौगोलिक दृष्टिकोण से रोहतास जिले की दक्षिण सीमा लगभग 120 किलोमीटर तथा उत्तर 70 किलोमीटर है। सांसद प्रतिनिधि अरुण शर्मा ने बताया कि सांसद ने जनहित में सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए डिहरी स्थित रेल डाक सेवा कार्यालय वर्तमान की तरह चालू रखने का रेल मंत्री से अनुरोध किया है।

## तिलौथू में निकला मतदाता जागरुकता अभियान

### आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं ने लिया भाग




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तिलौथू।** प्रभारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी पूनम कुमारी के निर्देश पर तिलौथू प्रखंड मुख्यालय में मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन सेविकाओं के द्वारा किया गया जिसका नेतृत्व महिला पर्यवेक्षिका कंचन कुमारी और प्रखंड समन्वयक सिमरन कुमारी के अलावा लिपिक कमल पांडेय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। रैली में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से वोटिंग के दिन नजदीकी बूथ पर जाकर हर हाल में अपना बहुमूल्य वोट पोल करने की अपील संबंधी नारे भी सेविकाओं के द्वारा लगाये गये। रैली में आनंदी कुमारी, ललिता देवी, पुतुल कुमारी गुप्ता, सुमन कुमारी, सुधा कुमारी, सोनम कुमारी, सदीदा खातून, रीना कुमारी, सीमा कुमारी, मंजू देवी, अर्चना कुमारी, सुशीला कुमारी, सीता देवी, मीरा कुमारी, राधिका देवी, पूनम कुमारी, कंचन कुमारी, ममता कुमारी, प्रियंका कुमारी के अलावा कई सेविकाएं शामिल थी।

# बाबा चौहरमल धाम मंदिर पहुंचे उपेंद्र कुशवाहा

### वीर बाबा चौहरमल धाम पूरे देश में नाम रौशन करेगा : चन्दन पासवान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** दुसाध जागृति सांस्कृतिक चेतना मंच के अध्यक्ष संजय पासवान के अध्यक्षता में एनीकट में बने भव्य मंदिर बाबा चौहरमल धाम में राष्ट्रीय लोक जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री उपेंद्र कुशवाहा पहुंचे जहां उन्होंने बाबा के मंदिर में माथा टेक आशीर्वाद प्राप्त किया। दुसाध जागृति सांस्कृतिक मंच के संरक्षक राजाराम पासवान के नेतृत्व में उनको अंगवस्त्र और फूलों का माला देकर स्वागत किया गया। इस मौके उन्होंने मंदिर निर्माण को ले दुसाध जागृति सांस्कृतिक चेतना मंच के लोगों को बधाई दी। बाबा चौहरमल मंदिर में हर संभव मदद करने का भी आश्वासन दिया। मंच के कोषाध्यक्ष चन्दन पासवान ने 'नवबिहार टाइम्स' को बताया कि बहुत खुशी की बात है कि आज हमारे बाबा के दरबार में पूर्व मंत्री आकर अपना माथा टेका। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण में हर जगह से सहयोग मिल रहा है साथ ही अध्यक्ष के निर्देश पर संरक्षक के नेतृत्व में बाबा के दरबार में चढ़ाया हुआ अंग वस्त्र ले जाकर जगह-जगह हम लोग सम्मानित करने का कार्य कर रहे हैं, आने वाले भविष्य में वीर बाबा चौहरमल धाम जिला ही नहीं प्रदेश नहीं पूरे देश में नाम रोशन करेगा। इस मौके पर रालोजद के जिला अध्यक्ष कपिल कुशवाहा, मंच के प्रवक्ता अनुज पासवान, कृष्णा जी, कश्मीर पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

## गुप्ता धाम में जिलाधिकारी ने किया जलाभिषेक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी।** रोहतास और कैमूर की वादियों में स्थित पवित्र शिवलिंग पर जिलाधिकारी नवीन कुमार ने जलाभिषेक और दर्शन पूजा की। महाशिवरात्रि के इस मेले में जिलाधिकारी नवीन कुमार ने गुप्ता धाम परिसर में पहुंचकर जला अभिषेक और पूजा अर्चना की।

## नर्सिंग चतुर्थ वर्ष के छात्रों ने किया सामूहिक खाना पकाने का प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार के अंतर्गत संचालित नारायण नर्सिंग कॉलेज के तत्वावधान में सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग की आवश्यकता के एक भाग के रूप में केशव बिगहा, अकोढ़ीगोला में नर्सिंग चतुर्थ वर्ष के छात्रों द्वारा एक सामूहिक खाना पकाने का प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रोफेसर डॉ. लता के, डीन सह प्रिंसिपल, प्रोफेसर डॉ. श्वेता शर्मा, वाइस प्रिंसिपल, प्रोफेसर डॉ. लिंसी जोसेफ, सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग विभाग की एचओडी के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग विभाग के मोहम्मद उमर नर्सिंग ट्यूटर और दीपू कुमार, एमएससी छात्र, निखिल कुमार एमएससी छात्र, बी.एससी नर्सिंग छात्रों द्वारा किया गया। बीएससी नर्सिंग छात्रों को गांव में सामुदायिक प्रशिक्षण विगत पांच फरवरी से पांच सप्ताह के लिए दिया गया था जब छात्रों ने पांच साल से कम उम्र के बच्चों का बुनियादी मूल्यांकन किया तो उन्होंने पाया कि मूल्यांकन किए गए 400 बच्चों में से 109 हल्के-मध्यम रूप से कुपोषित थे। इस मूल्यांकन ने छात्रों को प्रोटीन और ऊर्जा सामग्री से भरपूर मेनू के साथ सामूहिक खाना पकाने के प्रदर्शन की योजना बनाने के लिए प्रेरित किया। मेनू में सत्तू पूरी, मिक्स-वेज सब्जी और चावल की खीर शामिल है। प्रत्येक थाली में 280 किलो कैलोरी ऊर्जा और 53 ग्राम प्रोटीन है जिसमें 6 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए अनुशंसित आहार भत्ते के अनुसार प्रति भोजन 250 किलो कैलोरी ऊर्जा और 10 ग्राम प्रोटीन की आवश्यकता होती है। इंडिया काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) के मानक के अनुसार खाना पकाने का काम केवल सामुदायिक क्षेत्र में उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करके और चीजों को व्यवस्थित करने की प्रक्रिया में समुदाय के लोगों को शामिल करके स्वच्छ लेकिन पारंपरिक तरीके से किया गया था। कार्यक्रम से लगभग 5 वर्ष से कम उम्र के 300 बच्चों और 70 स्कूली बच्चों को लाभ हुआ।



# किसानों ने एमएलसी का जताया आभार

### एमएलसी ने किसानों के उचित मुआवजे की मांग को विधान परिषद में उठाया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** पिछले दो वर्षों से अधिक समय से अधिग्रहित भूमि के उचित मुआवजे की मांग को लेकर जिले के किसान आंदोलनरत हैं और 2 जनवरी से ही चैनपुर थाना क्षेत्र के मसोई गांव स्थित एक्सप्रेस वे निर्माण कंपनी बेस कैंप (पीएनसी) के पास बेमियादी धरना दे रहे हैं। सोमवार को किसान संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधियों का एक दल गया स्नातक विधान परिषद सदस्य संतोष कुमार सिंह से मिला और उनका आभार जताया। मौके पर प्रतिनिधि मंडल में शामिल किसान संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष विमलेश पाण्डेय ने बताया कि हमलोगों की एमएलसी संतोष कुमार सिंह से शिष्टाचार मुलाकात हुई। हमलोगों द्वारा एमएलसी को धन्यवाद और आभार जताया गया, क्योंकि एमएलसी संतोष कुमार सिंह को किसानों की पीड़ा का एहसास है। इनके द्वारा बिहार विधान परिषद के सदन में कैमूर के किसानों की सबसे बड़ी समस्या एक्सप्रेस वे निर्माण, एनएच 219ए व एनएच 319 ए सड़क चौड़ीकरण के लिए अधिग्रहित भूमि के उचित मुआवजे की मांग को उठाया गया है, जिसको लेकर जिले के हम सभी किसान एमएलसी संतोष कुमार सिंह का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने बताया कि एमएलसी संतोष कुमार सिंह एवं किसान प्रतिनिधिमंडल के साथ लंबी बातचीत चली। एमएलसी द्वारा जल्द ही मुआवजा बढ़ाने के लिए सरकारी स्तर पर प्रक्रिया शुरू होने की बात कह कर भरोसा दिलाया गया है। मौके पर किसान संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष विमलेश पाण्डेय, किसान संघर्ष मोर्चा के महासचिव व पूर्व प्रमुख पशुपति नाथ सिंह, किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, श्यामानारायण सिंह, अनिल सिंह, मिट्ठू सिंह व विक्की सिंह प्रतिनिधि मंडल में शामिल रहे।

## सफल एवं सुखी जीवन के लिए सकारात्मक सोच जरूरी : विकास सिंह



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** सकारात्मक सोच हमें जीवन में अधिक सफल होने में मदद कर सकती है जब हम सकारात्मक होते हैं, तो हम जोखिम लेने, नई चीजों को आजमाने और चुनौतियों का सामना करने में दृढ़ रहने का अधिक माद्दा रखते हैं। इससे हमारे करियर, रिश्तों और जीवन के अन्य क्षेत्रों में अधिक सफलता मिल सकती है। उक्त बातें जिला परिषद सदस्य भभुआ विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने भभुआ चैनपुर पथ पर बिल्डिंग मैटेरियल दुकान महादेव इंटरप्राइजेज प्रतिष्ठान के उद्घाटन समारोह के दौरान अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि भभुआ प्रखंड के सारंगपुर निवासी प्रकाश गोंड के द्वारा यह प्रतिष्ठान खोला गया है।

## राजद ने की जन विश्वास रैली को लेकर समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोचस।** जन विश्वास रैली को लेकर राजद कार्यकर्ताओं ने सोमवार को समीक्षा बैठक की जिसकी अध्यक्षता राजद नेत्री सह पूर्व सांसद रामप्रसाद सिंह कुशवाहा की पुत्र वधू डॉ रश्मि कुशवाहा ने की। बैठक में कोचस प्रखंड से शामिल होने के लिए कार्यकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित की गयी तथा कहा गया कि यहां से हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं व आम लोगों की महा रैली में रेला ने यह साबित कर दिया है कि अगला समय भी राजद गठबंधन का होगा। वक्ताओं ने कहा कि मौसम खराब होने के बाद भी जिस तरह कोचस से लोगों ने महारैली में शिरकत कर लालू प्रसाद व तेजस्वी के हाथों को मजबूत किया वह काबिले तारीफ है।



वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से अपने स्तर से पार्टी के नीति सिद्धांतों को आम लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही जिलाध्यक्ष रामचंद्र ठाकुर को साधुवाद दी गयी। मौके पर अरबिंद सिंह, बजरंगी यादव, जय प्रकाश पाल, उमाशंकर गुप्ता, कृष्णा सिंह, देवनारायण सिंह आदि थे।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. एसडीएसटीई–लिंककेबिन–एचडब्ल्यूएच–पीएफ–24, दिनांक: 01.03.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा सं. एसडीएसटीई–लिंककेबिन–एचडब्ल्यूएच–पीएफ–24 के तहत खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** हावड़ा लिंक केबिन में पीएफ–24 के विस्तार के संबंध में सहायक कार्य। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 72,24,236.11; **बयाना राशि:** रु. 1,44,500/–; **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00; **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 12.03.2024, **प्रस्ताव की वैधता:** 120 दिन। **समापन अवधि:** 6 माह। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** 01.03.2024, 18.09 बजे। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 26.03.2024, 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। HWH-525/2023-24

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# खुला नाला खतरे का दे रहा दावत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी नगर थाना क्षेत्र के जक्की बिघा स्थित डाक्टर बीएन राय के बगल में सड़क के किनारे खुला नाला में किसी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। बहुत बड़ा नाले खुले में है। इस नाले में बहुत से बाइक सवार गिर कर जख्मी हो चुके हैं, लेकिन स्थानीय प्रशासन ने इस खुले नाले को बंद कराना मुनासिब नहीं समझा। बताते चलें कि छोटे वाहन से लेकर बड़े वाहन इस खुले नाले में गिर जाते है। वाहनों को निकालने में क्रेन का सहारा लिया जाता है। व्यस्त इलाके से होकर स्कूली बच्चे इसी रास्ते से आते जाते हैं। इसी खुले नाले से हो कर स्थानीय लोग मोहन बिघा, पाली जाते हैं। सबसे मजे की बात है कि इसी रास्ते से प्रशासन तथा सांसद व विधायक आते जाते हैं, लेकिन कोई भी नहीं पहल कर इस खुले नाले को बंद कराना मुनासिब नहीं समझते है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस संबंध में प्रशासन से कई बार शिकायत किया, परंतु प्रशासन ने कान में तेल डालकर सोया हुआ है। बड़ी घटना कभी हो सकती है।

## महाशिवरात्रि, रामनवमी, होली और ईद के अवसर पर नहीं बजेंगे डीजे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**करगहर।** इस बार पर्व त्योहार को लेकर स्थानीय थाने में थानाध्यक्ष विजय कुमार व अंचलाधिकार अजीत कुमार के समक्ष थाना क्षेत्र के सभी डीजे मालिकों के साथ बैठक हुई। बैठक में थाना क्षेत्र से सभी उपस्थित डीजे मालिकों को अधिकारियों द्वारा सख्त निर्देश दिया गया कि लोकसभा चुनाव (इलेक्शन) में डीजे नहीं बजाना है। शादी विवाह में भी अश्लील गीत नहीं बजना चाहिए। यदि नहीं माने तो पकड़े जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई होगी।

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लातेहार**
समाहरणालय भवन, दूसरी मंजिल, लातेहार,
ई–मेल : ssalatehar@gmail.com

**झारखंड शिक्षा परियोजना, लातेहार अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय सरयू में कक्षा 01 से 10 में विषयवार शिक्षक एवं शिक्षिकेत्तर कर्मियों के रिक्त पदों के विरूद्ध संविदा आधारित अस्थायी नियुक्ति संबंधी आपत्ति देने हेतु आवश्यक सूचना।**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विभागीय आदेश संख्या–3563 दिनांक 15.09.2023 एवं पत्रांक 3863 दिनांक 10.10.2023 के आलोक में जिलान्तर्गत संचालित नेताजी सुभाष च्रंद बोस आवासीय विद्यालय सरयू में कक्षा 01 से 10 में विषयवार शिक्षक एवं शिक्षिकेत्तर कर्मियों के रिक्त पदों के विरूद्ध संविदा आधारित अस्थायी नियुक्ति हेतु इच्छुक पुरूष अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि तक प्राप्त आवेदन के आधार पर अभ्यर्थियों के विवरण के साथ सूची तैयार की गई है। अभ्यर्थियों की सूची आपत्ति प्राप्त करने हेतु जिला लातेहार के बेवसाइट www.latehar.nic.in पर जारी की जा रही है। प्रकाशित सूची–सह–विवरणी से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति जिला कार्यालय को दिनांक 09.03.2024 तक की जा सकती है।

अतः प्रकाशित विज्ञप्ति के आलोक में अभ्यर्थी अपनी आपत्ति साक्ष्य के साथ दिनांक 09.03.2024 तक संध्या 05:00 बजे तक जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना, जिला कार्यालय लातेहार में जमा कर सकते हैं। निर्धारित समय सीमा के पश्चात किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

**अनुलग्नक : यथोक्त।**

**जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–**
**जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,**
**समग्र शिक्षा अभियान, लातेहार।**

PR 321477 (Human Resource Development) 23-24 (D)

# हजारों जायरीनों ने मजार पर चादर चढ़ा मुल्क में अमन चैन की मांगीं दुआएं

### मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह ने मत्था टेका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दुर्गावती।** हिंदू मुस्लिम कौमी एकता की मिसाल दुर्गावती प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत यूपी बिहार बॉर्डर पर खजुरा पड़ाव सरैया गांव स्थित हजरत अंजान शहीद बाबा का सालाना उर्स रविवार की रात धूमधाम से मनाया गया। बाबा की मजार पर हजारों की तायदाद मे जायरीनों ने चादर चढ़ाकर दुआएं मांगी और रात भर शानदार जवाबी कव्वाली का लोगों ने लुत्फ उठाया। इस अवसर पर सुबह कुरान ख्वानी सायं चादरपोशी तथा रात्रि में मशहूर कव्वाल अजमत आफताब वारसी अमरोहा एवं मोबिन साबरी कव्वाल वाराणसी यूपी के बीच शानदार मुकाबला हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद बिहार सरकार के पूर्व कृषि मंत्री सह रामगढ़ राजद विधायक सुधाकर सिंह ने फीता काटकर कव्वाली समारोह का उद्घाटन किया। कमेटी सदस्यों ने विधायक को पगड़ी बांधकर और माला पहनाकर स्वागत किया कौव्वाली शुरू कराया। इसके शुरू होने से पहले सरैया गांव स्थित मस्जिद के पास से शाम चार बजे से बाबा का चादर उठा तथा खजुरा बाजार नौबतपुर होते हुए मजार पर आकर चादरपोशी की गई। चादरपोशी के दौरान यूपी बिहार के काफी संख्या में हिन्दू मुस्लिम बंधुओं ने ज्यादातर मुल्क की तरक्की व अमन चैन के लिए दुआ ख्वानी की। इस दौरान सुबह से ही दरगाह शरीफ पर जियारत के लिए जायरीनों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में हिंदू-भाई बहनों ने भी मजार पर शिरनी और चादर चढ़ाई। उर्स के मौके पर मजार को बड़े दिलकश अंदाज में सजाया गया था आकर्षक पंडाल तथा रंग-बिरंगे झूमर और लाइटिंग उर्स की भव्यता में चार चांद लगा रहे थे। इस दौरान पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि उर्स के मौके पर यूपी-बिहार के आए हुए हजारों श्रद्धालुओं को मेरी शुभकामनाएं।



**आवश्यकता**

(1) बिहार सरकार द्वारा स्वीकृत नियत वेतन में अनन्त संस्कृत उच्च विद्यालय, रामाषाढ़, संदेश, भोजपुर में 04 सहायक शिक्षक एवं 01 परिचारी की आवश्यकता है। जिसमें 01 सहायक शिक्षक, कोटि-UR (F), योग्यता-स्नातक कला, 01-सहायक शिक्षक, कोटि-BC, योग्यता-आचार्य, 02-सहायक शिक्षक, कोटि-UR & EBC, योग्यता स्नातक विज्ञान (गणित एवं विज्ञान) तथा 01-परिचारी, कोटि- UR, योग्यता-मैट्रिक/मध्यमा का है। विज्ञापन प्रकाशन से 15 दिनों के अंदर विद्यालय सचिव के पदनाम से आवेदन पत्र निबंधित डाक के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पूर्ण विवरण के साथ स्वीकार किये जायेंगे।
**(2) उम्र सीमा :** आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को सहायक शिक्षक पद के अभ्यर्थियों की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी का 18 वर्ष होना अनिवार्य है। अधिकतम आयु सीमा वही होगी, जो राज्य सरकार (सामान्य प्रशासन विभाग) द्वारा निर्धारित होगी।
(3) आरक्षित कोटि के उम्मीदवार आवेदन के साथ जाति प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति अवश्य संलग्न करेंगे अन्यथा आरक्षण का दावा मान्य नहीं होगा।
(4) आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की स्वाभिप्रमाणित प्रति अवश्य संलग्न करेंगे।
(5) अंतर्वीक्षा की सूचना अलग से विद्यालय सचिव द्वारा दी जायेगी। अंतर्वीक्षा में सम्मिलित होने के लिए यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
(6) सहायक शिक्षक परिचारी पद पर नियुक्ति हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता होना अनिवार्य होगा।
(7) नियुक्ति की सम्पूर्ण प्रक्रिया बिहार राज्य अराजकीय प्रस्वीकृत संस्कृत (मध्यम स्तर तक) के शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों की सेवा शर्त नियमावली-2015 के अनुरूप होगी।

**सचिव**
**अनन्त संस्कृत उच्च विद्यालय, रामाषाढ़, संदेश, भोजपुर।**

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लातेहार**
समाहरणालय भवन, दूसरी मंजिल, लातेहार,
ई–मेल : ssalatehar@gmail.com

**झारखंड शिक्षा परियोजना, लातेहार अंतर्गत झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय हेरहंज में कक्षा 06 से 08 एवं कक्षा 09 से 12 में विषयवार शिक्षिका के रिक्त पदों के विरूद्ध संविदा आधारित अस्थायी नियुक्ति संबंधी आपत्ति देने हेतु आवश्यक सूचना।**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विभागीय आदेश संख्या–QU/207/2022/3060 दिनांक 03.08.2023 के आलोक में झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय हेरहंज में कक्षा 06 से 08 एवं कक्षा 09 से 12 में विषयवार शिक्षिकाओं के रिक्त पदों के विरूद्ध संविदा आधारित अस्थायी नियुक्ति हेतु इच्छुक महिला अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि तक प्राप्त आवेदन के आधार पर अभ्यर्थियों के विवरण के साथ सूची तैयार की गई है। अभ्यर्थियों की सूची आपत्ति प्राप्त करने हेतु जिला लातेहार के बेवसाइट www.latehar.nic.in पर जारी की जा रही है। प्रकाशित सूची–सह–विवरणी से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति जिला कार्यालय को दिनांक 09.03.2024 तक की जा सकती है।

अतः प्रकाशित विज्ञप्ति के आलोक में अभ्यर्थी अपनी आपत्ति साक्ष्य के साथ दिनांक 09.03.2024 तक संध्या 05:00 बजे तक जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना, जिला कार्यालय लातेहार में जमा कर सकते हैं। निर्धारित समय सीमा के पश्चात किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

अनुलग्नक : यथोक्त।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा अभियान, लातेहार।

PR 321472 Human Resource Developement(23-24)D

CMYK

# जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने की ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में नवीन कुमार जिला पंचायत राज पदाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना की समीक्षा की गई। तीन पंचायत के मुखिया के विरुद्ध बिहार पंचायत राज अधिनियम 2006 की धारा 18 ( 5 ) के तहत कार्रवाई एवं पंचायत सचिव के विरुद्ध प्रपत्र 'क' गठित करते हुए विभागीय कार्रवाई के लिए विस्तृत प्रतिवेदन की मांग की गई।12 ग्राम पंचायतों के भुगतान पर रोक लगाया गया। कौवाकोल, पकरीबरावां, अकबरपुर एवं वारसलीगंज के प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी से स्पष्टीकरण पूछा गया। नवादा जिले में अब तक 7 प्रखंडों में मात्र 2003 सोलर स्ट्रीट लाइट का अधिष्ठापन किया गया है जो की राज्य स्तर पर अन्य जिलों के प्रदर्शन से काफी कम है। इन 2003 सोलर स्ट्रीट लाइट में से 600 लाइट नवादा सदर प्रखंड, 600 लाइट वारसलीगंज प्रखंड, 200 लाइट सिरदला प्रखंड, 240 लाइट रोह प्रखंड एवं 213 लाइट कावाकोल प्रखंड में लगाए गए है।

समीक्षा के दौरान पाया गया कि 4 प्रखंडों के 12 ग्राम पंचायतों द्वारा मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के क्रियान्वयन में अत्यंत ही लापरवाही बरती जा रही है। इसमें से 9 ग्राम पंचायतों द्वारा 15वीं वित्त की राशि का 50 प्रतिशत से ज्यादा राशि का व्यय तो किया गया है किंतु सोलर स्ट्रीट लाइट के अधिष्ठापान के उपरांत भी एजेंसी को प्राक्कलित राशि का 40 प्रतिशत राशि का भुगतान नहीं किया गया है। जबकि 3 ग्राम पंचायतों द्वारा न तो 15वीं वित्त की राशि का संतोषजनक व्यय किया गया है और ना ही एजेंसी को भुगतान किया गया है। जबकि इन सभी 12 ग्राम पंचायतों के मुखिया एवं पंचायत सचिव से 2 सप्ताह पूर्व ही सपष्टीकरण पूछते हुए भुगतान करने का निर्देश दिया गया था। इन ग्राम पंचायतों की सूची इस प्रकार हैः- 1. कौवाकोल प्रखंड के छबैल, दरावां, मंझिला, सेखोदेवरा, पाली एवं सरैनी पंचायत 2. पकरीबरावां प्रखंड के धेवधा एवं ईरुरी पंचायत 3. अकबरपुर प्रखंड के पंचरुखी, बलिया बुजुर्ग एवं बकसंडा पंचायत 4. वारसलीगंज प्रखंड के दोसुत पंचायत। इसमें से कौवाकोल प्रखंड के सरैनी पंचायत, वारसलीगंज प्रखंड के दोसुत पंचायत एवं पकरीबरावां प्रखंड के ईरुरी पंचायत के द्वारा 15वीं वित्त की राशि का व्यय भी 40 प्रतिशत से कम किया है तथा सोलर स्ट्रीट लाइट के अधिष्ठापान के उपरांत भी एजेंसी को प्राक्कलित राशि का 40 प्रतिशत भुगतान नहीं किया है। इन तीनों प्रखंड के प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 में इन तीनों ग्राम पंचायतों के द्वारा 15वीं वित्त एवं 6वीं राज्य वित्त आयोग की राशि से जितने भी कार्य हुए है, उनकी भी विस्तृत जांच करते हुए एक सप्ताह के अंदर प्रतिवेदन दें ताकि इन तीनों पंचायतों के मुखिया के विरुद्ध बिहार पंचायत राज अधिनियम 2006 की धारा 18( 5 ) के तहत कारवाई एवं पंचायत सचिव के विरुद्ध प्रपत्र 'क' गठित करते हुए विभागीय कारवाई के संदर्भ में अविलंब कार्रवाई प्रारंभ की जा सके। यदि बैठक के उपरांत इनके द्वारा एजेंसी को भुगतान कर भी दिया जाता है तो भी इन सभी के विरुद्ध कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन निश्चित रूप से समर्पित करें। बाकी 9 पंचायतों को भी अंतिम चेतावनी के साथ एक सेप्ताह के अंदर भुगतान करने का स्पष्ट निर्देश दिया गया। सोलर स्ट्रीट लाइट योजना में भुगतान किए जाने तक इन सभी 12 ग्राम पंचायतों द्वारा योजनाओं के भुगतान पर रोक लगाया जाता है। कार्यान्वयन एजेंसी को निर्देश दिया गया कि रोह प्रखंड के शेष 7 पंचायत, सिरदला प्रखंड के शेष 10 पंचायत, अकबरपुर प्रखंड के शेष 16 पंचायत, कौवाकोल प्रखंड के शेष 9 पंचायत एवं रजौली प्रखंड के सभी 15 पंचायतों के लिए एक सप्ताह के अंदर क्रमशः 1320 एवं 960 सोलर स्ट्रीट लाइट की सामग्री आपूर्ति करते हुए निरीक्षण करवाना सुनिश्चित करें।

# नवादा में हाईटेंशन तार की चपेट में आने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले में हाईटेंशन बिजली के चपेट में आने से युवक की मौत हो गयी, जिसके बाद परिवारजनों में छाया मातम छा गया। घटना नवादा के वारिसलीगंज थानाक्षेत्र की है, जहां घर के बड़े पुत्र की मौत ने पूरे परिवार को सदमे में डाल दिया है। इस घटना में 17 वर्षीय किशोर की करंट लगने से मौत हो गई है। बता दे कि यह पूरा मामला सोमवार का है, जहां वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के चिरैया गांव में करंट की चपेट में आने से किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान चिरैया गांव निवासी नवनीत कुमार का 17 वर्षीय पुत्र निशांत कुमार के रूप में किया गया है। बताया जा रहा है कि निशांत खेत पटवन के लिए मोटर चालू करने गया था, तभी वह विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस शव को कब्जे में लेकर कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। बताया जाता है कि किशोर खेत में मोटर चालू करने गया था इस दौरान करंट के चपेट में आकर खेत में गिर गया। काफी देर के बाद स्थानीय लोगों को नजर पड़ी और फिर गांव में हल्ला किया गया। गांव के लोग तुरंत मौके पर परिवार के साथ पहुंचकर किशोर को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर के द्वारा मृत्य घोषित कर दिया गया। मौत की जानकारी तुरंत स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया है। बताया जाता है कि मृतक किशोर इस बार ही मैट्रिक की परीक्षा दिया था।

# तिलैया स्टेशन पर कामाख्या एक्सप्रेस का 5 मार्च से ठहराव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**नवादा।** गया-कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन 15619/ 15620 का ठहराव अब किऊल-गया रेलखंड के तिलैया स्टेशन पर होगा। 5 मार्च 2024 से यह ट्रेन तिलैया स्टेशन पर रुकने लगेगी। 2 मिनट का ठहराव दिया गया है। ईस्ट सेंट्रल रेलवे हाजीपुर के सीपीटीएम द्वारा सोमवार 4 मार्च की तिथि में यह आदेश जारी किया गया है। अब यह ट्रेन 15619 और 15620 नियमित रूप से तिलैया स्टेशन पर रुकेगी। किऊल-गया रेलखंड से परिचालित यह ट्रेन अब तक नवादा, वारिसलीगंज और शेखपुरा स्टेशन पर रुका करती थी, अब तिलैया स्टेशन पर भी इसका ठहराव हो गया है। गया से चलकर यह ट्रेन 13: 48 बजे तिलैया स्टेशन पर पहुंचेगी और 2 मिनट के ठहराव के बाद 13:50 पर गंतव्य के लिए रवाना हो जाएगी। इसी प्रकार कामाख्या से गया जाने के क्रम में सुबह के 4:06 पर यह ट्रेन तिलैया स्टेशन पहुंचेगी और 4:08 बजे गया के लिए प्रस्थान करेगी। गया की ओर जाने वाले यात्रियों को यह सुविधा 12 मार्च 2024 से मिलनी शुरू होगी। बता दें कि किऊल- गया रेलखंड के महत्वपूर्ण स्टेशनों में अब तिलैया भी शामिल हो गया है। तिलैया स्टेशन अब जंक्शन के रूप में विकसित हो रहा है। यह स्टेशन किऊल-गया-कोडरमा-पटना की ओर जाने वाली ट्रेनों के लिए अहम पड़ाव बन गया है। बताया जा रहा है कि मंगलवार को जब यह ट्रेन गया से 13: 05 बजे खुलकर कामाख्या की ओर जाएगी तब 13:48 पर तिलैया स्टेशन पर रुकेगी। जहां से हरी झंडी दिखाकर इस ट्रेन को कामाख्या के लिए रवाना किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद चंदन सिंह होंगे, ऐसी सूचना आ रही है। जानकारी के लिए बता दें कि कोविड काल के बाद 24 जून 2021 से इस ट्रेन की शुरुआत की गई थी। 1070 किलोमीटर की दूरी यह ट्रेन 23 घंटे 10 मिनट में पूरी करती है। अब तक गया से कामाख्या के बीच 18 स्टेशनों पर इसका स्टॉपेज था जो बढ़कर 19 हो गया है। इस ट्रेन के स्टॉपेज से तिलैया और आसपास के इलाके के लोगों में काफी खुशी देखी जा रही है। रालोजपा जिलाध्यक्ष अभिमन्यु कुमार ने इस कार्य का पूरा श्रेय सांसद चंदन सिंह को दिया है। कहा कि सांसद के प्रयास से यह संभव हो सका है।

# मथुरासिनी महोत्सव को लेकर माहुरी वैश्य मंडल की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिले के रजौली माहुरी वैश्य मंडल की एक बैठक रविवार की रात उमा शंकर सेठ के धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष चंदन सेठ ने की, जबकि संचालन पंकज किशोर, संजय कंधवे ने किया। बैठक में आगामी 2 अप्रैल को शीतल अष्टमी के दिन मां मथुरासिनी महोत्सव माहुरी वैश्य मंडल रजौली में धूमधाम से मानने का निर्णय लिया गया। इसके तहत 2 अप्रैल को सुबह 7 बजे मां मथुरासिनी की बाजे गाजे के साथ भव्य झांकी शोभा यात्रा नगर में निकाली जाएगी। जबकि 11 बजे मां मथुरासिनी की पूजा-अर्चना, एवं हवन की जाएगी।

# इंसानियत शर्मशार : शराबी पिता शराब के लिए पुत्र को बेचने को था तैयार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नवादा।** इंसानियत को उस वक्त शर्मसार होना पड़ा, जब एक शराबी पिता ने पिता और बेटे के पवित्र रिश्ते को ही तार-तार कर दिया है। बताया जा रहा है कि शराब के खातिर एक कलयुगी पिता ने अपने कलेजे के टुकड़े का भी सौदा कर दिया है। जिसे देखत लोग हतप्रभ हो गए और जिसकी निंदा की जा रही है।

बताया गया है कि एक पिता ने शराब के लिए हर हद पार कर दी है। जब पिता को शराब के लिए कहीं से पैसे का इंतजाम नहीं हो पा रहा था, तो उसने अपने 7 साल के बेटे को ही बेचने के लिए उसे अपने साथ लेकर निकल गया। इस मामले की सूचना जब शराबी की पत्नी को हुई, तो उसने स्थानीय लोगों की सहायता से शराबी पति मुकेश केवट को पकड़ कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़िता ने बताया कि उसका ससुराल नवादा में है। शराबी पति की लत की वजह से ही वह ससुराल छोड़ कर अपने मायके में बेटे के साथ रहने लगी। जिसके बाद पति घर आया और घर में सो रहे बेटा को जबरन उठाकर अपने साथ लेकर भागने लगा। इसी दौरान पत्नी ने दौड़ा कर परबलपुर थाना क्षेत्र के परवलपुर थरथरी मार्ग पर बंगपुर गांव के पास पत्नी ने पति को पकड़ा और बच्चे को लौटाने को कहा। इसी बात पर दोनो पति पत्नी के बीच आपस में हाथापाई हुई।

इस दौरान ही स्थानीय लोगो ने पुलिस को सूचना दे दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया और पुलिस बच्चे को सकुशल बरामद कर उसकी मां को सौंप दिया। वहीं परवलपुर थानाध्यक्ष पप्पू सिंह ने बताया कि आरोपित शराब के नशे में था। उसकी मेडिकल जांच कराई गई है पत्नी के आरोपों की जांच की जा रही है। बता दें कि पत्नी ने पति पर आरोप लगाते हुए कहा है कि वह उसके बच्चे का सौदा करने वाला था।

# नवादा की बेटी आर्ची शर्मा ने बदल दिये कर्मकांड के नियम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** बेटियां है तो संसार है, बेटी में हर कार्य करने का जुनून और साहस होता है। बेटियां जब ठान लेती है, तो रूढ़ से रुढ़तम परंपराएं भी टूट कर बिखरने लगती है। अब तक बेटियों को अर्थियां उठाने, श्मशान घाट तक जाने और मुखाग्नि देने की वैदिक प्रतिबन्ध को टूटते देखा था। किन्तु अब तपस्विनीकर्ता बनकर उतरी लेने और 13 दिनों तक कठिन व्रत रख कर संपूर्ण श्राद्धकर्म पूरा करने का भी उदाहरण मिलने लगा है। जी हां।! हम बात नवादा नगर के मालगोदाम रोड इंदिरागांधी चौक निवासी ज्ञानदेव विश्वकर्मा की कनिष्ठ सुपुत्री, जो बीएएलएलबी की छात्रा आर्ची शर्मा की। जिन्होंने सारे परंपरा तो तोड़ ऐसा ही कुछ उदाहरण पेश किया है। वह अपने दादा स्व. शिवसहाय मिस्त्री की अर्थी उठाने से लेकर मुखाग्नि देने और अब 13 दिनों तक कठिन ब्रत रखकर श्राद्धकर्म का कर्ता बनने की जिद्द ने शास्त्रीय कर्मकांड के रास्ते को ही बदल दिया है। श्राद्ध के आचार्य पंडित बिनोद पाण्डेय ने बताया कि अपने पूज्य दादा के प्रति आर्ची शर्मा की निष्ठा और समर्पण ने रूढ़ परंपराओं को तोडा है, जो स्वागत योग्य है। उतरी में रोज सुबह-शाम दो किलोमीटर पैदल चलकर खुरी तट पर कुशा में पानी देना और स्वयं नमक रहित सात्विक भोजन पकाकर 13 दिन गुजारना आर्ची जैसी साहसी लड़की ही कर सकती है। इस सन्दर्भ में आर्ची ने बताया कि मेरे दादा जी के एकमात्र पुत्र ज्ञानदेव विश्वकर्मा हैं, जो डायबिटीज जैसी बीमारी से ग्रस्त हैं। उनके स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मैंने उन्हें उतरी लेने नहीं दिया और स्वंय पूज्य दादा जी का श्राद्ध करने का निर्णय लिया। अब आर्ची के चर्चा पूरे जिले में हो रही है।

# आठ मार्च को ऋषि बोध दिवस मनाया जायेगा

**नवबहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज।** नगर बाजार स्थित आर्य समाज पुस्तकालय मे आर्य समाज विकास एवं निगरानी समिति की एक बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सतीश चन्द्र एवं संचालन पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ राजकिशोर सिंह ने किया। इस बैठक मे आर्य समाज के संस्थापक एवं महान समाजसुधारक स्वामी दयानन्द सरस्वती के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। इनके द्वितीय जन्म शताब्दी समापन समारोह सह ऋषि बोध दिवस 8 मार्च को आर्य समाज मंदिर में मनाने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम मे विभिन्न जनप्रतिनिधियों सहित शिक्षा विद एवं समाज सेवियों को भी आमंत्रित किया गया है।

# छह कट्ठा भूमि पर लगी अफीम की खेती को किया विनष्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** जिले के उग्रवाद प्रभावित रजौली थाना क्षेत्र में घने जंगल की आड़ में अवैध रूप से अफीम की खेती करने वालों के खिलाफ रजौली पुलिस का अभियान जारी है। इसी क्रम में 4 मार्च को पुलिस अधीक्षक नवादा, अम्ब्रीष राहुल के निर्देशन में रजौली थाना क्षेत्र के भानेखाफ के जंगलों में रजौली एसडीपीओ पंकज कुमार एवं इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष राजेश कुमार व अंचलाधिकारी मोहम्मद गुफरान मजहरी के नेतृत्व में जिला बल एवं एसएसबी जवानों द्वारा छापेमारी किया गया, जिसमें यह सफलता अर्जित की है। एसडीपीओ ने बताया कि भानेखफा के जंगल में छोटी पहाड़ी की घाटियों के बीच छुपी हुई खेत में लगी अफीम की फसल लगभग तैयार हालत में थी। अगर समय रहते इसको ध्वस्त नहीं किया जाता तो करोड़ों के मूल्य का नशा बाजार तक पहुंच जाता। रजौली पुलिस एवं एसएसबी के जवानों की कार्यवाही कई दिनों की लगातार प्लानिंग एवं सटीक आसूचना संकलन के बदौलत सफल हो सकी है। गौरतलब हो कि कुछ दिन पहले 18 फरवरी को भी रजौली पुलिस द्वारा जंगल की आड़ में लगी लगभग कई एकड़ भूमि पर लगी अवैध अफीम की फसल को नष्ट किया था। एसडीपीओ पंकज कुमार ने बताया कि अफीम जिस खेत में लगी थी उस खेत के उस खेत के मालिक पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। वहीं उन्होंने बताया है कि अगर कोई भी व्यक्ति रजौली अनुमंडल में अफीम की खेती कर रही है उस पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# सीडीपीओ ने किशोरियों को पौष्टिकता की दी जानकारी




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज(नवादा)।** प्रखंड के ननौरा गांव के अनुसूचित टोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या बीस पर पोषण वाटिका कार्यक्रम आयोजित की गई। यह कार्यक्रम सोमवार को सीडीपीओ मंजू कुमारी की मौजूदगी में हुआ। कार्यक्रम में प्रखंड समन्वयक सतीश कुमार, सेविका शालिनी संगम, सहायिका शांति देवी समेत अन्य शामिल हुए।इस मौके पर सीडीपीओ ने अतिरिक्त प्रयास कर टमाटर का जूस बनाकर बच्चों व किशोरियों को पिलाकर टमाटर के गुण व पौष्टिकता की जानकारी दी।इस मौके पर सीडीपीओ ने बच्चों व किशोरियों से बातचीत के क्रम में कही न्यूट्रिशन की कमी रहती है, जो पोषण वाटिका में उगाए गये पौधे में भरपूर मात्रा में मिलता है।साथ ही शिक्षा पर भी बल दी, पढ़ना लिखना आवश्यक है। बच्चे ही देश का भविष्य है। सीडीपीओ ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कही कि पोषण वाटिका के तहत प्रखंड के 14 आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण वाटिका कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत टमाटर, पालक, मेंथी, सहजन, धनियां, पपीता, अमरूद, आवंला समेत अन्य पौधे को खेत में उगाना है,और उसकी गुण व पौष्टिकता के बारें में जानकारी प्राप्त करना है,और बच्चों व किशोरियों को देना भी है। इसके लिए सभी आंगनबाड़ी सेविका व सहायिका को प्रशिक्षण भी दिया गया है, ताकि पोषण वाटिका में सभी पौधे को बेहतर तरीके से उत्पादन कर सके, और उसका लाभ बच्चों व किशोरियों को दे सके। मौके पर किशोरी सोनाली, स्वीटी, दरक्षा समेत अन्य बच्चे शामिल रहे।

# सीएस ने हरी झंडी दिखा जागरुकता रथ को किया रवाना




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति पटना के निर्देशानुसार आज बिहारशरीफ सदरअस्पताल परिसर से एचआईवी से संबंधित परामर्श एवं जांच सेवा के तहत जागरूकता रथ को रवानाकिया गया। नालंदा के सिविल सर्जन डॉ. अविनाश कुमार सिंह के द्वारा यह जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से अनिवार्य सेवा के रूप में उच्च जोखिम पूर्ण व्यवहार वाले व्यक्तियों, गर्भवती महिलाएं, यक्ष्मा रोगी, यौन रोगी संबंधित व्यक्ति के पतिध्पत्नी एवं उनके 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को एचआईवी से संबंधित परामर्श एवं जांच सेवा दिया जाना है। इससे संबंधित नालंदा जिला के विभिनन प्रखंडो में माइक्रो प्लान के अनुसार जागरुकता परामर्श एवं जांच सेवा शिविर का आयोजन किया जाना है।

# ट्रक ने बाइक सवार दंपति को रौंदा, पत्नी की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन के पास ट्रक ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी। जिसमें पत्नी की मौत हो गई और पति बाल बाल बच गया। मृतका की पहचान दीपनगर थाना क्षेत्र के नीतीश कुमार की पत्नी नेपूरा गांव निवासी 28 वर्षीय नेहा कुमारी के रूप में की गई है। घटना के संबंध में पति नीतीश कुमार ने बताया कि वह अपने पत्नी के साथ बिहारशरीफ से बर्तन खरीद कर अपने गांव नेपुरा जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस लाइन के पास ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे संतुलन बिगड़ गया और यह हादसा हुआ। घटना की जानकारी मिलने के बाद आक्रोशित परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर एनएच 20 बिहारशरीफ नवादा मुख्य सड़क सड़क मार्ग जाम कर दिया है। जिससे नेशनल हाईवे 20 पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। वही इस घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर भागने में सफल रहा। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है। गुस्साये ग्रामीणों ने पुलिस वालों के साथ भी नोंक झोंक करते हुए उनका मोबाइल छीन लिया। घटना की जानकारी मिलने पर बीडीओ बिहार शरीफ अंजन दत्ता घटनास्थल पर पहुंचकर अक्रोशित ग्रामीणों को समझाने में जुट गए है। स्थानीय ग्रामीण तत्काल मुआवजे की मांग को लेकर अड़े हुए है।

# शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** बिहार थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बिहारशरीफ रेलवे स्टेशन के समीप भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। हालांकि पुलिस को देखते ही दो धंधेबाज मौके से फरार हो गया। पुलिस ने इसके पास से तीन स्कूली बैग से 37 बोतल शराब मिली। गिरफ्तार युवक दीपनगर थाना इलाके के कसिमचक निवासी मिथलेश सिंह का पुत्र कुंदन कुमार है। थानाध्यक्ष रामा शंकर सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिले थी कि कुंदन अपने दो साथी बंटी और निवास के साथ श्रमजीवी ट्रेन से शराब लेकर बिहारशरीफ आ रहा हैं। इसी सूचना पर बंटी के बैग की तलाशी ली गई तो उसके पास तीन बैग में विदेशी शराब बरामद हुआ। बंटी और निवास मौके से फरार हो गया है। छापेमारी टीम में दारोगा गौरव कुमार सिंह, तौकीर खां, धर्मेंद्र कुमार व जवान शामिल थे। इसी तरह सोहसराय थानाध्यक्ष राजमणि ने श्रृंगारहाट मोहल्ले से 10 लीटर शराब के साथ धंधेबाज सुबोध चौधरी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी वह जेल जा चुका हैं।

## मारपीट में दो लोग जख्मी

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा थाना क्षेत्र के पुना गांव में पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई जिसमें दोनों पक्ष से एक -एक लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये। जख्मी में एक पक्ष से पुना गांव निवासी फोटन पासवान के 19 वर्षीय पुत्र गोलू कुमार एवं दूसरे पक्ष से स्वर्गीय भोला प्रसाद के 45 वर्षीय पुत्र रजलू प्रसाद शामिल है।

# श्रद्धालुओं ने निकाली शोभा कलश यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हिलसा (नालंदा)।** सोमवार को हिलसा प्रखंड क्षेत्र के भुड़कुर गांव में हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सैंकड़ों महिला एवं पुरुषों ने गाजे बाजे के साथ भव्य शोभा कलश यात्रा निकाला गया। श्रद्धालुओं ने बताया कि आगामी 6 मार्च को भुड़कर गांव में हनुमान मंदिर का प्राणप्रतिष्ठा होना है और 24 घंटा तक अखंड कीर्तन होगा। अखंड कीर्तन समाप्ति उपरांत भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसको लेकर महिला एवं पुरुषों ने भव्य शोभा कलश यात्रा निकाला गया है। यह कलश यात्रा हिलसा शहर के बिहार रोड स्थित बाबा अभय नाथ धाम मंदिर सा मानवसेवा आश्रम से कलश में जल भरकर श्रद्धालुओं ने माथे पर कलश लेकर जय श्रीराम के नारा लगाते हुए पुनः पैदल चलकर भुड़कर गांव के लिए रवाना हो गए। जय श्रीराम के नारे से पूरे इलाका भक्ति मय हो गया।

# पईन में डूबने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बिहारशरीफ।** सोमवार को पानी भरे पईन में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मामला नूरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत बारा खरजम्मा गांव का है। मृतक की पहचान बारा खरजम्मा गांव निवासी केशो रविदास के (32) वर्षीय पुत्र रंजीत रविदास के रूप में की गई है। घटना के सम्बंध में मृतक के भाई सिकंदर कुमार ने बताया कि रंजीत रविदास रात्रि करीब 2 बजे शौच के लिए घर से बाहर निकाला था। इसके उपरांत वह वापस नहीं लौटा, उनलोगों ने काफी खोजबीन की। लेकिन अंधेरे में कहीं अतापता नहीं चल सका, सुबह जब फिर से खोजबीन की गई तो गांव के ही बाहर पईन के पास चप्पल मिली। शव पईन में उपलाया हुआ था, इसके बाद घटना का खुलासा हुआ। परिजन आशंका व्यक्त कर रहे हैं की शौच के बाद पानी छूने के क्रम में पैर फिसलने से युवक गहरे पानी में चला गया। जिसके कारण डूब कर उसकी मौत हो गई। 2 दिन पूर्व ही वह राजस्थान से लौटकर घर आया था राजस्थान में रहकर रंजीत रविदास फैक्ट्री में काम करता था। नूरसराय थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि पईन में शव मिलने की सूचना पर पुलिस गांव पहुंची। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। यूडी केस दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

# डीएम ने दिए शांतिपूर्ण चुनाव कराने को दिशानिर्देश

फिनवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**गया।** जिला पदाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के अवसर पर जिले में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव कार्य सम्पन्न करवाने के लिये कई आवश्यक कार्य किये जा रहे हैं। मतदाताओं को भी जागरूक करवाने के उद्देश्य के अनेक काम किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज डीएम ने एएमएफ कोषांग के सभी पदाधिकारियों और कर्मियों के साथ बैठक करते हुए किये जा रहे कार्यो की जानकारी ली। डीएम ने निर्देश दिया कि सभी बूथों की सफाई अच्छी तरह करवा लें। सभी बूथों पर पेयजल, टॉयलेट, रैम्प, बूथ में फर्नीचर की व्यवस्था का आकलन, बूथ भवन की स्थिति, रोशनी की व्यवस्था, चार्जिंग पॉइंट्स, बूथ में नेटवर्क कनेक्टिविटी की स्थिति, बूथ तक पहुंच हेतु पहुंच पथ की स्थिति, सुगम रास्ता की स्थिति, बूथ तक वाहन पहुंचने की व्यवस्था इत्यादि का जायजा लेते हुए सर्वेक्षण करवाना सुनिश्चित करे जिस बूथ पर बिजली की व्यवस्था नहीं, वहां तुरन्त तत्काल के लिये अस्थायी बिजली कनेक्शन हेतु अप्लाई करवाना सुनिश्चित करे। कार्मिक कोषांग की समीक्षा में निर्देश दिया कि अब तक जितने भी कर्मियों का डाटा प्राप्त हुआ है उनमें मोबाइल नंबर आधार संख्या बैंक का नाम आईएफएससी कोड इत्यादि सही तरीके से प्राप्त हुआ है या नहीं इसका वेरीफाई करवा लें। एफएसटी/एसएसटी कोषांग की समीक्षा में निर्देश दिया कि प्रखंड एवं अनुमंडल वार प्रभावी रूप से एफएसटी/एसएसटी की बैठक कर लें। इस कार्य में लगे सभी पदाधिकारी को निर्देश दिया कि गया जिले के सभी बॉर्डर एरिया को पूरी अच्छी तरीके से निगरानी रखना होगा। साथ ही रिपोर्टिंग काफी अच्छे से करना होगा। निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए ऐप के माध्यम से ही ऐप में ही रिपोर्टिंग करना होगा। उन्होंने कहा कि किन-किन स्थानों पर छापेमारी की आवश्यकता है इसकी सूचना अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को देते हुए उनके निर्देशन में करना होगा। उन्होंने निर्देश दिया कि छापेमारी के दौरान बरामदगी में विशेष फोकस रखना होगा ताकि अधिक से अधिक बरामदगी की जा सके। उन्होंने सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया कि प्रखंड वार एफएसटी/एसएसटी का टीम का बंटवारा कराकर लगातार छापेमारी अभियान करवाते रहें। नाका एवं चेक पोस्ट लगाकर निरंतर चेकिंग अभियान चलावें। इसके पश्चात जिला पदाधिकारी द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से उपस्थित सभी पदाधिकारी को मतदाता शपथ दिलवाया गया। इसके पश्चात आगामी लोकसभा चुनाव - 2024 को दृष्टिगत रखते हुये हस्ताक्षर अभियान के तहत आज हस्ताक्षर बैनर पर जिला पदाधिकारी द्वारा हस्ताक्षर कर जिले में शत-प्रतिशत मतदान किये जाने को लेकर सन्देश दिया है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्वाचन की गरिमा को बनाये रखने को लेकर निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति समुदाय अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना जिलावासी शत-प्रतिशत रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग आवश्यक रूप से करें। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता राजस्व, अपर समाहर्ता लोक शिकायत, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, अनुमंडल लोक शिकायत पदाधिकारी, वरीय उप समाहर्तागण, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, डीपीओ आईसीडीएस सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# महिला की संदिग्ध मौत, पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** थाना क्षेत्र के ढिबरी गांव में एक महिला की संदेहात्मक मौत हो जाने का मामला सोमवार को प्रकाश में आया है। वहीं, मौत हो जाने के बाद परिजनों ने मृतक धानो देवी की गोतनी एवं उसके देवर पर हत्या करने का आरोप लगाया है। हत्या की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंचकर जांच पड़ताल करने में जुट गई है। जानकारी के अनुसार उपेंद्र यादव की पत्नी धानो देवी का विवाद अपने ही परिजनों के साथ चल रहा था। अचानक महिला धानो देवी की मौत की जानकारी पुलिस प्रशासन को मिला जिसके बाद प्रशासन सकते में आई और मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल करने में जुट गई। मृतक के परिजनों का कहना है कि महिला की हत्या की गई है। मृत महिला का विवाद अपने देवर एवं गोतनी के साथ चल रहा था। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए मगध मेडिकल कॉलेज गया भेज दिया है। वहीं, मामले की पड़ताल के लिए पुलिस घटनास्थल पर कैंप कर रही है। एस आई सत्यम कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त होते ही पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर रही है। परिजनों के द्वारा जहां हत्या की बात बताई जा रही है। वहीं पुलिस अन्य बिंदुओं पर भी जांच पड़ताल कर रही है। बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना की जानकारी प्राप्त होगी।

# आईएमए के बिहार अध्यक्ष बने डा. एन राय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा दो दिवसीय आयोजित 79वां बिहार राज्य सम्मेलन सम्पन्न हुआ है। कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष डा आरवी अशोकन, पूर्व अध्यक्ष एवं आईएमए बिहार के मुख्य संरक्षक डा सहजानंद प्रसाद सिंह, राष्ट्रीय सचिव डा एस बाली, डा सुरेश गुप्ता, डा वेद प्रकाश मिश्रा, डा नीलम मिश्रा, बिहार के अध्यक्ष डा श्याम नारायण प्रसाद, डा तैजस्वी नंदन, डा यूएस अरुण, दीप जलाकर किया। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान डा एएन राय को आईएमए बिहार के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण कराया गया है। इस अवसर पर कार्डिया पल्मोनरी रिससिटेशन में बचने के बारे में बताया गया है। अंगों में परिसंचरण रक्त प्रवाह और आक्सीजीशन को बनाए रखने के लिए छाती के संपीडन और वेंटीलेशन के उपयोग को जोड़ता है। यह बातें जगदलपुर से आये डासुरी ने कहीं।

# मकसूदपुर पीएनबी की शाखा में केवाईसी नहीं होने से आमलोग परेशान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खिजरसराय।** खिजरसराय प्रखंड इलाके के पंजाब नेशनल बैंक की मकसूदपुर शाखा में ग्राहकों को बैंकिंग लेन देन एवं अन्य समस्या होने के कारण लोग काफी परेशान हैं। लोगों को अपना मोबाइल नंबर जुड़वाने के लिए कई दिनों तक बैंक का चक्कर लगाना पड़ रहा है। शहवाजपुर गांव निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि वे अपने खाते से मोबाइल को लिंक कराने गए थे। कई घंटों तक कर्मियों ने पहले टरकाया और फिर खाता केवाईसी कराने की सलाह दी। केवाईसी का फॉर्म जमा करने के एक हफ्ते बीत जाने के बाद भी अभी तक बैंक में कार्य नहीं हुआ। ऐसी स्थिति दर्जनों लोगों के साथ हो रही है। सरकार के द्वारा लोगों को सहूलियत के लिए बैंक में जन धन खाता खोला गया था, लेकिन स्थिति यह है कि दिन भर मजदूरी करने के बदले लोगों को बैंक का चक्कर काटना पड़ रहा है। कई सरकारी विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि एमडीएम खाता को चालू कराने के लिए बैंक में आवेदन दिया गया है पर महीने बीत जाने के बाद भी कार्य नहीं हो पा रहा है। इतना ही नहीं दिए गए आवेदन को भी हटा दिया जाता है और दुबारा जाने पर फिर से आवेदन देने को कहा जाता है। बैंक के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण लोग काफी परेशान हैं। शाखा प्रबंधक संजीव कुमार ने बताया कि काफी दिनों से सर्वर काम नहीं कर रहा है इसलिए कार्य नहीं हो पा रहा है।

# प्लस टू विद्यालय की चहारदीवारी का विधायक ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** गया-गोह मुख्य मार्ग पर स्थित +2 विद्यालय अहियापुर के चहारदीवारी का उद्घाटन पूर्व मंत्री सह वर्तमान विधायक डॉ.अनिल कुमार के द्वारा सोमवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुरमावां पंचायत के मुखिया उमेश कुमार ने की। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री डॉ.अनिल कुमार ने कहा कि सरकार बदलने के बाद बिहार में विकास का रफ्तार में तेजी आयेगी। इसके पूर्व भी टिकारी विधानसभा में ढेर सारे विकास योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन मेरे द्वारा किया जा चुका है जिसमें परसावां मोड़ से दिग्घी सड़क का निर्माण, कोंच नहर से गुरारू जोड़ने वाली मार्ग का निर्माण, सिंदुआरी नहर से गौहरपुर तक सड़क निर्माण समेत कई योजनाओं का उद्घाटन किया जा चुका है। वहीं, कोंच में आधा दर्जन विद्यालयों में चहारदीवारी का निर्माण किया जा चुका है जिसमें उच्च विद्यालय अहियापुर का उद्घाटन किया गया। गांधी इंटर कालेज के खेल मैदान में स्टेडियम का निर्माण अंतिम चरण में है। उसका भी बहुत जल्द ही उद्घाटन किया जायेगा। इस प्रकार कोंच व टिकारी विधानसभा के विभिन्न गांवों में विकास का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। उक्त चहारदीवारी का बड़ा गेट निर्माण के लिए मनरेगा पदाधिकारी निरंजन कुमार को स्टिमिट बनाकर तैयार करने का निर्देश दिया गया जिसमें शिक्षा विभाग से भी अप्रूवल लेने की बात कही गई है। प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी निरंजन कुमार ने कहा कि उक्त चहारदीवारी का कार्य 20.68 लाख की लागत से किया गया है। उक्त कार्यक्रम में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी विपुल भारद्वाज, मनरेगा पदाधिकारी निरंजन कुमार, मुखिया राम निवास वर्मा, मुखिया शिव कुमार चौहान, मुखिया प्रतिनिधि विजय विश्वकर्मा समेत अन्य लोग शामिल थे।

# गायत्री महायज्ञ एवं शिव मन्दिर का वार्षिकोत्सव को लेकर निकाली कलश यात्रा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** अचूकी गांव से 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं शिव मन्दिर का वार्षिक उत्सव को लेकर कलश यात्रा सोमवार को निकाली गई। नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के लिए कलश यात्रा ग्राम अचूकी से अंगरा गांव होते हुए सिमरहुआ स्थित पोखरा तक निकाली गई। इसके बाद कलश स्थापना कर यज्ञ शुरु किया गया। यज्ञ का समापन 8 मार्च को विशाल भण्डारे के साथ होगा। अखिल विश्व गायत्री परिवार, प्रज्ञा मंडल अचूकी के सौजन्य से आयोजित कलश यात्रा में सैकड़ों माताओं एवं बहनों ने भाग लिया। इस बीच लोगों ने सर पर कलश लिए हुए गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा में भाग लिया।

# गया जिला अध्यक्ष अर्पणा शर्मा ने महिला विकास मंच के बारे में दी जानकारी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** महिला और पुरुष के अत्याचार और शोषण, उत्पीड़न के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाली महिला विकास मंच गया और प्रदेश में महिलाओं को जोड़ने और संगठन की मजबूती के लिए गया के पूर्व प्रमुख सुचित्रा रंजनी से आज उनके आफिस में गया जिला अध्यक्ष अर्पणा शर्मा ने जाकर महिला विकास मंच के बारे में विस्तार से जानकारी दी। गया के लोगों की मांग है कि पूर्व प्रमुख को प्रदेश में पदाधिकारी बनायी जानी चाहिए। इस मौके पर गया जिला संयोजक और लोग उपिस्थति थे।

# शेरघाटी अस्पताल के उपाधीक्षक को नहीं मिली वित्तीय शक्तियां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** शेरघाटी के अनुमंडलीय अस्पताल में करीब चार हफ्ते बाद भी उपाधीक्षक का प्रभार लेने वाले चिकित्सा पदाधिकारी को व्ययन एवं निकासी पदाधिकारी के रूप में वित्तीय शक्तियां उपलब्ध नहीं करायी गई हैं। इसकी वजह से चिकित्सकों और स्वास्थकर्मियों के फरवरी माह के वेतन की निकासी में गतिरोध बनने के साथ दूसरे वित्तीय कामकाज में भी रोड़ा अटक गया है। गत 31 जनवरी को अनुमंडलीय अस्पताल के निवर्तमान उपाधीक्षक डा.राजेंद्र प्रसाद सिंह के सेवानिवृत होने के बाद चिकित्सक डा.भास्कर को उपाधीक्षक का प्रभार सौंपा गया था। हफ्ते भर बाद ही वरीयता के आधार पर विवाद उत्पन्न हो जाने पर डा. जितेंद्र कुमार को उपाधीक्षक का प्रभार दिया गया। स्वास्थ विभाग के राज्य मुख्यालय को भी उपाधीक्षक के प्रभार की सूचना भेजी गई।

# भूजल संसाधन प्रबंधन में भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी पर कार्यशाला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) का भूविज्ञान विभाग आगामी 12 से 18 मार्च के बीच ''भूजल संसाधन प्रबंधन में भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी'' विषय पर एक साप्ताहिक हाई-एंड कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। कार्यशाला के संयोजक तथा भूविज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. प्रफुल्ल सिंह ने कहा कि कार्यशाला में सीयूएसबी के साथ - साथ देश भर से विभिन्न संस्थानों के भूवैज्ञानिक, शिक्षक, शोधार्थी एवं छात्र शामिल होंगे। कार्यशाला का उद्देश्य पीजी (स्नातकोत्तर) और पीएचडी छात्रों की अनुसंधान उत्पादकता में सुधार करना, अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) को बढ़ावा देना और भारत के विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, अनुसंधान संस्थानों और अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं में अनुसंधान और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना है। यह कार्यशाला भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी की मूल बातों और भूजल संसाधनों के मूल्यांकन और प्रबंधन में इसके अनुप्रयोगों को प्रदान करेगी जिसमें टिकाऊ जल संसाधनों के विकास और प्रबंधन के लिए रिमोट सेंसिंग और इमेज प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर पर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी शामिल है। कार्यशाला के संयोजक प्रो. सिंह ने कहा कि यह कार्यशाला में प्रतिभागियों को केंद्रीय विश्वविद्यालयों, आईआईटी, इसरो जैसे प्रमुख संस्थानों के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों, अनुसंधान संस्थानों और अन्य प्रमुख अनुसंधान प्रयोगशालाओं और उद्योगों के वैज्ञानिकों के द्वारा भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी और भूजल संसाधन प्रबंधन के अनुप्रयोग पर उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# मेघा कराटे एकेडमी का नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी ग्रामीण।** शहर के जगलाल महतो नगर स्थित संतोष कुमार महाविद्यालय के प्रांगण में रविवार को मेघा कराटे एकेडमी का उद्घाटन किया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शेरघाटी नगर परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन किशोर शामिल थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर किया गया।एकेडमी के प्रशिक्षक मेघा कुमारी ने मौजूद अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया व कराटे के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार दांगी ने किया।नगर परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि ने संबोधित करते हुए कहा कि कराटे सीखने या करने से मानसिक ऊर्जा के साथ-साथ शरीर का विकास होता है। उन्होंने कहा कि शेरघाटी में कई ऐसी प्रतिभा छिपी हुई है जिसे उजागर करने की जरूत है तभी हमारा समाज एवं शहर का विकास होगा। इस मौके पर आयोजक नागेंद्र कुमार ने आए हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मौके पर बैताल हाई स्कूल के प्राचार्य दिलीप कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता इमरान अली, श्रीरामपुर पंचायत के पूर्व सरपंच जितेंद्र कुमार दांगी, आदर्श पब्लिक स्कूल के प्राचार्य कौशलेंद्र कुमार, जेपी मेमोरियल स्कूल के डायरेक्टर नवीन मिश्रा, गगन सिंह, इबरार अली आदि शामिल थे।

# आमस थाना क्षेत्र के हमजापुर में खड़ी बुलेट में लगी आग, मची अफरा-तफरी

**शेरघाटी ग्रामीण।** आमस थाना क्षेत्र के हमजापुर में खड़ी एक बुलेट मोटरसाइकिल में अचानक आग लग गई जिससे आसपास के लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग कैसे लगी जिसका पता नहीं चल सका। स्थानीय लोगों ने बताया कि एक युवक अपने बुलेट मोटरसाइकिल से हमजापुर के दुकान में समान खरीदने के लिए गया जैसे ही युवक दुकान में समान खरीदने लगा वैसे ही बुलेट मोटरसाइकिल में आग लग गयी। हालांकि आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन देखते ही देखते बुलेट मोटरसाइकिल जल गया।

# अकौना गांव से वारंटी गिरफ्तार

**शेरघाटी ग्रामीण।** आमस थाने की पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के अकौना गांव से एक वारंटी को गिरफ्तार किया। आमस थाना अध्यक्ष इंद्रजीत कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के अकौना गांव से वारंटी मिथुन मांझी को कोर्ट के आदेश पर गिरफ्तार की गई है। उक्त गिरफ्तार व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई करते हुए सोमवार को शेरघाटी व्यवहार न्यायालय में पेश करते हुए जेल भेज दिया गया।

# शौच के लिए गये व्यक्ति की डूबने से हुई मौत

**गया।** डोभी थाना क्षेत्र के बारी गांव के समीप से गुजरे नीलांजना नदी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक थाना क्षेत्र के बारी गांव के 50 वर्षीय रमेश चौधरी है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रविवार को रमेश शौच करने के लिए नीलांजना नदी की ओर गए थे। इसी दौरान पैर फिसलने से औंधे मुंह पानी में गिर कर डूब गए। घटना के बाद मृतक के स्वजनों का रो-रोकर हाल बेहाल था। डोभी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस टीम शव को कब्जे में लिया।


## कार्यालय मेदिनी नगर नगर निगम

ज्ञापांक ................ दिनांक ......................

**इच्छा से अभिव्यक्ति (EOI) सूचना संख्या 22/2023–24**

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत अम्बेडकर पार्क (बड़ा तालाब) में जलकुम्भी/झाड़ी/घास की सफाई की जानी है। इच्छुक संगठनकर्ता/संवेदक/एन0जी0ओ0 को मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में कोटेशन दिनांक 11.03.2024 को 01.00 बजे अपराह्न तक जमा करना होगा। कोटेशन के साथ कोटेशनदाता को PAN CARD, AADHAAR CARD & GST Registration की प्रति साथ संलग्न करना होगा। कोटेशन दिनांक 11.03.2024 को अपराह्न 2:00 बजे नगर निगम कार्यालय में निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है।

नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 321390 District(23-24)#D

## कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**शुद्धि पत्र**

**NIT ई–संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 11/2023-24**

इस कार्यालय के आम सूचना ज्ञापांक 368/जि0अ0, दिनांक 26.02.2024 द्वारा निर्गत अतिअल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना ई–संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 11/2023-24 (PR No-320540) में तकनीकी कारणो से पूर्व से Uploaded Online Tender के स्थान पर पुनः निविदा Upload कर संशोधित तिथि के अनुसार निम्न प्रकार निविदा आमंत्रित किया जाता है–

| पूर्व से निर्धारित निविदा की तिथि | | संशोधित तिथि |
|---|---|---|
| Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि | दिनांक 29.02.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) | दिनांक 05.03.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) |
| ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि | दिनांक 29.02.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 07.03.2024 (अपराह्न 5:00 बजे तक) | दिनांक 05.03.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 11.03.2024 (अपराह्न 2:00 बजे तक) |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 09.03.2024 (पूर्वाह्न 11:00 बजे) | दिनांक 12.03.2024 (अपराह्न 3:00 बजे) |

नोट :– 1. उपर्युक्त NIT के निविदा की अन्य सभी शर्तें यथावत रहेंगी।
2. उक्त हेतु पूर्व में इस कार्यालय के ज्ञापांक 435/जि0अ0, दिनांक 29.02.2024 एवं ज्ञापांक 446/जि0अ0, दिनांक 29.02.2024 द्वारा निर्गत शुद्धि पत्र को विलोपित किया जाता है।

ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू।

PR 321408 (District) 23-24 (D)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

**आम सूचना**
**(प्रेस विज्ञप्ति)**
**ग्रीष्मकालीन बंद नलकूपों के मरम्मति हेतु आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा गढ़वा जिला के सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आसन्न गर्मी को देखते हुए जिला अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में अवस्थित बन्द नलकूपों के साधारण मरम्मति कार्य हेतु शिकायतों को दर्ज करने के लिए प्रमण्डलीय (जिला स्तरीय) तथा अवर प्रमण्डलीय स्तर पर नियंत्रण कक्ष (**Control Room**) की स्थापना की गई है। नियंत्रण कक्ष में कार्यरत प्रभारी पदाधिकारियों के दूरभाश नं0 पर अपनी पेयजल समस्याओं/शिकायतों को अंकित कराया जा सकता है। ताकि त्वरित कार्रवाई करते हुए शिकायतानुसार बन्द नलकूपों की मरम्मति कर चालू कराया जा सके। संधारित नियंत्रण कक्ष का ब्योरा निम्नांकित रूप से प्रशारित किया जा रहा है :–

(1) राज्य स्तर पर स्म्पादित नियंत्रण कक्ष का टोल फ्री नं0 18003456502

(2) प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष हेतु कर्मी का नाम एवं दूरभाष संख्या :–

| क0सं0 | कार्यरत कर्मी का नाम/पदनाम | अपेक्षित प्रखण्ड | मोबाईल नम्बर | शिकायत का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री मंगल राम, उच्चवर्गीय लिपिक | जिला के सभी प्रखण्ड | 6206117078 | कार्यालय अवधि में |
| 2 | श्री उपेन्द्र प्रसाद पंडित, निम्नवर्गीय लिपिक | " | 9931557072 | " |
| 3 | श्री राकेश उरांव, निम्नवर्गीय लिपिक | " | 7004146612 | " |
| 4 | श्री रंजन कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर | " | 6204854087 | " |
| 5 | श्री श्याम राम, कम्प्यूटर ऑपरेटर | " | 7209368126 | " |

(3) अवर प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष के कर्मी एवं दूरभाष संख्या :–

| क0सं0 | कार्यरत कर्मी का नाम/पदनाम | अपेक्षित प्रखण्ड | मोबाईल नम्बर | शिकायत का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री उज्जवल कुमार, निम्नवर्गीय लिपिक (अवर प्र0 01 एवं 02 हेतु) | गढ़वा, डंडा, रंका, रमकण्डा, चिनियां, मेराल, डंडई, मझिऑव, बरडीहा, कांडी, भण्डरिया एवं बड़गड़ | 9693358878 | कार्यालय अवधि में |
| 2 | श्री रमेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, कार्यालय चपरासी (अवर प्रमंडल, नगर उंटारी हेतु) | नगर उँटारी, रमना, विशुनपुरा, भवनाथपुर, केतार, खरौन्धी, धुरकी एवं सगमा | 9939568084 | " |

(5) अवर प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष अभियंता का नाम एवं दूरभाष संख्या :–

| क्र0सं0 | प्रभारी का नाम/पदनाम | मोबाईल नं0 | प्रशाखा का नाम | प्रखण्ड का नाम | पदस्थापित कनीय अभियंता का नाम | मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | – | – | गढ़वा (ग्रा0) | गढ़वा एवं डंडा | धर्मेन्द्र प्रसाद मेहता | 9110019117 |
| | | | रंका | रंका, रमकण्डा एवं चिनियां | श्री महाबीर प्रसाद | 6200951319/9472711979 |
| 2. | मो0 शहनवाज आलम सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल संख्या 02, गढ़वा | 8757494972 | मेराल | मेराल एवं डंडई | – | – |
| | | | गढ़वा (शहरी) | गढ़वा शहरी क्षेत्र, जलापूर्ति योजना | श्री सिकन्दर प्रसाद | 7050965555 |
| | | | मझिऑव | मझिऑव, बरडीहा एवं काण्डी | | |
| | | | भण्डरिया | भण्डरिया एवं बड़गड़ | श्री महाबीर प्रसाद | 6200951319/9472711979 |
| 3. | श्री राजेश कुमार, सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर नगर उँटारी। | 9661394979 | नगर उँटारी | नगर उँटारी, रमना एवं विशुनपुरा | श्री भरत प्रसाद | 9973467400 |
| | | | भवनाथपुर | भवनाथपुर, केतार एवं खरौन्धी | श्री देवेन्द्र किस्कू | 9905326654 |
| | | | धुरकी | धुरकी एवं सगमा | श्री भरत प्रसाद | 9973467400 |

उपर्युक्त स्थापित नियंत्रण कक्ष (**Control Room**) के अलावे आम नागरिक अपनी पेयजल/नलकूप मरम्मति संबंधी समस्याओं को अंकित करने हेतु प्रखंड स्तर पर भी संधारित शिकायत पंजी का उपयोग कर सकते हैं, जिसके संदर्भ में निम्नांकित निर्देश सभी कनीय अभियंता/सभी सहायक अभियंता को अनुदेशित है:–

1 सभी कनीय अभियंता को निर्देश है कि अपने–अपने प्रखंडों में एक–एक शिकायत पंजी को संधारित कर प्रखंड कार्यालय में रखना सुनिश्चित करेंगे।
2 सहायक अभियंता नलकूप मरम्मति गैंगों का गठन कर प्रमंडलीय कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
3 सभी कनीय अभियंता/नलकूप मरम्मति गैंगों का यह दायित्व होगा कि प्रखंड कार्यालय मे संधारित शिकायत पंजी में दर्ज शिकायतों को प्राप्त कर पेयजल संबंधी शिकायतों को दूर करना सुनिश्चित करेंगे।
4 संसदीय आसन्न चुनाव के मतदान केन्द्रों पर अवस्थित नलकूपों के शिकायत को प्राथमिकता के साथ निश्पादन करेंगे।
5 नियंत्रण कक्ष के प्रभारी/नोडल पदाधिकारी उनके मोबाईल नम्बरों पर प्रतिदिन नलकूप मरम्मति हेतु प्राप्त शिकायतों को नलकूप मरम्मति गैंग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

"जल जीवन के अमृत है,
इसके एक–एक बूँद का सदुपयोग करें,
अनावश्यक वर्बाद न करें"

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा

PR 321437 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D

संपादकीय

# ये बेरहम बेदखली

देश की राजधानी दिल्ली में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) जिस असंवेदनशील तरीके से अतिक्रमण हटा रहा है, उसको लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। डीडीए अमले ने जिन लोगों के घर अतिक्रमण के नाम पर तोड़े उनमें एक शख्स वो भी है, जिसने पिछले साल नवंबर में उत्तरकाशी में एक निर्माणाधीन टनल में फंसे 41 मजदूरों की जान बचाई थी। वकील हसन नाम के इस मजदूर को उसके अन्य सहयोगियों के साथ तब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश का हीरो बताया था। उसी हीरो का घर अब डीडीए ध्वस्त कर उसे सड़क पर ला दिया है। वकील हसन रेट माइनर हैं। उनका कहना है कि खजूरी खास इलाके में स्थित उनके घर को डीडीए ने घर बगैर किसी नोटिस के जमींदोज कर दिया। बदले में जो जगह देने की बात कही जा रही है, वहां कुत्ते भी रहना पसंद न करें। वकील के रेस्क्यू हीरो होने की बात सामने आने के बाद डीडीए प्रशासन बैक फुट पर है। डीडीए का यह भी कहना है कि जिस जमीन पर वकील का घर बना था, वह जमीन सरकारी है और डीडीए के लैंड डेवलपमेंट प्लान का हिस्सा है। वकील इस बात से इंकार करते हैं। उनका कहना है कि वो इस जमीन पर 14 सालों से रह रहे हैं। वक़ील हसन के मुताबिक़ अमले ने उनका घर तो तोड़ा ही उल्टे सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप लगाकर पुलिस उन्हें थाने में भी ले गई। वकील का परिवार अब फुटपाथ पर है। इससे भी ज्यादा दुख उन्हें इस बात का है कि उत्तरकाशी के रेस्क्यू ऑपरेशन का हीरो होने के बाद प्रशासन ने उनके साथ ये सलूक किया। नाराज वकील अब अनशन पर बैठ गए हैं। इस बीच दिल्ली के भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि वकील को बदले में प्रधानमंत्री आवास दिलाया जाएगा। हालांकि अभी तक वकील को कुछ भी हासिल नहीं हुआ है। वकील ही क्यों, हाल में भोपाल के भदभदा इलाके में एनजीटी के आदेश पर जिला प्रशासन ने जिस तरह 100 घरों को ध्वस्त किया, उस पर भी प्रश्न चिन्ह है। एनजीटी के आदेश के मुताबिक ये इलाका भदभदा के कैचमेंट इलाके का हिस्सा है और रहने के लिए सुरक्षित नहीं है। लेकिन जब लोग इस जमीन पर बसे थे, तब न प्रशासन ने उन्हें रोका और न ही उन्हें कोई नोटिस दिया गया। अब ताबड़तोड़ उनके घरों पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया है। बदले में जो मुआवजा दिया गया, उसमें भी भारी गड़बड़ी की खबरें हैं। यानी पुनर्वास भी लापरवाह तरीके से किया जा रहा है। जो चेक दिए गए, वो बैंकों ने लौटा दिए हैं। जिनके सिर पर से छत चली गई है, वो अब बेघर हो चुके हैं। यहां कहने का कतई मतलब नहीं है कि सरकार अतिक्रमण न हटाए, लेकिन ऐसा करते समय कम से कम मानवीयता तो बरते। कोई भी अतिक्रमण हटाते वक्त या ऐसा करने के पहले उस बस्ती के लोगों के सही पुनर्वास की योजना तैयार होनी चाहिए। आनन फानन में अगर अतिक्रमण हटाए जाएंगे तो गरीब ही क्या, अमीर आदमी भी मुश्किल में पड़ जाएगा। अतिक्रमण के नाम पर अमूमन जिन लोगो के घर तोड़े जाते हैं, वो गरीब ही होते हैं। उनका कोई माई बाप नहीं होता। नेता भी सिर्फ चुनाव के समय उनके यहां झांकते हैं। ऐसे में ये गरीब कहां जाएं? वैसे भी ये लोग रोजगार के लिए शहरों में आते हैं और पैसा न होने से गंदी बस्तियों में रहते हैं। लेकिन उन्हें इस बेरहमी से बेघर करना किसी भी कोण से सही नहीं है।

# 'एमएसपी' को कानूनी दर्जा देने से मजबूत होगी कृषि

**नया कानून इसको सुनिश्चित कर सकता है। हर वर्ष 'एमएसपी' की घोषणा के साथ-साथ विकेंद्रीकृत उपार्जन व्यवस्था की घोषणा अनिवार्य होनी चाहिए। हर राज्य के लिए कुछ ऐसी फसलों को (गेहूँ और चावल को छोड़कर) चुना जाए जिनका निजी व्यापार या मंडी भाव ऊपर उठाया जा सकता है। यह सार्वजनिक हित में होगा और किसान के लिए प्रोत्साहन बनेगा तथा मिश्रित खेती को भी बढ़ावा मिलेगा। हर राज्य की सूची अलग होगी, पर सभी को मिलाकर देखें तो 23 'एमएसपी' फसलों में अधिकांश को कवर कर पाएँगे।**

**अरविंद सरदाना**

इन दिनों एक बार फिर दिल्ली की सीमाओं पर किसानों का जमावड़ा लगा है और वे अन्य अनेक मांगों के साथ-साथ 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' यानि 'एमएसपी' को कानूनी दर्जा देने की मांग कर रहे हैं। क्या हैं, 'एमएसपी' के निहितार्थ? बता रहे हैं, अरविंद सरदाना।- संपादक



कृषि के मामले में स्पष्ट है कि सरकार 23 फसलों पर 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' (एमएसपी) घोषित करती है, जबकि 'भारतीय खाद्य निगम' (एफसीआई) के माध्यम से कुछ ही इलाकों में मुख्यतः गेहूं और धान भर खरीदती है। यानी 'एमएसपी' पर उपज खरीदने की सरकारी घोषणा महज कागजी होती है। सरकार की दलील रही है कि यदि वह सभी फसलें खरीदे तो उसका वित्तीय बोझ असहनीय हो जाएगा। ऐसे में इस दलील को परखना जरूरी है। मूल बात यह है कि सरकारी खरीदी एवं निजी बाज़ार-व्यापार साथ-साथ चलते हैं। ये व्यवस्थाएँ कॉम्पिटिशन के साथ एक दूसरे की पूरक बन जाती हैं। इन 23 'एमएसपी' फसलों को तीन वर्गों में बाँटा जा सकता है।

अव्वल तो कुछ फसलें ऐसी हैं, जिनका निजी बाज़ार मज़बूत है, खासकर जिनकी कारखानों के लिए खरीदी होती है। इन फसलों के लिए 'एमएसपी' एक न्यूनतम भाव, यानी मंडी में 'फ्लोर प्राइस' बन सकती है। इसे हम एक उदाहरण से समझ सकते हैं - वर्ष 2023 में फसल आने पर सोयाबीन का भाव 4500 रुपए से 5000 रुपए क्विंटल था। व्यापारी मिलों के लिए सोयाबीन मण्डियों से खरीद रहे थे। 'एमएसपी' का भाव 4600 रुपए क्विंटल था। एक वर्ष पहले यह भाव 6000 रुपए क्विंटल के ऊपर था। यदि विशेष परिस्थितियों में मण्डियों में बोली लगातार 'एमएसपी' के नीचे लग रही हो तो सरकार को दखल देना चाहिए। यह दो तरीकों से हो सकता है।

मण्डियों के कर्मचारी यह व्यवस्था सुनिश्चित करें कि किसान के माल की बोली एक निर्धारित गुणवत्ता के अनुसार 'एमएसपी' से कम दाम पर न हो। जहाँ मिल द्वारा उपज खरीदी जाती है, वह भी 'एमएसपी' से कम पर न हो। यदि भाव को नियंत्रित करना ज़रूरी हो तो अंशकालिक सरकारी खरीदी खोल देनी चाहिए। कॉम्पिटिशन से निजी बाज़ार पर प्रभाव पड़ेगा और दाम ऊपर आएँगे। कई व्यापारिक फसलें जिनका आमतौर पर बाज़ार भाव 'एमएसपी' के ऊपर रहता है, उनके लिए सरकार को उपार्जन की ज़रूरत नहीं है। कभी-कभी सरकारी खरीदी करना पड़ सकती है।

दूसरी सूची उन फसलों की होगी जिनका कटाई के बाद का भाव 'एमएसपी' से 10 से 30 प्रतिशत नीचे रह सकता है। उदाहरण के लिए जब मक्का का भाव कटाई के समय 1750 रुपए क्विंटल था तब 'एमएसपी' का भाव 2090 रुपए क्विंटल था। इस दौरान किसी को भी 'एमएसपी' नहीं मिल रही थी। इस फसल पर निजी बाज़ार 'एमएसपी' के नीचे ही चलता रहा। ऐसी स्थिति में सरकार के लिए केवल 'एमएसपी' के नियम को लागू करने से काम नहीं चलेगा। भाव को ऊपर खींचना होगा। इसके लिए सरकार को विकेंद्रीकृत तरीके से हर जिले में छोटे-छोटे उपार्जन-केंद्र खोलने होंगे और 10 से 40 प्रतिशत फसल खरीदने की व्यवस्था बनानी होगी।

उदाहरण के लिए गेहूँ को देखें। एक जिले में 50 से अधिक उपार्जन केंद्र हैं। किसान पंजीयन करते हैं और उन्हें पास का केंद्र मिल जाता है। उपार्जन के बाद पैसे उनके बैंक खाते में डाल दिए जाते हैं। इस विकेंद्रीकृत व्यवस्था के कारण 30 से 50 प्रतिशत किसान इसका लाभ ले पाए। बड़ी बात यह रही कि निजी व्यापार पर कॉम्पिटिशन का असर पड़ा और मंडी के भाव 'एमएसपी' के पास या अधिक रहे। उपार्जन ने निजी व्यापार भाव को भी ऊपर उठाया। 40 से 60 प्रतिशत व्यापार निजी बाज़ार से हुआ और किसानों को उचित भाव मिले।

नया कानून इसको सुनिश्चित कर सकता है। हर वर्ष 'एमएसपी' की घोषणा के साथ-साथ विकेंद्रीकृत उपार्जन व्यवस्था की घोषणा अनिवार्य होनी चाहिए। हर राज्य के लिए कुछ ऐसी फसलों को (गेहूँ और चावल को छोड़कर) चुना जाए जिनका निजी व्यापार या मंडी भाव ऊपर उठाया जा सकता है। यह सार्वजनिक हित में होगा और किसान के लिए प्रोत्साहन बनेगा तथा मिश्रित खेती को भी बढ़ावा मिलेगा। हर राज्य की सूची अलग होगी, पर सभी को मिलाकर देखें तो 23 'एमएसपी' फसलों में अधिकांश को कवर कर पाएँगे।

इसे अनिवार्य करने के लिए 'एमएसपी' की घोषणा से उपार्जन को जोड़ना होगा और केंद्र द्वारा संचालित 'एफसीआई' को जिम्मेदारी एवं वित्तीय खर्च उठाना होगा। हर राज्य के लिए गेहूँ और धान के साथ चुनिन्दा क्षेत्रीय फसलों पर यह नियम लागू होगा। केन्द्र और राज्य इसे तय करेंगे। कई मायनों में 'एफसीआई' का काम बढ़ेगा। उन्हें उन राज्यों में इंफ्रास्ट्रक्चर या सार्वजनिक व्यवस्था में निवेश करना होगा, जहाँ आज उपार्जन की व्यवस्था नहीं है। 'एफसीआई' को गेहूँ और चावल इन नए इलाकों से भी खरीदने होंगे और उसे अन्य फसलों के लिए भंडारण और वितरण की व्यवस्था बनानी होगी। गेहूँ और चावल को छोड़कर 'एफसीआई' को 30 प्रतिशत दूसरी फसलों का भण्डारण करना चाहिए, अन्यथा बिना उपार्जन वाली 'एमएसपी' व्यवस्था एक खोखली घोषणा भर बनी रहेगी।

जैसा पहले कहा गया है, केवल उपार्जन से बात नहीं बनेगी। मंडी में निजी बाजार भाव को ऊपर उठाना होगा। 60-70 प्रतिशत व्यापार निजी बाजार से होना है। इसके लिए राज्य सरकार को सार्वजनिक मंडी को मज़बूत बनाना होगा और उसमें निवेश करना होगा। पारंपरिक मंडी को बेहतर बनाना और वहाँ खुली नीलामी एवं निगरानी की व्यवस्था कायम करनी होगी। इन सब पर अध्ययन हैं, लेकिन उनकी अनुशंसाओं पर काम नहीं हुआ है।

तीसरी सूची उन फसलों की है, जिनका बाज़ार भाव 'एमएसपी' से बहुत दूर है। कई दशकों की मार से इन फसलों की माँग घट गई है। किसानों ने इन्हें लगभग छोड़ दिया है। इनमें 'मोटा अनाज' शामिल है, जो सबसे पौष्टिक है, पर इनका चलन बहुत कम है। उदाहरण के लिए ज्वार एक समय मुख्य अनाज होता था। दो वर्ष पहले उसका मण्डी भाव 1300 रुपए क्विंटल से 1450 रुपए क्विंटल था, जबकि 'एमएसपी' 2738 रुपए क्विंटल था। ऐसी परिस्थिति में केवल सरकारी खरीदी से बात नहीं बनेगी। यहाँ लक्ष्य होगा कि जनमानस में फिर से इसका चलन बने। ज्वार, बाजरा, जौ, रागी आदि इसी समूह में आते हैं। इनकी खपत बढ़ाना ज़रूरी लक्ष्य होना चाहिए, तभी किसान इनकी खेती के लिए प्रोत्साहित होंगे। यहाँ सरकारी खरीदी के साथ-साथ उत्पादन के लिए विशेष मदद करनी होगी। इन समूहों को देखते हुए यह बात साफ हो जाती है कि हर राज्य को अपनी परिस्थितियों के अनुसार लक्ष्य बनाना होगा। 'एमएसपी' का मॉडल केंद्रीय कानून हो सकता है, जिसे राज्यों को अपनाते हुए नियम एवं योजनाओं को बनाना होगा। यहाँ किसान संगठनों की अहम भूमिका होनी चाहिए, क्योंकि मिश्रित खेती पर लौटने के लिए, किसानों से चर्चा करके योजना बनाई जानी चाहिए। केंद्रीय कानून में राज्यों को वित्तीय सहायता देने के प्रावधान होना चाहिए, ताकि वे व्यवस्था बना पाएँ। अन्यथा हम कभी गेहूँ-धान के चक्र से नहीं निकल सकते।

अक्सर 'एमएसपी' के संदर्भ में कहा जाता है कि वित्तीय बोझ होगा। यदि हम मानकर चलें कि फसलों के लिए हमें सरकारी उपार्जन और निजी बाज़ार दोनों की ज़रूरत है, तो उपार्जन का खर्चा अपने आप कम हो जाता है। दूसरा, इसे सब्सिडी की नज़र से न देखकर निवेश के रूप में देखें। क्या इस निवेश से विकास की पूर्ति हो रही है? किसानों को उचित भाव मिलना और खेती में सुरक्षा एवं गरिमा महसूस करना महत्वपूर्ण लक्ष्य है। खेती को मिश्रित फसल चक्र पर ले जाना कृषि विकास के लिए ज़रूरी कदम होगा। मंडी व्यवस्था को बेहतर और न्याय संगत बनाना कृषि बाज़ार के लिए उचित होगा। खाद्य नीति को केवल गेहूँ-धान तक सीमित नहीं रखकर उसमें मोटे अनाज, तेल और दालों को शामिल करना ज़रूरी है। 'एमएसपी' को क़ानूनी स्वरुप देना मज़बूरी नहीं, कृषि विकास के लिए एक मौका है। (सप्रेस)

अध्यात्म

## आपके विचार ही आपको अच्छा या बुरा बनाते हैं

एक बार गौतम बुद्ध से उनके एक शिष्य ने पूछा, गुरुजी कृपया हमें बताएं कि कर्म क्या है? गौतम बुद्ध ने अपने शिष्य से कहा, कि कर्म को समझने के लिए मैं तुम्हें एक कहानी सुनाता हूँ। इस कहानी से तुम समझ जाओगे कि कर्म क्या है। बुलंदशहर का राजा, घोड़े पर बैठकर अपने राज्य का भ्रमण कर रहा था, चारों तरफ भ्रमण करने के बाद वह एक दूकान के सामने आकर रुक गया। रुकने के बाद राजा ने अपने मंत्री से कहा कि मंत्री जी मालुम नहीं क्यों लेकिन लगता है कि इस दुकानदार के लिए कल ही फांसी की सजा सुना दूँ, इसे मृत्युदंड दे दूँ। मंत्री राजा से इसका कारण पूछ पाते इससे पहले राजा आगे बढ़ गए। मंत्री ने इस बात का कारण पता करने के लिए अगली सुबह भेस बदली और आम जनता का रूप लेकर दुकानदार के पास जा पहुंचा। दुकानदार चंदन की लकड़ी बेचने का काम किया करता था। मंत्री ने दुकानदार से पुछा कि उसका काम कैसे चल रहा है! तब दुकानदार ने बताया कि उसका बहुत बुरा हाल है, लोग उसके दूकान पर आते हैं, चंदन को सूंघकर उसकी प्रशंसा करते हैं लेकिन खरीदता कोई नहीं! मैं सिर्फ इसी इंतजार में बैठा हूँ कि कब हमारे राज्य के राजा की मृत्यु हो और उनके अंत्येष्टि में मुझसे बहुत सारे चंदन की लकड़ी खरीदी जाएगी और शायद वहां से मेरे व्यापार में बढ़ोत्तरी होनी शुरू हो जाए। मंत्री को सारी बात समझ आ गयी, कि यही वह नकारात्मक विचार है जिसने राजा के मन को भी नकारात्मक किया। वह मंत्री बहुत बुद्धिमान था, उसनें सोचा कि मैं आपसे थोड़ी चंदन की लकड़ियाँ खरीदना चाहता हूँ। यह सुनकर दुकानदार भी खुश हुआ और उसनें सोचा कि चलो कुछ तो बिका। उसनें चंदन की लकड़ी को कागज़ से लपेटा और अच्छी तरह पैकिंग करके वह लकड़ी मंत्री को दी। मंत्री अगली सुबह चंदन की लकड़ी लेकर राजा के दरबार में पहुँचे और राजा से कहा, कि महाराज वह जो दुकानदार है उसनें आपके लिए तौफे के रूप में चंदन की लकड़ी भेजी है। यह सुनते ही राजा बहुत खुश हुए और मन ही मन सोचने लगे कि मैं बेकार में उस दुकानकार के बारे में गलत बातें सोचा करता था। उसनें चंदन की लकड़ी को हाथ में लिया, उसमें बहुत ही अच्छी सुगंध आ रही थी। राजा इससे बहुत ही खुश हुए और उसनें दुकानदार के लिए मंत्री के हाथों सोने के सिक्के भिजवाए। उसी आम जनता का रूप लेकर मंत्री अगले दिन सोने के सिक्के के साथ दुकानदार के पास पहुंचा। दुकानदार बहुत खुश हुआ और उसनें सोचा कि मैं राजा के लिए कितनी गलत बातें सोचा करता था, राजा तो बड़े ही दयालु हैं। ये कहानी जब ख़त्म हुई तब गौतम बुद्ध ने अपने शिष्यों से पुछा कि अब आप बताएं कि कर्म क्या है? शिष्यों ने उत्तर देते हुए कहा, कि शब्द ही हमारे कर्म हैं। हम जो काम कर रहे हैं वही हमारे कर्म हैं, जो हमारी भावनाएं हैं वही हमारे कर्म हैं। गौतम बुद्ध ने सभी शिष्यों के जवाब सुनने के बाद कहा- आपके विचार ही आपके कर्म हैं। अगर आपने अपने विचारों पर नियन्त्रण करना सीख लिया तब आप महान बन जाते हैं। जब आप अच्छा सोचते हैं तब आपके साथ अच्छा होता भी है। आपके विचार ही आपको अच्छा या बुरा बनाते हैं।

# मानवयुक्त गगनयान के लिए क्रायोजेनिक इंजन तैयार

**भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अभियान गगनयान की चरणबद्ध तैयारी में क्रायोजेनिक इंजन सीई-20 को उड़ान भरने के लिए स्वदेशी तकनीक से विकसित कर लिया है। चूंकि गगनयान भारत का पहला ऐसा अंतरिक्ष अभियान होगा, जो मीन मानवों को लेकर अंतरिक्ष की उड़ान भरेगा। इस दृष्टि से इंजन में सुधार में मानव सुरक्षा रेटिंग प्रक्रिया को सफल मान लिया गया है। इस इंजन को मानव मिशन के योग्य बनाने की दृष्टि से चार इंजनों को अलग-अलग स्थितियों में 39 हॉट फायरिंग टेस्ट से गुजरना पड़ा है। यह प्रक्रिया 8 हजार 810 सेकेंड तक चली। इस दौरान इन इंजनों को 6 हजार 350 सेकेंड तक जांच से गुजरना पड़ा। यह इंजन मानव रेटेड एलवीएम-3 प्रक्षेपण वाहन के ऊपरी चरण को शक्ति प्रदान करेगा। ये सब तैयारियां भेजे गए इंसान को सुरक्षित रूप में वापस की जा रही हैं। यही इंजन अंतरिक्ष की उड़ानों से लेकर उपग्रहों के प्रक्षेपण एवं मिसाइल छोड़ने में काम आता है।**

**प्रमोद भार्गव**

दरअसल हमारे वैज्ञानिकों ने अनेक विपरीत परिस्थितियों और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद इस क्षेत्र में अद्वितीय उपलब्धियां हासिल की है। अन्यथा एक समय ऐसा भी था, जब अमेरिका के दबाव में रूस ने क्रायोजेनिक इंजन देने से मना कर दिया था। असल में किसी भी प्रक्षेपण यान का यही इंजन वह अश्वशक्ति है, जो भारी वजन वाले उपग्रहों व अन्य उपकरणों को अंतरिक्ष में पहुंचाने का काम करती है। दरअसल भारत ने शुरुआत में रूस से इंजन खरीदने का अनुबंध किया था। लेकिन 1990 के दशक के आरंभ में अमेरिका ने मिसाइल तकनीक नियंत्रण व्यवस्था (एमटीसीआर) का हवाला देते हुए इसमें बाधा उत्पन्न कर दी थी। इसका असर यह हुआ कि रूस ने तकनीक तो नहीं दी लेकिन छह क्रायोजेनिक इंजन जरूर भारत को शुल्क लेकर भेज दिए। कालांतर में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की मदद से भारत को एमटीसीआर क्लब की सदस्यता भी मिल गई लेकिन इसके पहले ही इसरो के वैज्ञानिकों के कठोर परिश्रम और दृढ़ इच्छा शक्ति के चलते स्वदेशी तकनीक के बूते चरणबद्ध रूपों में इंजन को विकसित कर दिया।

मानव मिशन की इस उड़ान के पहले चरण का सफल प्रक्षेपण इसरो पहले ही कर चुका है। देश के महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम गगनयान से जुड़े पैलोड के साथ उड़ान भरने वाले परीक्षण यान के असफल होने की स्थिति में क्रू मॉड्यूल अर्थात् जिसमें अंतरिक्ष यात्री सवार होंगे को बाहरी अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करने के बाद वापस सुरक्षित लाने के लिए 'क्रू एस्केप सिस्टम' यानी चालक दल बचाव प्रणाली (सीईएस) का सफल परीक्षण कर इसरो विश्व कीर्तिमान स्थापित कर चुका है। इस बचाव प्रणाली की जरूरत इसलिए थी, क्योंकि यान के असफल होने पर कई वैज्ञानिक प्राण गंवा चुके हैं। इस परीक्षण के अंतर्गत क्रू मॉड्यूल रॉकेट से अलग हो गया और बंगाल की खाड़ी में गिर गया। नौसेना ने भी पुष्टि की थी कि सेना की पूर्वी कमान ने बंगाल की खाड़ी से निकाला और चैन्नई के बंदरगाह पर ले आया। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने मिशन नियंत्रण केंद्र से कहा, 'मुझे टीवी-डी1 मिशन की सफलता की घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है। क्रू मॉड्यूल वह स्थान है, जहां गगनयान मिशन के दौरान अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में दबावयुक्त पृथ्वी जैसे वातावरण में रखा जाएगा।

14 जनवरी 2024 को गोवा में संपन्न हुए मनोहर पर्रिकर विज्ञान महोत्सव में इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने बताया था कि इस मानव मिशन के लिए 'पर्यावरण नियंत्रण और जीवन समर्थन प्रणाली' (ईसीएलएसएस) अन्य देशों से नहीं मिलने के कारण इसरो इसे स्वयं विकसित करेगा। चूंकि इसरो रॉकेट और उपग्रह की रचना करने में सक्षम हैं। परंतु हमने सोचा था कि इस प्रणाली को किसी दूसरे देश से प्राप्त कर लेंगे। लेकिन दुर्भाग्यवश कोई सक्षम देश हमें यह प्रणाली देने का इच्छुक नहीं है। इसलिए स्वयं विकसित करेंगे। गगनयान की उड़ान को 2025 में भरी जाने की संभावना है। गगनयान परियोजना के तहत इसरो मानव चालक दल को 400 किमी ऊपर पृथ्वी की कक्षा में भेजेगा। बाद में सुरक्षित पृथ्वी पर वापस समुद्र में उनकी लैंडिंग कराई जाएगी। अतएव भारतीय मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसरो में वैज्ञानिकों के साथ बातचीत में उनके लिए लक्ष्य भी तय कर दिए हैं कि 2035 में भारत अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित हो तथा 2040 में चंद्रमा पर भारतीय नागरिक के कदम पड़ जाएं। इसी मौके पर प्रधानमंत्री ने वैज्ञानिकों से शुक्र आर्बिटर मिशन और मंगल लैंडर सहित विभिन्न अंतरग्रहीय मिशन की दिशा में काम करने का आग्रह किया हुआ है।

इस यान में लगभग तीन भारतीय अंतरिक्ष यात्री करीब सात दिन अंतरिक्ष की सैर करेंगे। 'रोबोट-मानव' भी साथ ले जाया जा सकता है। मिशन के लिए 10 हजार करोड़ रुपए मंजूर किए जा चुके हैं। हालांकि अब तक भारतीय या भारतीय मूल के तीन वैज्ञानिक अंतरिक्ष की यात्रा कर चुके हैं। राकेश शर्मा अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय हैं। शर्मा रूस के अंतरिक्ष यान सोयुज टी-11 से अंतरिक्ष गए थे। इनके अलावा भारतीय मूल की कल्पना चावला और सुनीता विलियम्स भी अमेरिकी कार्यक्रम के तहत अंतरिक्ष जा चुकी हैं। हालांकि पूर्व में भारत ने 2022 तक अंतरिक्ष में मानव भेजने की घोषणा की थी। लेकिन इस पर समय रहते क्रियान्वयन नहीं हो पाया। अंतरिक्ष में मानवरहित और मानवचालित दोनों तरह के यान भेजे जाएंगे। पहले चरण में योजना की सफलता को परखने के लिए अलग-अलग समय में दो मानव-विहीन यान अंतरिक्ष की उड़ान भरेंगे। इनकी कामयाबी के बाद मानव-युक्त यान अपनी मंजिल का सफर तय करेगा। यह सावधानी इसलिए बरती जा रही है, क्योंकि अमेरिकी मानव मिशन की असफलता के चलते भारतीय महिला वैज्ञानिक कल्पना चावला की मृत्यु हो गई थी। वे कोलंबिया अंतरिक्ष यान आपदा में मारे गए 7 यात्री दल सदस्यों में से एक थीं।

मानव युक्त गगनयान की कामयाबी के बाद भारत अमेरिका, रूस और चीन की श्रेणी में आ जाएगा। क्योंकि इन्हीं देशों ने अब तक अंतरिक्ष में अपने मानवयुक्त यान भेजने में सफलता पाई है। रूस ने 12 अप्रैल 1961 को रूसी अंतरिक्ष यात्री यूरी गागरिन को अंतरिक्ष में भेजा था। गागरिन दुनिया के पहले अंतरिक्ष यात्री थे। अमेरिका ने 5 मई 1961 को एलन शेपर्ड को अंतरिक्ष में भेजा था। ये अमेरिका से भेजे गए पहले अंतरिक्ष यात्री थे। चीन ने 15 अक्टूबर 2013 को यांग लिवेई को अंतरिक्ष में भेजने की कामयाबी हासिल की थी। भारत ने अब अंतरिक्ष में बड़ी छलांग लगाने की पहल कर दी है।

विज्ञान मामलों के जानकार पल्लव बागला का कहना है कि जो क्रू मॉड्यूल बना है, वह तीन लोगों को अंतरिक्ष में ले जाने की क्षमता रखता है। इसमें सवार यात्रियों को एक सप्ताह तक भोजन-पानी और हवा देकर जीवित रखा जा सकता है। ऐसी उम्मीद है कि वायु सेना के किसी एक पायलट को अंतरिक्ष यात्रा का अवसर दिया जा सकता है, क्योंकि उनमें अंतरिक्ष में पहुंचकर वापस आने की ज्यादा क्षमता होती है। इस अभियान को स्वदेशी प्रोद्यौगिकी से तैयार किया जा रहा है। औद्योगिक घरानों की मदद से इसरो फ्लाइट्स से जुड़े हार्डवेयर व अन्य उपकरण जुटाएगा। राष्ट्रीय अंतरिक्ष व विज्ञान एजेंसियां और विश्वविद्यालय भी इस अभियान में मदद करेंगे। इनके शिक्षाविद् और प्रयोगशालाओं की भी अंतरिक्ष यात्रियों को प्रशिक्षण देने में मदद ली जाएगी। इसी क्रम में क्रू मॉड्यूल को जिस पैराशूट से सुरक्षित लैंडिंग कराई गई है, वह डीआरडीओ की आगरा में स्थित प्रयोगशाला एडीआरडीई में बनाया गया है। बहरहाल अंतरिक्ष में भारतीय मानव मिशन के सफल होने के बाद ही चंद्रमा और मंगल पर मानव भेजने का रास्ता खुलेगा। इन पर बस्तियां बसाए जाने की संभावनाएं भी बढ़ जाएंगी। आने वाले वर्षों में अंतरिक्ष पर्यटन के भी बढ़ने की उम्मीद है। इसरो की यह सफलता अंतरिक्ष पर्यटन की पृष्ठभूमि का एक हिस्सा है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

परिवार में किसी मांगलिक कार्य की रूपरेखा बन सकती है। व्यवसाय में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से आपके सम्बन्ध मधुर होंगे।

**वृषभ**

आपकी दिनचर्या काफी सन्तुलित रहेगी। कानूनी अड़चनें दूर होने के योग बन रहे हैं। शासन का उत्तम सहयोग प्राप्त होगा। ऋण चुकाने के लिये समय उपयुक्त है।

**मिथुन**

प्रिय व्यक्तियों से झगड़ा हो सकता है। मन में किसी गलती को लेकर आत्म-ग्लानि का भाव उत्पन्न होगा। शेयर से जुड़े कार्यों में निवेश से हानि हो सकती है।

**कर्क**

वैवाहिक कार्यक्रमों में आप सम्मिलित हो सकते हैं। आय के नये स्रोत विकसित होंगे। उच्च शिक्षा में अड़चने आ सकती हैं। माता का विशेष स्नेह प्राप्त होगा।

**सिंह**

जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। ससुराल पक्ष से सम्बन्ध मधुर रहेंगे। व्यावसायिक समस्यायें दूर होंगी। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य करने पड़ेंगे।

**कन्या**

आपकी कोई कीमती वस्तु चोरी हो सकती है। मीडिया क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिये समय खराब है। आपको त्वरित प्रतिक्रिया देने से आपको बचना चाहिये।

**तुला**

अल्प मेहनत से अच्छा लाभ प्राप्त कर पायेंगे। आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। आर्थिक स्थिति में बड़े बदलाव हो सकते हैं। भोग-विलास में प्रवृत्त रहेंगे।

**वृश्चिक**

ऑफिस में आपकी मेहनत को महत्व नहीं मिलेगा। एकाग्रता में कमी हो सकती है। महत्वपूर्ण कार्य लम्बित हो सकते हैं। कारोबारी यात्रा करनी पड़ेगी।

**धनु**

नयी जॉब की खोज पूरी होगी। कारोबार में लाभ-वृद्धि के योग बन रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे जातकों के लिये समय शानदार है। नये प्रोजेक्ट्स को लेकर उत्साह होगा।

**मकर**

कार्यक्षेत्र में अभिनव प्रयोग कर सकते हैं। विवाह योग्य जातकों को मनोनुकूल विवाह सम्बन्ध मिल सकते हैं। कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। नयी तकनीक और स्किल सीखने के लिये दिन बहुत अच्छा है।

**कुंभ**

उच्च अधिकारियों के सम्बन्ध मधुर होंगे। स्थायी सम्पत्ति खरीद सकते हैं। परिवार के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। व्यापार में नये अनुबन्ध होने के योग बन रहे हैं।

**मीन**

कुसंगति भारी पड़ सकती है। जोखिम भरे निवेश से दूर रहें। बच्चों की जिद पर अँकुश लगाकर रखें। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति लापरवाह हो सकते हैं।

# चितौड़ा गांव मे 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ को लेकर भूमि पूजन संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर प्रखंड के रहियार उत्तर पंचायत के महावीर स्थान चितौड़ा गांव मे आगामी 11 मार्च से 14 मार्च तक आयोजित होने वाली 24 कुंडीय चार दिवसीय गायत्री महायज्ञ को लेकर भूमि पूजन एवं ध्वजारोहण का कार्य संपन्न हुआ।



इस अवसर पर मुजफ्फरपुर जोन समन्वयक शशि भूषण ठाकुर, सहायक जॉन समन्वयक मधुसूदन पांडे, धीरेंद्र नाथ पटेल, सारथी वकील भाई साहब, रोसड़ा गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी मीनाक्षी वर्मा समिति अध्यक्ष सह मुख्य यजमान कुशेश्वर सिंह सहित अन्य ने विधिवत ढंग से मंत्रोच्चारण के साथ ही संयुक्त रूप से ध्वजारोहण का कार्य संपन्न किया गया। इस अवसर पर जॉन समन्वयक शशि भूषण ठाकुर ने गुरुदेव युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के बारे में बताते हुए कहा 2024 से 2048 तक धरती पर स्वर्ग की स्थापना होगी इससे मानव में देवत्व का अवतरण आवश्यक है। कार्यक्रम को मधुसूदन पांडे, मुख्य ट्रस्टी मीनाक्षी वर्मा, डॉक्टर उमेश प्रसाद सिंह सहित अन्य ने भी संबोधित किया।

हर घर में गायत्री देव स्थापना, गंगा जली की स्थापना करना है। इस अवसर पर कर्मकांड गायक नंदलाल ठाकुर, दिलीप कुमार के द्वारा विधिवत ढंग से मंत्र उच्चारण के साथ ही भूमि पूजन एवं हवन यज्ञ का कार्य संपन्न कराया गया। इस अवसर पर 24 कुंवारी कन्याओं द्वारा गायत्री परिजनों ग्रामीण महिला एवं पुरुषों की काफी संख्या मे कार्यक्रम मे भाग लिए। इस अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार के द्वारा प्रकाशित वार्षिक कैलेंडर का वितरण कई दर्जनों लोगों के बीच किया गया। जिससे चितौड़ा गांव एवं आसपास के इलाके मे वातावरण भक्तिमय बना रहा। मौके पर ट्रस्टी सदस्य अनीता दीदी, यज्ञ समिति अध्यक्ष कुशेश्वर सिंह, सचिव धर्मेंद्र कुमार मंडल, कोषाध्यक्ष विनय कुमार एवं राम बालक सिह, सदस्य राम कुमार मंडल, सदस्य भोला मंडल, रामकृष्ण मंडल अजय कुमार मंडल, पितांबर मंडल, डा रमेश प्रसाद सिंह, अमरजीत कुमार साहू, मनटून कुमार मंडल, अमरजीत कुमार, अजीत कुमार, गंगाराम मंडल भंडारी, राम प्रकाश मंडल, गणेश मंडल भंडारी जी, रामकरण मंडल, डॉक्टर उमेश प्रसाद सिंह, राम भजन मंडल, तेतरी दीदी हरेराम मंडल, शशी कुमार सिंह, सुभाष सिंह, साहित्य अन्य ग्रामीण की काफी सराहनीय योगदान रही।

# शिविर लगाकर जमाबंदी से संबंधित कार्यों को निपटाने का काम शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** सरकार के नए नियम लागू होने के बाद जमाबंदी को लेकर आ रही समस्या के निदान को लेकर अंचल प्रशासन, जगदीशपुर द्वारा शिविर लगाकर जमाबंदी से संबंधित कार्यो को निपटारा का काम शुरू कर दिया गया है।

सोमवार को सामुदायिक भवन उत्तरदाहां, काली मंदिर हेतमपुर, सामुदायिक भवन शिवपुर, पंचायत भवन तेंदूनी और पंचायत भवन बौलीपुर सहित अन्य जगहों पर शिविर में वंशावली, संपत्ति जमीन बटवारा और दाखिल खारिज से संबंधित आवेदकों से आवेदन लिए गए। जहां सीओ विश्वजीत निलांकार द्वारा जांचोपरांत निपटारा किया जाएगा।

मालूम हो की चिन्हित जगहो पर भूमि सुधार को लेकर लगाए जाने वाले शिविर से जमीन मालिकों को काफी फायदा होगा। इससे अंचल कार्यालय का भी चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। वही सीओ द्वारा जमाबंदी कराने के लिए इच्छुक ग्रामीणों को जरूरी कागजात को लेकर शिविर में आने की अनुरोध किया गया है।

# मतदाताओं को किया गया जागरूक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भोजपुर।** जिला स्वीप प्रबंधन कोषांग के तहत टिप प्लान के अंतर्गत सोमवार को सभी प्रखंड स्तरीय विभागीय संवाद द्वारा मतदाताओं का मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। भोजपुर राज कुमार जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह जिला पदाधिकारी भोजपुर के निदेशानुसार भोजपुर जिला के विभिन्न प्रखंडों में स्वीप प्लान के आलोक में स्वीप गतिविधियां संचालित की जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी भोजपुर के आदेश ज्ञापांक 128/निर्वा0 दि0 19 जनवरी 2024 द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल संचालन के क्रम में जिला स्वीप प्रबंधन कोषांग की दैनिक गतिविधियों में सोमवार को प्रखंड स्तरीय विभिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीण जनता को रंगोली के माध्यम से मतदान करने हेतु मतदाताओं को जागरूकता फैलाने की दिशा में संवाद एवं शपथ का आयोजन किया गया।

## एक नजर

### कंप्यूटर दुकान में चोरी, पुलिस मामले की जांच में जुटी

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर बाजार स्थित शिव शक्ति कंप्यूटर दुकान में अज्ञात चोरों ने हजारों मूल्य के सामान की चोरी कर लिया, घटना बाद पीड़ित दुकानदार ने शिवाजी नगर पुलिस को सूचना देकर सहायता की गुहार लगाया है, जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पहुंचकर दुकानदार से मामले को लेकर पूछताछ किया। दुकानदार जीतू कुमार ने बताया कि सोमवार सुबह जब दुकान खोलने दुकान पर पहुंचे तो दुकान के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था और दुकान के अंदर हजारों राशि के एलसीडी टीवी गायब था साथ ही दुकान के अंदर रखे सभी सामान बिखरे पड़े हुए थे।

### सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने किये मां काली बखोरापुर वाली के दर्शन



**बड़हरा (भोजपुर)।** प्रखंड अंतर्गत स्थित मां काली बखोरापुर वाली के दर्शन करने के लिए सुदूरवर्ती इलाकों से लोग की भीड़ दिन प्रतिदिन उमड़ती जा रही है।मां काली बखोरापुर वाली की ख्याति अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हो चुकी है। सोमवार को मां काली बखोरापुर वाली के प्रांगण में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश संजय कारोल का आगमन हुआ। उन्होंने मां काली बखोरापुरवाली का दर्शन कर पूजा अर्चना भी की। मुख्य न्यायाधीश के साथ आए हुए लोगों ने भी मां काली का दर्शन कर पूजा अर्चना किया। संजय कारोल पूर्व में पटना हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में सेवा दे चुके हैं। साथ ही पूर्व में भी मां काली के प्रांगण में इनका पदार्पण हो चुका है। इनके आगमन को लेकर प्रशासन काफी चुस्त से दुरुस्त रहा।

### 57 लोगों को आयुष्मान भारत योजना के तहत हेल्थ कार्ड नि:शुल्क बनाया गया

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** नगर पंचायत,जगदीशपुर वार्ड संख्या 6 के पार्षद रंजीत कुमार उर्फ़ रंजीत राज ने सोमवार को अपने वार्ड के 57 लोगों को आयुष्मान भारत योजना के तहत हेल्थ कार्ड निशुल्क बनाया। इस दौरान पार्षद ने अपने वार्ड के लाभार्थियों के घर-घर पहुंचकर रजिस्ट्रेशन कर आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड बनाया। पार्षद ने बताया कि मैं स्वयं लाभार्थियों के घर पहुंच कर कार्ड बना रहा हूं। इसके बाद सभी लाभार्थियों का निशुल्क हार्ड कॉपी भी उपलब्ध कराने का कार्य करूंगा। रंजीत राज ने बताया कि पीडीएस दुकानों पर कार्ड बनाने का योजना है। लेकिन शनिवार और सोमवार को भी सीएससी संचालक नहीं पहुंचे। उन्होंने इसकी जानकारी एसडीएम और बीडीओ को भी दी है।

### कुएं से 19 वर्षीया लड़की का शव बरामद

**आरा (भोजपुर)।** सहार थाना क्षेत्र के बजरेयां गांव के मंदिर के कुंआ से एक करीब 19 वर्षीय लड़की पूजा कुमारी का शव बरामद किया गया है। शव पर किसी प्रकार का बाहरी चोट या जख्म नहीं पाया गया। जिसे पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल आरा भेजा गया है। इस संबध में मृतका के पिता के आवेदन के आधार पर 03 मार्च को सहार थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिक जांच में पुलिस इस मामले में सभी तथ्यों की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्य के आधार पर घटना के स्वरूप का सत्यापन करते हुए कार्रवाई की जा रही है। अगर यह हत्या का प्रकरण पाया गया तो संबंधित अभियुक्त का पता कर जल्द उसकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा अन्य साक्ष्य के आलोक में अनुसंधान आरंभ कर दी है।

### सभी वार्डों में आटोमेटिक सोलर युक्त लाइट लगायी गयी

**जगदीशपुर (भोजपुर)।** नगर पंचायत क्षेत्र मे ऊर्ज़ा विभाग टी एफ टी के तहत आटोमेटिक सोलर युक्त लाइट लगायी गयी। यह सोलर युक्त लाइट आरा सांसद सह केंद्रीय ऊर्ज़ा मंत्री आर के सिंह के पहल पर जगदीशपुर नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डो मे लगायी जा रही है। लगभग चालीस हजार के लागत से निर्मित इस लाइट को भाजपा नगर अध्यक्ष आदित कुमार, विनय मिश्रा, अरुण सिंह, रजन सिंह, आर के चंचल सहित अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा प्रत्येक वार्ड में जा कर जगह चयनित लगवा रहे हैं कार्यकर्ताओं ने बताया कि अभी जगदीशपुर नगर पंचायत क्षेत्र मे डेढ़ दर्जन से अधिक यह सोलर युक्त आटोमेटिक लाइट लगाया गया जो संध्या समय रात्रि होने पर अपने आप जलेगा और सुबह होने पर स्वयं बुझ जायेगा। सोलर स्ट्रीट लाइट हर गांव में सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत लगाई जाएगी।इस योजना के तहत जगदीशपुर में की सभी वार्ड में अंतर्गत आने वाले सभी गांव और वार्ड में सार्वजनिक जगहों पर एक एक सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी।

### मांझी के पूर्व विधायक बुद्धन प्रसाद यादव की पहली पुण्यतिथि मनी

**मांझी (सारण)।** मांझी के पूर्व विधायक बुद्धन प्रसाद यादव की पहली पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार को उनके आवासीय परिसर में आयोजित समारोह में अनेक गणमान्य लोगों ने उनकी तस्वीर पर फूलमाला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पूर्व विधायक को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे लोगों ने स्वर्गीय यादव के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। नेताओं ने उन्हें मांझी का गांधी बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने की अपील की। बता दें कि स्व यादव मांझी से दो बार विधायक चुने गए थे। पिछले वर्ष उनका निधन हो गया था। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में मांझी के विधायक डॉ सत्येन्द्र प्रसाद यादव, पूर्व एमएलसी प्रत्याशी व बरिष्ठ राजद नेता सुधांशु रंजन, बिहार विधान पार्षद डॉ. वीरेन्द्र नारायण यादव, डॉ. लालबाबु यादव, पत्रकार वीरेंद्र कुमार यादव, मनोज कुमार सिंह, वीरेश सिंह, संजीव शर्मा, चंदन कुमार श्रीवास्तव, डॉ. सत्यदेव प्रसाद यादव, अरविन्द कुमार, दलन प्रसाद यादव, संदीप रौशन, मुखिया मुन्ना साह, पूर्व मुखिया क्रमशः सत्य नारायण प्रसाद यादव, श्रीराम राय, मुखिया प्रतिनिधि शिला राय, पूर्व उप प्रमुख संजय यादव, ई सौरभ सन्नी, रंजन शर्मा, पत्रकार राजेश पाठक, सुभाष यादव, बीरेन्द्र यादव, तूफानी यादव, सुरेश यादव, चन्द्रमा यादव, रामचन्द्र यादव तथा नागेन्द्र ठाकुर समेत अनेक गणमान्य शामिल थे। इस अवसर पर आयोजित प्रीति भोज में सैकड़ों लोग शामिल हुए। समारोह का संचालन पूर्व विधायक के पुत्र संदीप रौशन ने किया। इधर मांझी नगर पंचायत के चैनपुर में पूर्व विधायक की पुण्यतिथि के अवसर पर ईश्वरीय ब्रम्ह विद्या योग संस्थान के सदस्यों ने सत्संग कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें वाराणसी से पधारे उपदेष्ठा गौतम दुबे ने जीवन और मृत्यु के रहस्य की चर्चा की। सत्संग कार्यक्रम को जगदीश सिंह, उदय प्रताप सिंह, महातम प्रसाद ने भी सम्बोधित किया।

# शिकायत के बाद टीम ने की अस्पताल की जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शाहपुर (भोजपुर)।** शाहपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के बाद एक बच्चे की मौत होने से नाराज परिजनों द्वारा भोजपुर के जिलाधिकारी एवं सिविल सर्जन से की गई शिकायत के आलोक में जिले से आई वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, शाहपुर में वस्तु स्थिति की जानकारी ली और जांच पड़ताल की।

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ संजय कुमार सिन्हा और जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ ए अहमद ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अतिउल्लाह अंसारी की उपस्थिति में दोनों पक्षों की बातों को सुना। चिकित्सकीय टीम अपनी रिपोर्ट सिविल सर्जन और जिलाधिकारी को सौंपेगी। विदित हो कि फरवरी महीने में सेमरिया के मनीष कुमार पांडे की पत्नी को सामान्य प्रसव से एक लड़का हुआ। जन्म के एक-दो घंटे के भीतर ही उस नवजात बच्चे की मौत हो गई। बच्चे की मौत से नाराज परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया और इस संबंध में भोजपुर के जिलाधिकारी एवं सिविल सर्जन से शिकायत की। बच्चे के परिजनों ने ड्यूटी में उपस्थित चिकित्सक डॉ विकास कुमार, जीएनएम पूनम कुमारी, एएनएम सुनीता कुमारी सिन्हा और शांति सिंह के विरुद्ध लापरवाही बरतने का आरोप लगाया था।

# हमारा वोट हमारा अधिकार को लेकर बिहार यूथ ऑर्गनाइजेशन का जागरुकता अभियान संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** हमारा वोट हमारा अधिकार को लेकर बिहार यूथ ऑर्गनाइजेशन के बीस दिवसीय जागरूकता अभियान यात्रा का समापन रविवार देर शाम को हुआ। इस समापन के अवसर पर अररिया स्थित एक होटल में बिहार यूथ ऑर्गनाइजेशन के प्रदेश अध्यक्ष जकी अनवर मुजाहिद एवं अन्य पदाधिकारियों के द्वारा एक प्रेस वार्ता कर पूरी यात्रा की जानकारी दी। जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष जकी अनवर मुजाहिद ने बताया की ये जागरूकता अभियान 13 फरवरी से शुरू हुआ था, जिसका समापन तीन मार्च को हुआ। इस 20 दिवसीय अभियान यात्रा की शुरुआत बापू के सत्याग्रह की पावन धरती पूर्वी चंपारण से शुरू हुआ,




जो सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, पटना, नालन्दा, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, सहरसा, मधेपुरा ,सुपौल , पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज होते हुए 3 मार्च को अररिया में यात्रा संपन्न हो गया। यात्रा के मकसद को बताते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि देश में संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों के ह्रास और नागरिकों के मूलभूत आवश्यकताओं एवं अधिकारों के हनन को देखते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने हेतु अपने वोट और नागरिक अधिकारों के प्रति आम जनता को जागरूक करना और ये भी सुनिश्चित करना कि अपने वोट का इस्तेमाल जरूर करें, क्योंकि हमारा देश लोकतांत्रिक व्यवस्था पर आधारित है जहां जनता सर्वपरी होता है और लोकतंत्र में वोट की ताकत ही सबसे अहम होती है। मुजाहिद ने बताया की यात्रा के क्रम में विभिन्न जिला में जाकर पांच सौ बूथ पहुंचकर युवाओं के साथ सीधा संवाद किया। उन्होंने बताया की वोटर लिस्ट के अनुसार देश में लगभग नौ करोड़ वोटर मिसिंग है। इस यात्रा के दौरान कॉर्नर मीट, बाल स्लोगन, नुक्कड़ नाटक सभा का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया गया। इस प्रकार कुल पंद्रह जिलों में यह यात्रा हुआ। समापन के मौके पर प्रदेश अध्यक्ष जकी अनवर मुजाहिद, सचिव सह मीडिया प्रभारी अबुल कलाम आजाद, जिला अध्यक्ष शाफ़ेउल होदा, सचिव कासिफ अनवर, नगर अध्यक्ष शादाब आलम, आमिर रेजा, गालिब इमाम के अलावा कला जत्था के बच्चे शामिल थे।

# अंडरपास नहीं होने से परेशानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा (भोजपुर)।** आरा की आधी आबादी रेलवे लाइन के दक्षिणी भाग में बसी हुई है जिसे दैनिक कार्य, स्वास्थ, ऑफिस, मार्केटिंग, दवा आदि के लिए बार बार बजार आना होता है। रेल ऊपरी पुल बनने के बाद भारी वाहन का तो यातायात सुविधा अनुकूल हो चूका है मगर स्कूली बच्चे, बीमार, बूढ़े, रेक्शा, ठेला हेतु फुटओवर ब्रिज छह माह में बना कर देने की बात रेल विभाग और जिला प्रसासन द्वारा कह कर पूर्वी रेल रोड क्रॉसिंग को बंद कर दिया गया जिसे इस झेत्र के लोग पर जुल्म हो गया। तत्पश्चात रेलवे आधिकारी और जिला प्रशासन तथा स्थानीय लोगों द्वारा काफी विवाद एवं विरोध हुआ था तब जिला प्रशासन और रेलवे प्रशासन ने वादा किया था कि 6 माह में फुट ओवर ब्रिज बनाकर जनता को दे देंगे। जिसे आने जाने वाले को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। फुट ओभर ब्रिज निर्माण शुरू हुआ मगर वह बार-बार विवादों में रहा और विगत कई वर्ष बीतने के बावजूद ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका। नतीजा है कि हजारों लोग जान जोखिम में डालकर लाइन पारकर आने जाने को मजबूर हो जाते हैं। कई घटनाऐं घट चुकी है। आगे इस प्रकार की घटनाएं घटने की संभावनाऐं बनी हुई है।जिसमें कभी भी बड़ी हानि हो सकती है। इस संबंध में राज किशोर शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष जनतंत्र आवाज पार्टी ने कहा कि पटना सहित कई शहरों में रेलपार ओवर ब्रिज बना हुआ है। सासाराम रेल खंड पर सैकड़ो अंडर पास रोड बने है जो एक उदाहरण है। इसलिए पूर्वी गुमटी पर भी अंडर पास बन सकता है। फुट ओभर ब्रिज समय से नहीं बनना रेल के अधिकारी इंजीनियर का नाकामी और गलती है। अगर भविष्य में लेट लतीफ बन भी जाये तो छोटे वाहन पैदल सफर करना आसान नहीं होगा। सुरक्षा हेतु पुलिस भी आराम से उस पार नहीं पहुंच सकती है। यह बहुत ही दुख का विषय है। संविधान और न्याय की कसम खाने वाले फुटओवर ब्रिज मामले में कई अधिकारियों की गलती और लापरवाही बरता गया है जिसे दंडित करने का करवाई होना चाहिए। विदित हो कि पूर्वी गुमटी बन्द होने से लाखो का रोजगार एवं व्यवहार प्रभावित हो चुका है।

# जीविका परियोजना की देखरेख में मतदाता जागरुकता अभियान की शुरुआत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** मोतिहारी जिले में जीविका परियोजना के तत्वाधान में मोतिहारी सदर प्रखंड द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान की शुरुआत समाहरणालय परिसर से की गयी। इस जागरूकता रैली का शुभारंभ जिले के जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं उप विकास आयुक्त समीर सौरभ एवं डी पी आर ओ ज्ञानेश्वर कुमार द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया गया। जीविका द्वारा चलाये गए जागरूकता अभियान से देश में होने वाले आगामी आम चुनाव में ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाली महिला मतदाताओं को मताधिकार के महत्त्व और अधिकारी के बारे में जागरुक करने का काम किया जायेगा। इस जागरूकता रैली में जीविका जिला कार्यालय के संचार प्रबंधक राकेश प्रसाद सहित मोतिहारी सदर प्रखंड के प्रखंड परियोजना प्रबंधक अनिल कुमार, क्षेत्रीय समन्वयक गौतम कुमार सहित अन्य जीविका कर्मी एवं सैंकड़ों की संख्या में जीविका दीदियों ने भाग लिया।

# हर क्षेत्र में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने से ही बनेगा विकसित भारत : सांसद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**एकमा (सारण)।** जिले के नगर पंचायत एकमा बाजार में छपरा-सीवान नेशनल हाईवे 531 पर स्थित गुरुकुल पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम तरंग धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विज्ञान प्रदर्शनी व विविध प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुई। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।



कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के चेयरमैन डॉ संजीव कुमार सिंह, डायरेक्टर रतन सिंह, प्राचार्य कोचुमन ओएस आदि के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। आगत अतिथियों का स्वागत स्कूल के निदेशक डॉ रतन सिंह ने किया। मुख्य अतिथि महाराजगंज के सांसद महारागंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों का अभिनंदन किया। उन्होंने विद्यालय के नामकरण की सराहना करते हुए प्राचीन गुरुकुल परंपरा की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय एनईपी-2020 के प्रावधानों के तहत बेहतर शिक्षा प्रदान कर रहा है जिसे अन्य सभी विद्यालयों में भी अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हर बच्चा कोरा कागज़ के समान होता है। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी कहना है कि बेटी पढ़ाओ, बेटी बढ़ाओ, इसलिए बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। सांसद श्री सिग्रीवाल ने स्कूल के बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि हर क्षेत्र में आज वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है तभी हमारा देश विकसित भारत बन सकता है।

कार्यक्रम में सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, स्कूल के चेयरमैन डॉ संजीव कुमार सिंह, निदेशक रतन पूर्व प्राचार्य डॉ ओमप्रकाश सिंह, लायन मनोज वर्मा संकल्प, लायन विक्की आनंद, लायन सुशील वर्मा, रालोजपा नेता देवकुमार सिंह, लोजपा (रा) नेता कामेश्वर कुमार सिंह मुन्ना, भाजपा नेता चैतेंद्रनाथ सिंह, जन सुराज के जिला संयोजक ब्रजेंद्र कुमार सिंह उर्फ मुन्ना भवानी, समाजसेवी योगेन्द्र शर्मा, प्रो ओम प्रकाश सिंह, भायुमो नेता गौरव सिंह किशन, अनिल वर्मा, गोल्ड मेडलिस्ट एथलीट आकाश कुमार सिंह के अलावा अन्य गणमान्य लोग, शिक्षक, अभिभावक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# मांझी पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**छपरा (सारण)।** महाशिवरात्रि, होली व आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर मांझी थानाध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस के द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। जो माँझी ब्लॉक, मांझी चट्टी, सुघर छपरा, चैनपुर, शनिचरा बाजार, गढ़ बाजार, मियांपट्टी, डुमरी, मेहंदीगंज, हसनअली बाजार होते हुए स्थानीय थाना परिसर पहुंचकर संपन्न हुआ। उधर ताजपुर, चेंफुल, कटोखर, मोहम्मदपुर में भी पुलिस जवानों ने पैदल मार्च किया। इस दौरान थानाध्यक्ष ने सभी चौक-चौराहों पर लोगों से महाशिवरात्रि एवं होली पर्व एवं लोकसभा चुनाव



के दौरान शांति-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस सहयोग करने की अपील की। उन्होंने लोगों से कहा कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना मिलने अथवा असमाजिक तत्वों के द्वारा समाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने की संभावना पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। वहां थानाध्यक्ष ने बताया कि शांति-व्यवस्था भंग करने वालों व अपराधियों पर पुलिस की पैनी नजर है। हम हर स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से संकल्पित हैं।

# जाली नोट व स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)।** पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि भारतीय करेंसी के जाली नोट के तस्कर हरैया ओपी थाना क्षेत्र में देखा गया है। सूचना के आलोक में पुलिस अधीक्षक कंतेश कुमार मिश्रा ने रक्सौल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। गठित टीम ने करवाई करते हुए हरैया ओपी थाना क्षेत्र से दो तस्कर को पांच सौ रुपए के 81 जाली नोट सहित 104 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्कर हरपुर थाना क्षेत्र के जय आलम हवारी वही दूसरा तस्कर आस महम्मद थाना आदापुर दोनो जिला पूर्वी चंपारण के निवासी बताया गया। टीम में धीरेंद्र कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रक्सौल, राजीव नंदन सिंह थाना अध्यक्ष रक्सौल, प्रभात कुमार, उत्तम कुमार, मानव कुमार, सिपाही गुरुदेयाल प्रसाद, प्रताप कुमार, पिंटू कुमार, जनार्दन कुमार, स्मिता कुमारी, जसवंत कुमार, लालजी कुमार, रामलखन सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल शामिल थे।

# डीएम ने डीईओ को प्रशिक्षण शेड्यूल बनाने का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मोतिहारी।** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 को सफलता पूर्वक संपन्न कराने को लेकर गठित किए गए कोषांगो के वरीय एवं नोडल पदाधिकारियों के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह - जिलाधिकारी के द्वारा अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक कर अभी तक की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में डीआईओ को निर्वाचन कार्य में प्रयुक्त किए जाने वाले कर्मियों का डाटाबेस एक से दो दिनों में तैयार कर लेने का निर्देश देते हुए कहा गया कि जिन विभागों या पदाधिकारी के द्वारा कर्मियों की सूची अभी तक उपलब्ध नहीं कराई गई है उनका वेतन तत्काल प्रभाव से स्थगित करते हुए उनसे स्पष्टीकरण किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रखंड वार आवश्यकता अनुसार पीठासीन पदाधिकारी, प्रथम द्वितीय एवं तृतीय मतदान पदाधिकारी से संबंधित डाटाबेस तैयार किया जाए। जिला शिक्षा पदाधिकारी को मतदान कर्मियों/ पदाधिकारियों के लिए प्रशिक्षण शेड्यूल बना देने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्मिक कोषांग की बैठक अलग से बुलाई जाए।

बैठक में बताया गया कि 15- केसरिया विधानसभा के लिए डिस्पैच सेंटर पहले एमएस कॉलेज मोतिहारी को बनाया गया था जिसे अब स्थानांतरित करते हुए केसरिया में ही कर दिया गया है। बैठक में विधानसभावार ईवीएम के रेंडमाइजेशन पर विमर्श किया गया और रेंडमाइजेशन के बाद बेयर हाउस में ही विधानसभावार ईवीएम को सुरक्षित रखने की बात कही गई। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईवीएम एवं वीवीपैट की कमिश्निंग कराई जाएगी इसके लिए माइक्रो प्लान बना लेने का निर्देश दिया गया। ईवीएम कोषांग के नोडल के पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि वेयर हाउस में विधानसभावार ईवीएम के रेंडमाइजेशन के लिए अलग - अलग 12 टीम बनाई गई है और ईवीएम का मूवमेंट आयोग से प्राप्त एसओपी के अनुसार कराई जाएगी। सामग्री कोषांग के नोडल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि निर्वाचन आयोग से प्राप्त गाइडलाइंस को अच्छे से पढ़ लें और उसके अनुसार मतदान केंद्र पर भेजे जाने वाले पैकेट तैयार करेंगे। पैकेट तैयार करते समय पूरी सावधानी रखनी होगी। नोडल पदाधिकारी स्वयं से भी पैकेट की जांच करेंगे। सभी पैकेट में चेक लिस्ट डालना होगा ताकि मतदान कर्मी इससे सामग्रियों का मिलान कर सकेंगे। परिवहन कोषांग के नोडल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि मतदान केंद्र और भवन जहां मतदान केंद्र स्थित है, को देखते हुए वहां के लिए वाहन टैग करेंगे। मतदान केंद्र और भवन की सूची बनी हुई है। वैसे कितने मतदान केंद्र हैं जहां बस या बड़ी गाड़ी नहीं जा पायेगी वहां के लिए छोटे वाहनों को टैग करेंगे। जिला परिवहन पदाधिकारी को डिस्पैच सेंटर के आधार पर वाहनों में ईंधन के लिए पेट्रोल पंप को टैग करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन की घोषणा होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो जाएगी इसलिए एमसीसी टीम को मजबूत बनाया जाए और जरूरी प्रशिक्षण दे दिया जाए। बैठक में जिलाधिकारी के साथ उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# आज कई योजनाओं का पूर्व मंत्री करेंगे शिलान्यास



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सह मोतिहारी सांसद राधामोहन सिंह मंगलवार को कई योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इसी कड़ी में छतौनी सरकारी बस स्टैंड के निकट 10 बजे दिन में मोतिहारी शहर में एनएच-28A के छतौनी एवं अवधेश चौक पर फ्लाई ओवर, NH-27 फोरलेन में पिपराकोठी के निकट मुजफ्फरपुर जाने वाली फोर लेन वाली सड़क पर अवस्थित कृषि अनुसंधान संस्थान के सामने 1.60 किमी लम्बा एवं 5.5 मीटर चौड़ा अतिरिक्त सर्विस लेन और नाला, NH-27 पर मेहसी, डुमरिया एवं NH-28 इ पर मोतिहारी शहर में प्रवेश के पहले महात्मा गांधी की आदमकद प्रतिमा के साथ तीन स्मृति द्वारा के निर्माण कार्य का शिलान्यास शामिल है।

# सिविल सर्जन ने एमएस कॉलेज में सेहत केन्द्र का किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मोतिहारी।** मुंशी सिंह महाविद्यालय में राज्य स्वास्थ्य समिति,बिहार सरकार के सौजन्य और अनुदान के द्वारा स्थापित 'सेहत केंद्र' का उद्घाटन फीता काटकर संयुक्त रूप से पूर्वी चंपारण के सिविल सर्जन डॉ. श्रवण कुमार पासवान, नगर निगम मोतिहारी के उप महापौर डॉ. लालबाबू प्रसाद, डॉ.सुनील कुमार, प्रसिद्ध मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ.शत्रुघ्न प्रसाद और महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.(डॉ.) अरुण कुमार ने किया। इस अवसर पर उपस्थित प्राध्यापकों और छात्र - छात्राओं को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। मुझे विद्यार्थियों के सेहत सुधार के लिए स्थापित इस सेहत केंद्र का उद्घाटन करते हुए अपार हर्ष का अनुभव हो रहा है।उन्होंने कहा कि अपने स्तर से इस केंद्र के लिए जो भी संभव मदद हो सकेगा, मैं उसके लिए सदैव तैयार और समर्पित रहूंगा। डिप्टी मेयर डॉ. लालबाबू प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि महाविद्यालय के लिए आज का दिन ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा हुआ है। स्वस्थ छात्र-छात्राओं द्वारा प्रधानमंत्री के विकसित भारत की संकल्पना को मजबूती मिल पाएगी। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो.अरुण कुमार ने एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ.अमित कुमार की सराहना करते हुए कहा कि यह आपके सद्प्रयत्नों और मेहनत का परिणाम है। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ युवाओं द्वारा ही सबल भारत का निर्माण संभव हो सकेगा। इस अवसर पर सेहत से संदर्भित विविध विषयों पर छात्र छात्राओं के बीच एक भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. एमएन हक, डॉ.मृगेंद्र कुमार, डॉ.एकबाल हुसैन सहित सभी प्राध्यापक एवं छात्र छात्राओं की जबरदस्त उपस्थिति रही। कार्यक्रम का कुशल संचालन हिंदी विभाग के डॉ .गौरव भारती ने और धन्यवाद ज्ञापन प्रो.अमरजीत कुमार चौबे ने किया। यह जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्राचार्य डॉ अरुण कुमार ने दी है।

# हत्याकांड मामले में शामिल अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)।** जिला के टॉप टेन में शामिल कुख्यात अपराधी पप्पू सिंह को जिला पुलिस ने मोतिहारी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार कुख्यात अपराधी पर आर्म्स एक्ट, गोली मारकर हत्या कांड, अपहरण, हत्या डकैती कांड के मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार अपराधी जिला के सुगौली थाना क्षेत्र के भटहा गांव निवासी मदन सिंह के पुत्र पप्पू सिंह बताए गए है। जिला पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुख्यात अपराधी मोतिहारी में है। सूचना के आलोक में पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा ने एक विशेष टीम का गठन किया। विशेष टीम का नेतृत्व सहायक पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने किया। बतादे कि हरसिद्धि के आरटीआई कार्यकर्ता विनय कुमार अग्रवाल के पुत्र विपिन अग्रवाल की हत्या कांड में शामिल था। इस कांड में शामिल अब तक 14 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। विशेष टीम में सहायक पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरेराज रंजन कुमार सिंह, हरसिद्धि थानाध्यक्ष नवीन कुमार, अरविंद कुमार, जिला आम सूचना इकाई मोतिहारी के चिरंजीवी, नित्यानंद दूबे शामिल थे।

# शोधार्थियों की हर समस्या का होगा त्वरित निदान- डॉ. अशोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** डॉ अशोक कुमार ने उप परीक्षा नियंत्रक (शोध) का पदभार संभाला। लनामिवि, दरभंगा के विश्वनाथ सिंह शर्मा कॉलेज, बेगूसराय के अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अशोक कुमार ने सोमवार अपराह्न उप परीक्षा नियंत्रक (शोध) के पद पर कुलसचिव डॉ. अजय कुमार पंडित के समक्ष अपना योगदान दिया। कुलसचिव ने उन्हें पाग एवं चादर पहनकर स्वागत किया और पूरी निष्ठा से अपने कार्यों के संपादन का आग्रह किया। योगदान के उपरांत वे परीक्षा विभाग होते हुए पीएचडी. शाखा पहुंचे। वहां के कर्मी सुमंत चंद पंजीयन शाखा भी गए। योगदान ग्रहण करने के बाद अपने संबोधन में डॉ. कुमार ने सबसे पहले कुलपति प्रोफ़ेसर संजय कुमार चौधरी के प्रति आभार ज्ञापित किया।

# बाल रक्षा भारत द सेव चिल्ड्रेन ने किया खेल किट का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**मोतिहारी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के अवसर पर महिला एवं बाल विकास निगम समाज कल्याण विभाग यूनिसेफ के सहयोग से बाल रक्षा भारत सेव द चिल्ड्रेन द्वारा संचालित उड़ान परियोजना अंतर्गत आज पिपरा कोठी उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय परीसर में खेल कीट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पिपरा कोठी खेल मैदान में स्थानीय पंचायत सूर्यपुर, पण्डितपुर और वीर छपरा के किशोरी समूहों के बीच खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि उप कमान्डेंट एसएसबी कैम्प पिपरा कोठी दिनेश कुमार ममोत्रा और बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कुमारी श्वेता ने खिलाड़ियों का परिचय कर मैच शुरू कराया। इस अवसर पर उप कमान्डेंट ममोत्रा ने सभी किशोरियों व खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बताया गया कि अब लड़की किसी भी क्षेत्र में पीछे नही है यहां तक कि लड़कियां फाइटर जेट भी उड़ा रही हैं। इस लिए हम सबों को खूब खेलना है और खूब पढ़ाई करना है, ताकि हम अपने और अपने देश को और आगे बढ़ा सकें। इस अवसर पर उड़ान परियोजना के जिला समन्वयक हामिद रजा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के माध्यम से हम समाज को अधिक विकसित, संतुलित और समान बना सकते हैं। एक सशक्त महिला न केवल अपने परिवार और समाज में स्थान बना सकती है, बल्कि वह राष्ट्र की प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान कर सकती है। बाल विकास परियोजना कुमारी श्वेता ने सखी वार्ता करते हुए कहा कि हम सभी को मिलकर महिलाओं को समाज में सम्मान, स्वतंत्रता और अधिकार प्रदान करने का संकल्प लेना चाहिए। यही हमारे समाज की प्रगति का मार्ग है। विभिन्न प्रकार के खेल प्रतियोगिता जिसमे मुख्य रूप से कबड्डी और दौड़ प्रतियोगिता रही के सम्पन्न होने के उपरांत विजेता टीमो को पुरस्कार के रूप में ट्रैक सूट दे कर सम्मानित किया गया।

# खौलते तेल की कड़ाही में गिरकर बच्चा झुलसा, पीएमसीएच रेफर

**एकमा (सारण)।** एकमा प्रखंड क्षेत्र के शोभन छपरा गांव में खेलने के दौरान एक तीन वर्षीय अबोध बच्चा खौलते तेल की कड़ाही में अचानक गिरकर झुलस गया। बताया जाता है कि शोभन छपरा गांव के विजयेन्द्र महतो के घर मांगलिक कार्यक्रम के लिए मिठाई बनाया जा रहा था। जहां उनका तीन वर्षीय पुत्र आदर्श कुमार अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी बीच वह अचानक कड़ाही के खौलते तेल में आकर गिर पड़ा। तत्काल परिजनों ने आदर्श कुमार को एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर उपचार के लिए भर्ती कराया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. इरफान अहमद ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से झुलसे बच्चे को बेहतर चिकित्सा के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया।

# डॉ. जैन को ईएसीआर डेवलपमेन्ट रिसर्च अवार्ड मिला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग के सहायक प्रोफ़ेसर डॉ. बुद्धि प्रकाश जैन ने 27 फरवरी से 29 फरवरी, 2024 तक आयरलैंड के डबलिन में आयोजित ईएसीआर सम्मेलन में 'स्तन कैंसर की प्रगति के साथ ऑक्सीडेटिव तनाव मापदंडों का मूल्यांकन' विषय पर अपना शोध कार्य प्रस्तुत किया। डॉ. जैन को यूरोपियन एसोसिएशन ऑफ कैंसर रिसर्च (ईएसीआर) डेवलपमेंट रिसर्च अवार्ड मिला। यह सम्मेलन डॉ. जैन के द्वारा प्रस्तुत किए गए अनुसंधान को अंतरराष्ट्रीय मंच पर उजागर करने का अवसर प्रदान करता है, जिससे स्तन कैंसर के इलाज में नई दिशाएँ स्थापित की जा सकती हैं। कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने डॉ. जैन को बधाई दी और कहा यह उपलब्धि महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के अध्ययन क्षेत्र में विशेषता का प्रमाण है और उन्हें इस सम्मान के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रदान की जाती हैं।प्राणीशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रोफ़ेसर प्राणवीर सिंह, प्रोफ़ेसर अर्तत्राण पाल, डॉ प्रीति बाजपेयी, डॉ अमित रंजन, डॉ कुंदन किशोर रजक, डॉ श्याम बाबू प्रसाद और विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों ने डॉ जैन को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

# कॉमन एंट्रेंस टेस्ट-2024 के स्टेट नोडल ऑफिसर बनाए गए प्रो. एके मेहता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** दो वर्षीय बीएड में नामांकन हेतु कॉमन एंट्रेंस टेस्ट- 2024 के लिए स्टेट नोडल ऑफिसर बनाए गए प्रोफेसर अशोक कुमार मेहता। इस संबंध में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी के आदेश से कुलसचिव डॉ. अजय कुमार पंडित ने अधिसूचना जारी की है। ज्ञातव्य है कि कल ही राज्यपाल सह कुलाधिपति सचिवालय, पटना की अधिसूचना के आलोक में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को लगातार पांचवीं बार दो वर्षीय बीएड में नामांकन हेतु कॉमन एंट्रेंस टेस्ट- 2024 के लिए स्टेट नोडल यूनिवर्सिटी बनाया गया। प्रो अशोक कुमार मेहता ने कुलपति एवं कुलसचिव के प्रति आभार प्रकट किया कि वे मुझे इस दायित्व के काबिल समझे। उन्होंने कहा कि महामहिम कुलाधिपति के दिशा निर्देश के आलोक में मिथिला विश्वविद्यालय अपने कुलपति के नेतृत्व में पूर्व की भांति इस परीक्षा को सुचारू रूप से संचालित करेगा।

# डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम महिला प्रौद्योगिकी संस्थान में पौधारोपण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दरभंगा।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम महिला प्रौद्योगिकी संस्थान, दरभंगा परिसर में मिथिला एनवायरनमेंटल एण्ड नेचर सोसाईटी के सौजन्य से पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के उद्देश्य से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक प्रो. प्रेम मोहन मिश्रा ने मीन्स से आए निदेशक जितेन्द्र कुमार मिश्रा, पिंकी मंडल, बबीता मिश्रा, कुदंन कुमार, श्रवण कुमार झा, दीपक मिश्रा, मजोज मानू एवं लक्ष्मेश झा को इस कार्यक्रम के संचालन हेतु धन्यवाद दिया। उन्होने इस कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि परिसर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने के उद्देश्य से यह पोधारोपण कार्यक्रम किया जा रहा है। जिसमे संस्थान की छात्राएं मिलकर पौधारोपण कर रहीं है और यह पौधा उन्हीं की देखरेख में वृक्ष का रूप लेगी। इसमें ज्यादात्तर उन पौधों को लगाया गया है जिसमें ऑक्सीजन का उत्सर्जन ज्यादा होता है इससे हमारा परिसर तो सुन्दर दिखेगा साथ ही हम समाज को एक स्वच्छ वातावरण प्रदान कर सकेंगें। मीन्स के निदेशक जितेन्द्र कुमार मिश्रा ने कहा कि हमारा उद्देश्य दरभंगा में पर्यावरण की सुरक्षा एवं संर्वधन के लिए प्रयासरत रहना है। छात्राओं में इस कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह दिखा एवं उन्होने इसका पूरा श्रेय निदेशक को दिया। छात्राओं द्वारा करीब 200 से अधिक पोधों को लगाया गया जिसमें 10 से 15 प्रकार के पौधे शामिल थे।


Govt. of Bihar

**Public Health Engineering Department**
**Public Health Engineering Division, Aurangabad**
**RE-TENDER NIT No –26R1/ 2023-24 (SBNQ)**
**National Competitive Bidding**
**(Through e-procurement mode on www.eproc2.bihar.gov.in**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Designation and Address of Advertiser | Executive Engineer P.H. Division, Aurangabad |
| 2 | Date of issue of Tender Notice | 29.02.2024 |
| 3 | Period of sale (downloading) of tender Bid Document | 13.03.2024 to 22.03.2024 up to17:00 Hrs. through www.eproc2.bihar.gov.in |
| 4 | Date, time & place of pre-bid meeting | 16.03.2024 at 11.30 hrs. hrs in the Office of Executive Engineer, P. H. Division, Aurangabad |
| 5 | Last date and time of receipt (uploading) of tender | 22.03.2024 up to 17:00 Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in |
| 6 | Last date and time of submission of hard copy of EMD (in original). | 23.03.2024 up to 15:00 hrs in the Office of Executive Engineer of concerned P.H. Division.<br>A . Executive Engineer P.H. Division Aurangabad<br>B. Superintending Engineer P.H. Circle Sasaram<br>C. Zonal Chief Engineer, Patna Zone, Patna |
| 7 | Date and time of opening of technical bid | 23.03.2024 at 16:00Hrs on www.eproc2.bihar.gov.in |
| 8 | Date and time of opening of financial bid | To be informed later after the approval of technical bid. |
| 9 | Name of Work: Design, Construction, Supply, Testing and Commissioning of Piped Water Supply Schemes for habitations left out under "Har Ghar nal Ka Jal" nischay yojna in areas having ground water issues; with Electric Driven Pumps in the District of **Aurangabad,** Bihar on turn-key basis with 6 months Trial Run Period and Comprehensive Operation and Maintenance of 60 months under Mukhyamantri Grameen Peyjal Nishchay Yojna ( Non Quality Affected). | |

| Group No. | Block | Panchayat | Ward | Habitation | No. of Schemes in group | Estimated Cost (Rs in Lakh) | Earnest Money (Rs in Lakh) | Cost of Tender Document (Non-Refundable) (in Rs) | BSEDC Bid Processing Fee (in Rs) | Completion Period (In Month) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | Deo-6 | Kharkani | 3 | Chandauli Bigha | 11 | 314.16 | 6.29 | 10000 | 5900 | 6 month |
| | | | 1 | Kanhai Bigha | | | | | | |
| | | | 4 | Kanchan Bigha | | | | | | |
| | | | | Bujurg Chandauli | | | | | | |
| | | | | Paswan Bigha | | | | | | |
| | | | 10 | Bhaluaara Bigha | | | | | | |
| | | | 11 | Doman Bigha | | | | | | |
| | | | 13 | Pathak Bigha | | | | | | |
| | | Bedhna | 7 | Pati | | | | | | |
| | | | 8 | Natya | | | | | | |
| | | | 6 | Pachokhar Bigha | | | | | | |
| 2 | Deo-7 | Bhawanipur | 3 | Modan Bigha | 6 | 201.86 | 4.04 | 10000 | 3540 | 6 month |
| | | | 4 | Ganeshpur | | | | | | |
| | | | 5 | Kushaa | | | | | | |
| | | | | Bijhar | | | | | | |
| | | | 11 | Mahadalit Tola (Harikirtan Bigha) | | | | | | |
| | | | 8 | Block Coloney | | | | | | |
| 3 | Madanpur-7 | North Umga | 5 | Pakkapar | 7 | 210.46 | 4.21 | 10000 | 3540 | 6 month |
| | | | 1 | Bhuiya Toli | | | | | | |
| | | | | Naharpar | | | | | | |
| | | | | Balmitar Nagar | | | | | | |
| | | | 2 | Ledhipar | | | | | | |
| | | Ghora Dihari | 3 | Tendua | | | | | | |
| | | | | Ganeshi Bigha | | | | | | |
| 4 | Madanpur-8 | South Umga | 6 | Durgapur | 11 | 271.78 | 5.44 | 10000 | 3540 | 6 month |
| | | | | Ratanuaa | | | | | | |
| | | | | Nawabandh | | | | | | |
| | | | 10 | Jagdev Nagar | | | | | | |
| | | | | Aazad Nagar | | | | | | |
| | | | | Prem Nagar | | | | | | |
| | | | 8 | Pichhuliya | | | | | | |
| | | | | Langurahi | | | | | | |
| | | | | Babu Bigha | | | | | | |
| | | | 12 | Shanti Nagar | | | | | | |
| | | | | Murli Bigha | | | | | | |
| 5 | Rafiganj-1 | Dhosila | 14 | Islampur | 11 | 333.80 | 6.68 | 10000 | 5900 | 6 month |
| | | | 10 | Rakun Chak | | | | | | |
| | | | 12 | Bantoli | | | | | | |
| | | Dugul | 1 | Bhunya-Bigha | | | | | | |
| | | | 10 | Mohan-Bigha | | | | | | |
| | | | 11 | Jagrup-Bigha | | | | | | |
| | | | | Raman-Bigha | | | | | | |
| | | Lohra | 3 | Tetariya | | | | | | |
| | | | 9 | Dhanawa-Tola | | | | | | |
| | | | 4 | Budhaul | | | | | | |
| | | Chewn | 11 | Math-Par/Bhuiya Toli | | | | | | |
| 6 | Kutumba-1 | Bharondha | 10 | Badhki Simra | 8 | 262.07 | 525 | 10000 | 3540 | 6 month |
| | | | 11 | Somar Bihga | | | | | | |
| | | | 12 | Mahto Pati | | | | | | |
| | | | 13 | Hajari | | | | | | |
| | | | 14 | Pitamber Bihga | | | | | | |
| | | Dumari | 4 | Tikari | | | | | | |
| | | | 5 | Bhaluarikla | | | | | | |
| | | | 6 | Barwadih | | | | | | |
| 7 | Goh | Goh | 1 | Jhaman Bigha | 10 | 335.73 | 6.72 | 10000 | 5900 | 6 month |
| | | | 2 | Tola bhawanipur | | | | | | |
| | | | 5 | Rajputan tola | | | | | | |
| | | | 12 | Raghuvir Bigha | | | | | | |
| | | | | New Area | | | | | | |
| | | Hathiyara | 5 | Doekund (Mandir side) | | | | | | |
| | | | | Doekund (Nahar side) | | | | | | |
| | | | 6 | Vijay nagar | | | | | | |
| | | | 13 | Banra | | | | | | |
| | | Bazar-Berma | 5 | Mahadalit Tola Daudpur | | | | | | |

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

**Executive Engineer**
**P. H. Division, Aurangabad.**

PR. No. 018640 (PHED) 2023-24

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

# एटीएम कार्ड बदलकर फ्रॉड करने वाला शातिर अपराधी गिरफ्तार, जेल

## पहले भी धोखाधड़ी के आरोप में जा चुका है हवालात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी से पैसे निकालने वाले एक गिरोह का नगर थाने की पुलिस ने उद्भेदन किया है, साथ ही मामले में गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार भी किया गया है। पकड़ा गया आरोपित गया जिले के खिजरसराय थाना क्षेत्र के उतरावां गांव निवासी सुधांशु भारद्वाज उर्फ टमाटर है, जबकि गिरोह के दो अन्य सदस्यों की पुलिस द्वारा तलाश की जा रही हैं। पकड़े गये आरोपित के पास से अलग-अलग बैंकों के पांच एटीएम कार्ड, एक एल्युमीनियम का पत्तर एवं सैमसंग का एक कीपैड वाला फोन बरामद किया गया है। कार्रवाई थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में एसआई अनित कुमार एवं अन्य सशस्त्र बलों के द्वारा की गई। जानकारी देते हुये अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मो. अमानुल्लाह खां ने बताया कि शहर के रमेश चौक स्थित एचडीएफसी बैंक के समीप पुलिस वाहन को देख अपाची बाइक पर बैठे दो युवक अचानक भागने लगा, जिन्हें संदेह के आधार पर पीछा किया गया और घेराबंदी कर एक को पकड़ा गया, जबकि दो अन्य बाइक सवार मौके से फरार हो गए। पूछताछ में पकड़े गए आरोपित ने एटीएम फ्रॉड की बात स्वीकार किया है। उसने बताया कि अपने गिरोह के अन्य साथियों के सहयोग से एटीएम का कैश निकालने वाले जगह पर एल्युमीनियम का पत्तर चिपकाकर धोखाधड़ीपूर्वक पैसा निकाल लेते हैं। एसडीपीओ ने बताया कि इसके पहले भी पकड़ा गया आरोपित पटना जिले के नौबतपुर थाना से फ्रॉड के मामले में जेल जा चुका हैं। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत आरोपित को जेल भेज दिया गया।

## गायब बुजुर्ग व्यक्ति के परिजनों ने प्रशासन से लगायी गुहार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** एक बुजुर्ग के गुमशुदगी मामले में हसपुरा थाना में तहरीर समर्पित कर खोजबीन की मांग की गयी है। मामला थाना क्षेत्र के टाल गांव की है, जहां 62 वर्षीय सुशील कुमार सिंह बीते चार दिनों से लापता हैं। इस संबध में आज परिजनों ने थाना में तहरीर समर्पित की है जिसमें बताया कि बीते 29 फरवरी को सुशील कुमार सिंह लूना से हसपुरा के लिए निकले थे जबकि देर शाम तक उस दिन घर वापस नहीं लौटे। अपने स्तर से परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कहीं कोई पता नहीं चला। परिजनों ने पुलिस से खोजबीन की मांग की है। दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार ऋषि राज ने बताया कि मामले में बुजुर्ग की खोजबीन को लेकर कार्रवाई की जा रही है।

# जादुई करतबों से समाज में जागृति लाने का प्रयास

## उप मुख्य पार्षद ने जादूगर शुक्ला सरकार शो का किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** स्थानीय नगर भवन में जादूगर शुक्ला सरकार शो की शुरुआत की गई। शो का उद्घाटन दाउदनगर नगर परिषद की उप मुख्य पार्षद कमला देवी, शिक्षाविद नंदकिशोर सिंह, आनंद प्रकाश, इं. विद्यासागर आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इन लोगों ने अपने संबोधन में शो की सराहना करते हुए कहा कि जादू स्वस्थ व स्वच्छ मनोरंजन का साधन है। स्टेज शो के दौरान दिखाए जाने वाले सभी करतब मनुष्य को तनाव और हकीकत की दुनिया से परे आनंद के एक नए संसार में ले जाते हैं। वहीं जादूगर शुक्ला सरकार द्वारा एक से बढ़कर एक करतब दिखाया गया। स्वच्छ भारत अभियान के कई संदेशों को जादुई अंदाज में प्रस्तुत प्रदर्शित किया गया। देश में लड़कियों के कम होती जनसंख्या और कन्या भ्रूण हत्या पर आधारित शो भी दिखाया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया। सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वास और सामाजिक समस्याओं पर आधारित जादू प्रदर्शित किए गए। नशा मुक्ति पर आधारित शो प्रस्तुत करते हुए यह संदेश दिया गया कि नशा एक जानलेवा जहर है और नशे से दूर रहना चाहिए। प्रबंधक प्रेम धनराजन ने बताया कि जादुई करतबों के माध्यम से समाज में जागृति लाने का प्रयास किया जा रहा है।

## पशु मैत्री को पंचायत स्तर पर गर्भाधान की सुविधा उपलब्ध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा।** प्रखंड के पशु मित्र को सरकारी स्तर से पशु पालकों को हर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग पूरी तरह कटिबद्ध है। जिस तरह समय-समय पर पशुओं को खुरपका- मुंहपका (एफएमडी) ऐन्थ्रेक्स, रेबीज एवं अन्य रोंगो के विरुद्ध टीकाकरण के लिए दवा उपलब्ध कराती है उसी तरह गांव से प्रखंड मुख्यालय पशु अस्पताल में पशुपालकों को नहीं आना पड़े, इसे लेकर पशु मैत्री को पंचायत स्तर पर गर्भाधान उपलब्ध कराया गया है। अमझरशरीफ पंचायत के शंकरपुर में गुडु पासवान, पीरू के रसुलपुर में इमरोज आलम, अहियापुर में सुनील कुमार, टाल के सिहाड़ी में अजय कुमार, डिण्डीर के दिलावरपुर में भागवत कुमार सहित सभी पंचायतों में पशु मैत्री को कृत्रिम गर्भाधान उपलब्ध कराया गया है। पशु मैत्री गुडु पासवान ने बताया कि उसके सुरक्षित रखने के लिए बेहतर कंटेनर वातानुकूलित दिया गया है। गुड्डू पासवान ने कहा सरकार की ओर से पशु को बढ़ावा के लिए सभी क्षेत्रों में बेहतर कार्य किया जा रहा है। सरकारी स्तर से दुधारू पशु खरीदने के लिए ऋण दिया जा रहा है। जिसका लाभ पशु पालकों को मिला रहा है।

## मुखिया संघ की बैठक में समस्याओं पर चर्चा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा।** हसपुरा प्रखंड के डुमरा पंचायत मुखिया सत्यभामा देवी के आवास पर मुखिया संघ की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता संघ के प्रखंड अध्यक्ष मुखिया गोपाल सिंह ने की। बैठक में पंचायत स्तरीय विकास की योजनाओं में सरकारी स्तर से आ रही परेशानी को लेकर गहन मंथन किया गया। संघ के अध्यक्ष गोपाल सिंह सहित मुखिया, संतोष सौण्डिक, राकेश कुमार, मुन्ना कुमार, सतेन्द्र पासवान, अजीत कुमार उर्फ चुन्नु शर्मा फुरकान खा व मुखिया प्रतिनिधि राकेश सिंह, देवेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, ओमप्रकाश चौधरी ने कहा कि विकास कार्य में सरकार असहयोगात्मक रवैया अपना रही है। गत छह महीने से सरकार की गलत सिस्टम से पंचायत में विकास कार्य बाधित है। असंतोष व्यक्त करते हुए संघ के अध्यक्ष गोपाल सिंह ने कहा कि इसकी जानकारी सरकार को मुखिया संघ की ओर से पत्र देकर ध्यान आकृष्ट कराया जाएगा और आवश्यक कार्रवाई की मांग किया जाएगा। बैठक में पंचायती राज विभाग व सरकार से मुखिया सहित सभी जनप्रतिनिधियों को पेंशन योजना का लाभ देने की मांग उठाई गई।

## बंधवा गांव में नियमित नहीं खुलता स्वास्थ्य केंद्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** देवकुंड थानाक्षेत्र के डिंडीर पंचायत के बंधवा गांव स्थित अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र से ग्रामीणों को लाभ नहीं मिल रहा है जिसके कारण वहां के लोग परेशान है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया की इस केंद में न तो प्रत्येक दिन डॉक्टर आते हैं ना ही मरीजों को दवा ही मिल पाती है। ग्रामीणों ने ये भी बताया कि इसकी शिकायत कई बार रेफरल अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी के पास की गई, उसके बावजूद भी स्थिति ज्यों की त्यों बनी रही। ग्रामीणों ने उप स्वास्थ्य केंद्र की जांच कराने की मांग सिविल सर्जन औरंगाबाद से की है ताकि समय से स्वास्थ्य केंद्र खोला जा सके और आसपास के लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिल सके।

## लग्जरी कार से अंग्रेजी शराब की खेप जब्त, तस्कर गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** शराब की एक बड़ी खेप देव थाना की पुलिस द्वारा जब्त किया गया है, साथ ही एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है जिसकी पहचान झारखंड प्रदेश के पलामू जिले के हरिहरगंज निवासी दीपक कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के जुड़ी बिगहा गांव में छापेमारी की गई जिसमें एक लग्जरी कार से अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप बरामद किया गया और एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। कार की तलाशी में उक्त शराब की मात्रा 501.12 लीटर है। पूछ-ताछ में तस्कर ने बताया कि होली के मद्देनजर उक्त अंग्रेजी शराब को एक जगह पहुंचाने जा रहा था। संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत उसे जेल भेज दिया है।

## 12 साल की बच्ची का अपहरण, मामला दर्ज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना के दानापुर ऑटो स्टैंड से 12 वर्षीय बच्ची का अपहरण का मामला सामने आया है। इस मामले में शाहपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले चंदेश्वर राय ने दानापुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। घटना रविवार देर शाम की है। इस मामले का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। सीसीटीवी में दिख रहा है कि बच्ची और बदमाश दोनों आराम से साथ जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि बच्ची अपने दादा के साथ फुलवारीशरीफ मामा के इंगेजमेंट कार्यक्रम में गई थी। कार्यक्रम के बाद ऑटो से लौट रही थी। इसी दौरान साथ बैठे यात्री से घुल मिल गई और ऑटो से उतरने के साथ ही गायब हो गई। चंदेश्वर राय ने लिखित शिकायत में कहा है कि अपनी पोती तन्नु कुमारी (12) के साथ रिश्तेदार की सगाई में गया था। शाम 6 बजे के करीब दानापुर रेलवे स्टेशन से दानापुर ऑटो स्टैंड आने के लिए ऑटो पकड़ा। ऑटो में एक अन्य शख्स बैठा हुआ था। बातचीत के दौरान वह हमसे घुल-मिल गया। ऑटो वाले ने सगुना मोड़ के पास हम लोगों को यह कहकर उतार दिया कि वह ऑटो स्टैंड नहीं जाएगा। मोड़ के पास दूसरे ऑटो दानापुर ऑटो स्टैंड पहुंचे। जैसे ही मैं ऑटो ड्राइवर को पैसा देने लगा, तो वह शख्स मेरी पोती को लेकर निकल गया। इसकी सूचना अपने बेटे जय प्रकाश के साथ परिजनों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और बच्ची की काफी खोजबीन की, लेकिन उसका पता नहीं चला। घटना की सूचना दानापुर थाने को दी गई। घटनास्थल के पास में लगे सीसीटीवी फुटेज में शख्स बच्ची को स्वीट पैलेस के पीछे ले जाते दिख रहा है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच में जुट गई है। वहीं, घटना के बाद बच्ची के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दानापुर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि बच्ची के अपहरण का मामला सामने आया है। पुलिस जांच कर रही है। जल्द ही बच्ची को बरामद कर लिया जाएगा।

## अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**देव।** देव थाना पुलिस ने शराब तस्करों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तस्करों के मंसूबे पर पानी फेर दिया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के जुड़ी बीघा गांव के समीप एक चार पहिया वाहन से 501,12 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है। शराबबंदी वाले बिहार में शराब की तस्करी के लिए तस्कर हर दिन कोई नया तरीका अपना रहे हैं लेकिन पुलिस भी कम नहीं है। देव थाना प्रभारी शंभू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर वाहन चेकिंग लगाया गया था। उसी बीच बालूगंज के तरफ से एक आटिका गाड़ी पर लाद कर कुल 58 पेटी औरंगाबाद के तरफ जा रहा था पूछताछ के बाद पता चला की सभी शराब की तस्करी कर रहे थे। शराब तस्करों की पहचान दीपक कुमार एवं रामजतन यादव (ग्राम- अररुआ खुर्द हरिहरगंज, झारखंड) के रूप में की गई हैं। करवाई करते हुए आरोपित को जेल भेज दिया गया।

## जाइलो गाड़ी से 4 लाख की विदेशी शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




पटना। पटना के फुलवारी शरीफ स्थित मित्र मंडल कॉलोनी से सोमवार को पुलिस ने एक गाड़ी से भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त किया है। इसके साथ ही पुलिस ने एक गाड़ी को बरामद किया है, जिस पर बिहार सरकार का बोर्ड लगा हुआ है। पुलिस बरामद किए गए गाड़ी की छानबीन कर रही है। इसके साथ ही पुलिस ने एक शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ की जा रही है। जब्त किए गए शराब की कीमत लगभग 4 लाख रुपए बताई जा रही है। जाइलो गाड़ी पर लाल बत्ती और बिहार सरकार का बोर्ड लगा, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि सोमवार को गुप्त सूचना मिली कि मित्र मंडल स्थित एक फ्लैट में भारी मात्रा में विदेशी शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना पाकर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस के पहुंचते ही कुछ लोग वहां से फरार हो गए। इस दौरान पुलिस ने मित्र मंडल कॉलोनी के एक फ्लैट से एक गाड़ी जब्त किया है।

## आठ मार्च को आयोजित होगा देवकुंड महोत्सव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गोह (औरंगाबाद)।** बाबा दूधेश्वरनाथ के महानगरी देवकुंड में महोत्सव की तैयारी को लेकर सोमवार को देवकुंड थाना प्रांगण में दाउदनगर एसडीपीओ कुमार ऋषिराज, मठाधीश कन्हैयानंद पूरी, बीडीओ राजेश कुमार दिनकर, सीओं सोनम राज, थानाध्यक्ष अनंत कुमार व स्थानीय ग्रामीणों के साथ बैठक कर महोत्सव को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया एक दिवसीय महोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाएगा। बैठक के बाद उक्त पदाधिकारियों द्वारा महोत्सव के लिए कार्यक्रम स्थल का भी चयन किया गया। देवकुंड युवा खेल परिसर में कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ ने किया। विदित हो कि जिला प्रशासन के अनुशंसा के बाद आठ मार्च को देवकुंड महोत्सव आयोजित किया जाएगा। गोह राजद विधायक ने राजकीय स्तर से देवकुंड महोत्सव कराए जाने की विशेष पहल की थी। विदित हो कि कला संस्कृति व युवा विभाग द्वारा राजकीय स्तर से देवकुंड महोत्सव कराने के लिए पांच लाख रुपए की राशि आवंटन किया गया है। इसको सफल बनाने के लिए प्रशासन ने स्थल का निरीक्षण किया है।

## वारंटी गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज पुलिस ने छोटी इमादपुर महल्ला के मोहन मिस्त्री को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि औरंगाबाद न्यायालय से मोहन मिस्त्री के विरुद्ध वारंट निर्गत है। जिसके आलोक में इसी के घर से गिरफ्तारी कर जेल भेज दिया गया है।

## पत्नी एवं ससुराल वालों पर लगाया मारपीट करने का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** थाना क्षेत्र के अंकोढ़ा निवासी गुड्डू कुमार के साथ मारपीट की घटना घटने का मामला प्रकाश में आया है। वह वर्तमान में पटेलनगर में रहता है। मारपीट की घटना में जख्मी युवक का इलाज स्थानीय अस्पताल में किया गया। घटना के संबंध में जख्मी युवक द्वारा हसपुरा थाना क्षेत्र के टाल निवासी अपने साला पिंटू कुमार, भानु कुमार, ससुर रामरूप सिंह उर्फ करीमन सिंह और पत्नी रींकी कुमारी को नामजद आरोपित बनाते हुए एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि आरोपित उसके घर पर पहुंचे और मारपीट की घटना को अंजाम दिया। जब बचाने उसकी मां आई तो उसके साथ भी मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर घटना की छानबीन कर रही है।

## मनोकामना पूर्ति के लिए दीप यज्ञ का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा।** गायत्री परिवार की विद्वान साध्वी जयश्री पाठक एवं निर्मला देवी की देख-रेख में माता सतबहिनी मंदिर प्रांगण में दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में सैकड़ो महिला श्रद्धालुओं ने मनोकामना पूर्ति के लिए दीप जलाकर आराधना की। साध्वी जयश्री पाठक ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान से मन को शांति मिलती है, मन में पवित्र विचार आते हैं वहीं मनोकामनाएं पूर्ण होती है। सनातन धर्म में दीप यज्ञ की परंपरा तब से चली आ रही है जब वनवास पूरा कर श्रीराम अयोध्या लौटे थे।

## उच्च विद्यालय को मिला नया प्राचार्य



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा।** प्रखंड में पूर्व से स्थापित हाई स्कूल हसपुरा जो जिला स्तर पर अपनी पहचान बना रखा था। पहले इस विद्यालय में करीब हजार से ऊपर छात्र हुआ करते थे। बीच मे विद्यालय की देख-रेख के अभाव में सब कुछ बर्बाद हो गया। इधर कुछ वर्षो से प्रधानाचार्य का पद रिक्त पड़ा हुआ था। प्रभारी प्रधानाचार्य कार्य को देख रहे थे। आज विद्यालय को नया प्रधानाध्यापक डॉ सत्यनारायण सिंह के रूप में मिला है। प्रधानाचार्य को उच्च विद्यालय हसपुरा में पदभार ग्रहण किये जाने के उपरांत उच्च विद्यालय के शिक्षकों द्वारा स्वागत उन्हें फूल माला देकर किया गया। मौके पर शिक्षक अरविंद कुमार वर्मा, इफ्तिखार अहमद, अंबुज कुमार, धर्मेंद्र कुमार, शंकर कुमार, रजनीकांत, कुमारी श्वेता, माया रानी, वंदना, रीना, आशा कुमारी आदि उपस्थित थे।


बिहार सरकार

**योजना एवं विकास विभाग**
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल औरंगाबाद।

**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 08 वर्ष 2023–24**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि : दिनांक 01.03.2024
3. निविदा प्रपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 18.03.2024 से दिनांक 19.03.2024 के 1:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा जमा करने की तिथि एवं समय : दिनांक 20.03.2024 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. तकनीकि बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 20.03.2024 को 2.30 बजे अपराह्न से।
6. निविदा प्रपत्र बिक्री का कार्यालय/स्थान : 1. सम्बंधित सहायक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमण्डल, औरंगाबाद। 2. कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद। 3. अधीक्षण अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य अंचल, मगध प्रमंडल, गया।
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी के द्वारा बाद में सूचित किया जायेगा।
8. निविदा जमा करने का स्थान : उपरोक्त कॉलम छः के अनुसार।
9. कार्यों की विवरणी (योजना/शीर्ष/मद का नाम) :– **विशेष केन्द्रीय सहायता (SCA)**

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) जो लौटायी नहीं जायेगी। | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | औरंगाबाद जिला में प्रखण्ड मदनपुर में प्रतिनियुक्त कोबरा 205 बटालियन के लिए अस्थायी कैम्प आकार (6.09X9.14X3) मीटर का निर्माण कार्य। | 9.45 | 18900.00 | 1250.00 | 6 माह |
| 2 | औरंगाबाद जिला में प्रखण्ड मदनपुर में प्रतिनियुक्त कोबरा 205 बटालियन के लिए अस्थायी कैम्प हेतु आकार (6.09X9.14X3) मीटर का अर्ध स्थायी शौचालय और बाथरूम ब्लॉक (10 संख्या) का निर्माण कार्य। | 12.29 | 24600.00 | 2500.00 | 6 माह |
| 3 | औरंगाबाद जिला के प्रखण्ड मदनपुर में प्रतिनियुक्त कोबरा 205 बटालियन के लिए अस्थायी कैम्प में कोट के उपयोग के लिए आकार (6.09X9.14X3) मीटर का निर्माण कार्य। | 8.33 | 16700.00 | 1250.00 | 6 माह |
| | कुल राशि :– | 30.07 | | | |

10. निविदा आमंत्रण सूचना एवं परिमाण विपत्र की भाषा सांकेतिक है। निविदा से संबंधित विस्तृत शर्त्त, नियम, अर्हता, अग्रधन का रूप एवं अन्य जानकारी के लिए कार्यालय सूचना पट एवं परिमाण विपत्र बिक्री स्थल पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।**

PR- 18772 ( Planning ) 2023-24

**कार्यपालक अभियंता**
**स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन,**
**कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद**

नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है


CMYK

# कहीं रंगोली तो कहीं मेहंदी के जरिये मतदान के लिए किया गया प्रेरित

## सोशल मीडिया कैंपेन का जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिले में मतदाता जागरुकता के उद्देश्य से सोमवार को मेदिनीनगर शहर के शिवाजी मैदान में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत हैशटैग आईएम वेरिफिएडवोटर सोशल मीडिया कैंपेन का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन, उप विकास आयुक्त रवि आनंद, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार व उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि आज स्वीप कार्यक्रम के तहत सोशल मीडिया पर यह अभियान पूरे राज्य में चलाया जा रहा है जिसका एकमात्र उद्देश्य है मतदाता जागरूकता व मतदाता के रूप में खुद को वेरिफिएड करना। खुद को वेरिफिएड करने से तात्पर्य है कि आप सभी अपने बूथ पर जाकर या वीएचए के माध्यम से अपना नाम ज़रूर चेक करें और अगर आपका नाम नहीं जुड़ा हो, या उसमें कोई विसंगति है तो फौरन संबंधित फॉर्म 6, 7, 8 भरे व जमा करें। उन्होंने कहा कि तकनीक के इस युग में जहां मोबाइल के माध्यम से सारे कार्य हो रहें हैं इसी में शामिल है वीएचए एप। इस ऐप के जरिये निर्वाचन से जुड़े सारे कार्यों का निष्पादन किया जा सकता है। इस ऐप में इलेक्शन से जुड़ी सारी जानकारी उपलब्ध रहती है। उन्होंने कहा कि जब आप समुचित जानकारी के साथ मतदान करने जाते हैं तो उसके अपने फायदे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम भविष्य में भी चलाया जायेगा ताकि जिले में अधिकाधिक मतदान सुनिश्चित किया जा सके। इसी तरह उप विकास आयुक्त रवि आनंद, नगर आयुक्त जावेद हुसैन व उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु ने स्वीप जागरूकता पर जोर दिया।





### दुल्हन की तरह सजा था शिवाजी मैदान

शिवाजी मैदान में आयोजित कार्यक्रम को लेकर पूरे मैदान परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया था। मैदान के चारों तरफ मतदाता जागरूकता से संबंधित सेल्फी बूथ, कहीं फूलों की रंगोली, कहीं मेहंदी तो कहीं पेंटिंग के माध्यम से लोगों को वोट देने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों की ओर से कुल 19 अलग-अलग प्रकार के रंगोली बनाये गये थे साथ ही 20 से अधिक विभिन्न प्रकार के पेंटिंग्स के जरिये मतदाता जागरूकता संदेश दिया गया।

### सभी ने ली मतदान की प्रतिज्ञा

शिवाजी मैदान में उपस्थित सभी लोगों को मतदान प्रतिज्ञा दिलाई गई। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त व सहायक समाहर्ता रवि कुमार ने मैदान में उपस्थित सभी लोगों से विशेष रूप से बच्चों से इलेक्शन से जुड़े कई सवाल किये व सही जवाब देने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। इसी तरह रंगोली, पेंटिंग व बेहतर मेहंदी लगाये बच्चियों को भी पुरस्कृत किया गया। इसके अलावे नुक्कड़ नाटक से भी लोगों को मतदान के महत्व के विषय पर प्रकाश डाला गया साथ ही मतदाता जागरूकता लिखे पम्पलेट को गुब्बारे के साथ हवा में उड़ाकर भी मतदाता जागरूकता का सन्देश दिया गया। मौके पर उपरोक्त के अलावे अन्य पदाधिकारी, बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे समेत आमजन उपस्थित रहे।

# बंधन लॉन्ग ड्यूरेशन फंड की हुई घोषणा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन लॉन्ग ड्यूरेशन फंड के लॉन्च की घोषणा की, जो एक ओपन-एंडेड, लॉन्गटर्म डेट प्लान है, जो ऐसे इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश करती है, जिनकी पोर्टफ़ोलियो मैकाले अवधि 7 वर्ष से अधिक होगी। यह फंड उन निवेशकों के लिए एक आकर्षक अवसर प्रदान कर सकता है जो अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक सुधारों के कारण मौजूदा निकट-चरम ब्याज दरों में गिरावट की उम्मीद कर रहे हैं। फंड के लिए नया फंड ऑफर (एनएफओ) मंगलवार, 5 मार्च 2024 को खुलने वाला है और सोमवार, 18 मार्च 2024 को बंद होगा। बंधन लॉन्ग ड्यूरेशन फंड में निवेश लाइसेंस प्राप्त म्यूचुअल फंड वितरकों और निवेश सलाहकारों के माध्यम से ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म, और सीधे वेबसाइट पर भी किया जा सकता है। नई पेशकश के बारे में बात करते हुए, बंधन एएमसी के सीईओ विशाल कपूर ने कहा कि ल्लहमारा व्यापक आर्थिक माहौल एक अद्वितीय चरण में प्रवेश कर रहा है। स्ट्रक्चर्ड और तय समय पर होने वाले चक्रीय सुधारों के कॉम्बीनेशन से घाटा कम होने, मुद्रास्फीति कम होने और भारतीय बांडों में विदेशी निवेश आकर्षित होने की संभावना है।

# पूर्णिया विश्वविद्यालय में फणीश्वर नाथ रेणु की 103 वीं जयंती मनी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पूर्णिया।** विश्वविद्यालय, पूर्णिया के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग के तत्वावधान में सोमवार को पद्मश्री अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथाकार फणेश्वर नाथ रेणु की 103 वीं जयंती समारोह सीनेट हॉल में मनाई गई।

सर्वप्रथम प्रति कुलपति प्रोफ़ेसर पवन कुमार झा, कुलसचिव डॉ घनश्याम राय, डीएसडब्ल्यू प्रोफ़ेसर मरगूब आलम,एन एस एस समन्वयक डॉ आर डी पासवान, प्राक्टर प्रोफ़ेसर अंजनी कुमार मिश्रा, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ सुरेश मंडल, सीसीडीसी डॉ एस एन सुमन, उप कुलसचिव शैक्षणिक डॉ मनोज कुमार, परिसंपदा अधिकारी डॉ पटवारी यादव आदि के हाथों किया गया। संचालन डॉ पुरेन्द्र दास ने किया। प्रति कुलपति प्रोफ़ेसर पवन कुमार झा ने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में कहा कि फणीश्वर नाथ रेणु सामंतवाद विरोधी थे। उन्होंने रेणु जी के महत्व एवं प्रासंगिकता को रेखांकित किया। कुलसचिव डॉ घनश्याम राय ने कहा रेणु मात्र 56 साल तक जीवित रहे। उन्होंने कहा कि रेणु न सिर्फ रचनाकार थे बल्कि संघर्षशील और आंदोलनकारी भी थे। स्वतंत्रता और 74 के आंदोलन में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। डीएसडब्ल्यू प्रोफ़ेसर मरगूब आलम ने कहा कि रेणु का जीवन और संघर्ष हमलोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। एनएसएस समन्वयक डॉ आर डी पासवान ने कहा कि रेणु जी की न सिर्फ राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान है। विदेश के छात्र-छात्राओं के द्वारा रेणु पर शोध कार्य किया जा रहें हैं।



हिंदी के विभागाध्यक्ष डॉ सुरेश मंडल ने रेणु की रचनाओं का विस्तार से विश्लेषण किया। कार्यक्रम के अंत में संचालक डॉ पुरेन्द्र दास ने कुलसचिव डॉ घनश्याम राय की मां चन्द्रकला देवी की 82 साल की उम्र की उम्र में दो मार्च को पूर्णिया के एक निजी हस्पताल में मृत्यु हो गई। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

डॉ अनामिका सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ चन्द्रकांत यादव, डॉ अनिल झा, छात्र छात्राएं उपस्थित थे। राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई।

# ‘आई एम वेरिफाईड वोटर’ अभियान का शुभारंभ

## विशेष कार्य पदाधिकारी, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, रांची ने बूथों का भ्रमण कर हैश टैग आई एम वेरिफाईड वोटर अभियान का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**खूंटी।** आसन्न लोक सभा चुनाव को लेकर जिला के प्रत्येक मतदान केंद्रों पर हैश टैग आई एम वेरिफाईड वोटर अभियान का शुभारंभ हुआ। विशेष कार्य पदाधिकारी, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, रांची, गीता चौबे खूंटी पहुंचीं। उन्होंने जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर हैश टैग आई एम वेरिफाईड वोटर अभियान का जायजा लिया साथ ही बूथों पर उपलब्ध न्यूतम मूलभूत सुविधओं का निरीक्षण किया। मौके पर पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।



निर्वाचन मंत्रीमंडल विभाग, झारखंड, रांची की संयुक्त सचिव ने जिला मुख्यालय अंतर्गत एसएस + 2 उच्च विद्यालय में स्थित बुथ संख्या- 188, 189, 190, राजकीय हिंदी मध्य विद्यालय (सीएम एक्सेलेंस गर्ल्स स्कूल) स्थित बुथ संख्या- 174,175, 176, 177 एवं सामुदायिक भवन, नामकोम स्थित बुथ संख्या- 201 पर पहुंची। तत्पश्चात संयुक्त सचिव द्वारा मुरहू प्रखंड अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय, कुदी बरटोली स्थित मतदान केंद्र संख्या 213 का दौरा किया। मौके पर मतदाताओं द्वारा मतदाता सूची में अपने नाम की जांच के उपरांत संतुष्ट होने पर मतदाता सूची के साथ सेल्फी/फोटोग्राफी कराई गई। सोशल मीडिया पर हैश टैग आई एम वेरिफाईड वोटर पोस्ट कराया गया। मतदान केन्द्र पर आने वाले सभी मतदाताओं को आन लाइन वोटर हेल्प लाइन ऐप के बारे में जानकारी देते हुए उक्त ऐप को डाउनलोड कराया गया।

आन लाइन वोटर हेल्प ऐप के माध्यम से मतदाता का नाम संबंधित मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में दर्ज है, इसकी जाँच करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया।

मतदाताओं को बताया गया कि यदि नाम मतदाता सूची में किसी का नाम दर्ज नहीं है अथवा कोई अन्य त्रुटि हो तो बी0एल0ओ0 के पास उपलब्ध प्रपत्र 6 एवं 8 प्रयोग कर नाम दर्ज या त्रुटि में सुधार कराया जा सकता है। मौके पर मौजूद मतदाताओं से हैश टैग आई एम वेरिफाईड वोटर अभियान का प्रचार-प्रसार करने की अपील की गई। साथ ही निर्भिक होकर चुनाव के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया।

निर्वाचन मंत्रीमंडल विभाग, झारखंड, रांची की संयुक्त सचिव ने बुथ भ्रमण के दौरान उक्त बुथों पर उपलब्ध न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं यथा- पेयजल, बिजली, शौचालय, रैम्प आदि का निरीक्षण किया।

मौक पर संबधित अधिकारियों को यथाशीघ्र उक्त न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं बहाल करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 60-खूंटी सह अनुमंडल पदाधिकारी, खूंटी श्री अनीकेत सचान, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री प्रिंस गॉडवीन कुजूर, खूंटी एवं अन्य मौजूद थे।

# एक नजर

## सोनालीका ने फरवरी में की 9,722 ट्रैक्टरों की बिक्री

**पटना।** भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड, सोनालीका ट्रैक्टर्स कृषि मशीनीकरण की दिशा में भारतीय कृषि का नेतृत्व करने और 20-120 एचपी में अपनी व्यापक हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर रेंज के साथ किसानों के जीवन को खुशहाल बनाने पर गर्व महसूस करता है। वित्तीय वर्ष 24 के अंतिम चरण में आगे बढ़ते हुए, सोनालीका ट्रैक्टर्स ने फरवरी महीने की अपनी अब तक सर्वाधिक 16.1 प्रतिशत बाज़ार हिस्सेदारी और उद्योग में सबसे अधिक बाज़ार हिस्सेदारी में बढ़ोतरी हासिल की है। इसमें फरवरी 24 के दौरान 9,722 ट्रैक्टरों की कुल बिक्री का मजबूत प्रदर्शन शामिल है, जो कंपनी के फरवरी 23 में 9154 ट्रैक्टरों की कुल बिक्री से 6.2 प्रतिशत अधिक है। जहां एक तरफ उद्योग में बिक्री लगातार गिर रही है, वहीं सोनालीका ट्रैक्टर उद्योग में बढ़ने वाला एकमात्र ब्रांड बन गया है और उद्योग के प्रदर्शन को भी पीछे छोड़ दिया है। अपने विचार साझा करते हुए, रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा, हमें भारतीय कृषि में ट्रैक्टर की जरूरतों को पूरा करने करते हुए अपनी फरवरी महीने की सर्वाधिक 16.1% बाज़ार हिस्सेदारी के साथ-साथ बाज़ार हिस्सेदारी में सर्वाधिक बढ़ोतरी हासिल करने पर खुशी महसूस हो रही है।

## देसी कट्टा, दो जिन्दा कारतूस एवं 2.1 किलोग्राम गांजा के साथ अपराधी धराया

**बेगूसराय।** चेरियाबरियापुर थानान्तर्गत कुंभी गांव स्थित सरपताही चौड़ में बड़ी आपराधिक घटना करने की योजना को पुलिस ने विफल करते हुए एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से देसी कट्टे दो जिन्दा कारतूस एवं 2.1 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया है। उक्त व्यक्ति की पहचान खोदावंदपुर थाना क्षेत्र के बाड़ा निवासी रामदेव सहनी का पुत्र पप्पू सहनी बताया जाता है। इधर एसपी मनीष ने प्रेस को बताया कि दिनांक 03 मार्च को समय लगभग 07:30 बजे संध्या में चेरियाबरियापुर थाना को गुप्त सूचना मिली की ग्राम कुम्भी मुसहरी स्थित सरपताही चौड़ में एक व्यक्ति प्लास्टिक के थैला में अवैध समान लिए हुए जा रहा है तथा उसके पास हथियार भी है। प्राप्त सूचना को सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में चेरियाबरियारपुर थानाध्यक्ष पुअनि विवेक भारती पुअनि निशा कुमारी थानाध्यक्ष खोदावंदपुर पुअनि मिथिलेश कुमार एसओजी 03 पटना के पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के द्वारा सूचनानुसार स्थल पर पहुँचकर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को हाथ में पीला रंग का थैला लिए हुए पकड़ा गया। पूछताछ करने पर पकड़ाये व्यक्ति द्वारा अपना नाम पप्पू सहनी बताया। विधिवत तलाशी लेने पर उसके पास से 2.1 किलोग्राम गांजा एक देसी कट्टा एवं दो जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। जिसे विधिसम्मत आवश्यक अग्रतर कार्रवाई की जा रही है और जेल भेजने की सारी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। छापेमारी टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को एसपी के द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

## हर भारतवासी है मोदी का परिवार : अश्विनी चौबे

**बक्सर।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा है कि हर भारतवासी मोदी का परिवार है। लालू प्रसाद यादव की पहचान भ्रष्टाचार एवं परिवारवाद से ही है। लालू प्रसाद यादव ने अपने परिवार को ही सिर्फ आगे बढ़ाने का काम किया। बिहार में जाति धर्म के नाम पर लोगों को गुमराह किया। आज जब बिहार और देश आगे बढ़ रहा है। एक गरीब का बेटा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश हर मोर्चे पर आगे बढ़ रहा है, तो भ्रष्टाचारियों एवं परिवारवाद पार्टियों में कुंठा बढ़ गई है। उन्हें यह पच नहीं रहा है कि एक गरीब का बेटा देश का प्रधानमंत्री है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत का मान सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ रहा है। आज 140 करोड़ जनता का सिर गौरव से ऊंचा हुआ है। उन्होंने कहा कि जिन्हें परिवार की चिंता है, वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निजी टिप्पणी कर रहे हैं। आज देश की जनता प्रधानमंत्री श्री मोदी के साथ है। जनता के आशीर्वाद से पुनः तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बनेगी। परिवारवादी एवं भ्रष्टाचारी पार्टियों का सुपड़ा साफ हो जाएगा।

## बारिश से मसूर और तिलहनी फसलों को नुकसान

**दनियावां (पटना)।** प्रखंड के छह पंचायतों के 33 राजस्व गावों में रविवार और सोमवार की सुबह के समय हुई वर्षा से दलहनी फसल मसूर और चना की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। पिछले 20 दिनों के अंदर दो-तीन बारिश हो चुकी है। लगातार बादल छाए रहने से तैयार मसूर की फसल में दानों के काले होने की समस्या से किसान मुश्किल परिस्थितियों से रूबरू हो रहे हैं। वहीं, इस वर्षा से तिलहनी फसल सरसों, राई और अलसी (तीसी) के फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। शाहजहांपुर के किसान शिवध्यान सिंह, अनिल सिंह, चकरज्जा के प्रसिद्ध सिंह, सुनील कुमार, सरथुआ के नागेंद्र प्रसाद, सतीश कुमार, खरभैया के संत कुमार मुन्ना इन लोगों ने बताया कि बिना मौसम के बरसात से फसलों की बर्वादी हो रही है। वहीं इस वारिश से गेहूं की फसल को ही थोड़ा लाभ मिला है।

# एनटीपीसी कहलगांव में मनाया गया 53वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कहलगांव।** कहलगांव सुपर थर्मल पावर स्टेशन में सुरक्षा विभाग द्वारा आयोजित 53वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर प्रशासनिक भवन परिसर में अजय शर्मा, परियोजना प्रमुख (कहलगांव) द्वारा सुरक्षा ध्वज फहराया गया।

सुरक्षा ध्वज फहराने के बाद उपस्थित एनटीपीसी कर्मचारियों और श्रमिकों ने सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण की रक्षा में खुद को निवेश करने और नियमों, अधिनियमों और विनियमों का पूरी तरह से पालन करने के साथ-साथ दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आदतों और विश्वासों को विकसित करने की शपथ ली।




अजय शर्मा, परियोजना प्रमुख (कहलगांव) ने राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 2024 की थीम उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व पर एक विशेष व्याख्यान दिया। परियोजना प्रमुख (कहलगांव) ने कहा कि हमें अपने संबंधित कार्य क्षेत्रों की सुरक्षा अनुपालन के प्रति ज्यादा सतर्क रहने की आवश्यकता है की आवश्यकता है और हमारा प्रयास प्रयास शून्य दुर्घटनाओं को प्राप्त करना है। उन्होने सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए सुरक्षा नियमों के अनुपालन पर विशेष जोर दिया तथा दुर्घटनाओं को देश की अर्थव्यवस्था के लिए घातक बताते हुए कहा कि दुर्घटनाएं समाज, परिवार एवं विशेषकर लोगों के हित के लिए हानिकारक होती हैं।

परियोजना प्रमुख (कहलगांव) ने दुर्घटनाएं को रोकने के लिए हरसंभव प्रयास करने की अपील की। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं एनटीपीसी गीत के साथ हुई। अजय शर्मा, परियोजना प्रमुख (कहलगांव)ने सुरक्षा माह नवंबर - 2023 और राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह 26 फरवरी 2024 - 4 मार्च 2024 के दौरान एनटीपीसी कर्मचारियों, दीप्तिनगर की महिलाओं, कार्य एजेंसियों और स्कूली बच्चों के बीच आयोजित विभिन्न सुरक्षा संबंधी प्रतियोगिताओं के सभी विजयी प्रतिभागियों को बधाई दी। शैफाली शर्मा, अध्यक्षा, (सृष्टि समाज) बी राजेंद्र कुमार, महाप्रबंधक (ओ एंड एम), एच आर मलिक महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन) प्रभात रंजन बारिक महाप्रबंधक (मैंटेनेंस ), राजेश गुप्ता महाप्रबंधक (ऐश डाइक प्रबंधन), घोष दस्तीदार महाप्रबंधक (टी एस), राकेश चौहान महाप्रबंधक (एफ़जीडी), मनीष कुमार, सहायक कमांडेंट (सीआईएसएफ) ने पुरस्कार देकर सुरक्षा जागरूकता पहल को प्रोत्साहित किया और सभी से इसे अपने दैनिक जीवन में लागू करने की अपील की।

इस अवसर पर खुर्शीद अनवर, अपर महाप्रबंधक (सुरक्षा-समन्वयक), डॉ. सुष्मिता सिंह, सीएमओ, (जीवन ज्योति अस्पताल), यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधि, एनटीपीसी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित थे। मंच का संचालन ब्रजबंधु नायक (कार्यकारी सुरक्षा) एवं नवल किशोर रजक (उप प्रबंधक सुरक्षा) ने किया।

# ‘कुपोषण मुक्त खूंटी’ एवं स्वस्थ खूंटी के उद्देश्यों को पूर्ण करने की पहल पर आरोग्य रथ को किया गया रवाना

## सामुदायिक स्तर पर कुपोषित व अतिकुपोषित बच्चों की पहचान करने की दिशा में होंगे सफल प्रयास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**खूंटी।** खूंटी जिला अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के कुपोषित बच्चों के पोषण स्थिति में सुधार एवं मरीजों का निःशुल्क ईलाज एवं दवा वितरण के उद्देश्य से 'आरोग्य रथ' परियोजना का शुभारंभ किया गया। उपायुक्त, लोकेश मिश्रा द्वारा समाहरणालय परिसर से आरोग्य रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।




इसका क्रियान्वयन राजकुमारी फाउंडेशन के सहयोग से किया जा रहा है। एक चालित वाहन से दो या दो से अधिक जगहों पर पोषण शिविर संचालित होगा। इस चालित वाहन से 30 मिनट के अंतराल पर भोजन एवं अन्य सामाग्री दो या दो अधिक शिविर स्थान पर पहुँचाई जा सकेगी। यह वाहन भंडार कक्ष का भी कार्य करेगी जिसमे पोषण शिविर की समग्रियों का सुरक्षित भंडारण किया जाएगा। यह वाहन शिविर कर्मियों को सुदूर ग्रामीण क्षेत्र तक ले जाने में सहयोग करेगी। केंद्रीय कृत निगरानी वाहन में लगे क्लाउड बेस्ड कैमरे द्वारा शिविर के प्रत्येक गतिविधियों की निगरानी रखी जाएगी। उम्र के सापेक्ष में कम वजन वाले अति कुपोषित बच्चे एवं उनके अभिभावक अधिकतम 40 कुपोषित बच्चे प्रत्येक शिविर में लाभान्वित होंगे। कुपोषित बच्चों को उम्र के हिसाब से उपयुक्त पौष्टिक भोजन दिन में तीन बार दिया जाएगा यह भोजन विशेषज्ञ की देखरेख में बनाया जाएगा। मौके पर उपायुक्त ने बताया कि इस माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करते हुए पोषण से संबंधित जानकारियां उपलब्ध करायी जाएगी। कुपोषण के मामलों को ठीक करने के लिए एक उचित माध्यम के रूप में गांव-गांव तक पहुंचकर सेवा दी जाएगी। आज आरोग्य रथ सोसोकुटि एवं तेलंगाडीह पहुंची। इस दौरान बिरहोर परिवारों का सुगम रूप से स्वास्थ्य जांच किया गया। साथ ही बच्चों की जांच कर कुपोषण के मामलों को चिन्हित किया गया। इस दौरान विशेषज्ञों के परामर्श एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई गई। कुपोषित बच्चों को उचित रूप से आहार एवं पोषण भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

उक्त वैन खूंटी प्रखण्ड के प्रत्येक पंचायत में कुपोषण के मामलों को चिन्हित कर आवश्यक सेवाएं प्रदान करेगी। विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क टेलीमेडिसिन परामर्श प्रदान किया जाएगा। परामर्श के अनुसार मुफ्त दवाइयां और निःशुल्क नैदानिक परीक्षण प्रदान किए जायेंगे।

CMYK



ग्राहम गूच को पीछे छोड़ बन सकते हैं नंबर 1

इंडिया वर्सेस इंग्लैंड

# यशस्वी जायसवाल के निशाने पर 34 साल पुराना यह रिकॉर्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के 22 वर्षीय युवा ओपनर बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले 4 मैचों में अपनी प्रतिभा के झंडे गाड़ चुके हैं। यशस्वी ने इन 4 टेस्ट मैचों में दो दोहरे शतक के साथ सबसे ज्यादा 655 रन बनाकर की टेस्ट रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं और अब कई रिकॉर्ड्स उनके निशान पर आखिरी टेस्ट मैच के दौरान होंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला धर्मशाला में 7 मार्च से खेला जाएगा और इसमें यशस्वी के पास 34 साल पुराना एक रिकॉर्ड तोड़ने का शानदार मौका होगा। यशस्वी जायसवाल के पास धर्मशाला टेस्ट मैच में 34 साल पुराना रिकॉर्ड बनाने का बेहतरीन मौका है। दरअसल भारत-इंग्लैंड के बीच एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर ग्राहम गूच के नाम पर दर्ज है।

### भारत-इंग्लैंड के बीच एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप 3 बल्लेबाज

| | | |
|---|---|---|
| ग्राहम गूच | 752 रन | 1990 |
| विराट कोहली | 655 रन | 2016 |
| यशस्वी जायसवाल | 655 रन | 2024 |

विमेंस प्रीमियर लीग के इतिहास में पहली बार हुआ इस नियम का इस्तेमाल

# गुजरात जाएंट्स ने बीच मैच में बदला खिलाड़ी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुजरात जाएंट्स की ऑलराउंडर सयाली सतघरे महिला प्रीमियर लीग में पहली बार कन्कशन सब्स्टीट्यूट बनीं। 3 मार्च, रविवार को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में गुजरात जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच विमेंस प्रीमियर लीग 2024 मैच के दौरान सयाली ने दयालन हेमलता की जगह ली।

दिल्ली कैपिटल्स की पारी के 15वें ओवर के दौरान कैथरीन ब्राइस की गेंद पर डीप मिडविकेट पर कैच लेने का प्रयास करते समय हेमलता के माथे पर चोट लग गई।

हेमलता जेस जोनासेन का कैच पकड़ने में नाकाम रहीं। हेमलता ने ना केवल एक आसान सा कैच टपकाया बल्कि खुद को चोटिल भी कर लिया जिसके बाद फिजियो द्वारा उन्हें मैदान से बाहर ले जाया गया।

### सयाली सतघरे कौन हैं?

हेमलता चोटिल होने के बाद शेष मैच से बाहर हो गईं, 164 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के दौरान सयाली को उनके कन्कशन सब्स्टीट्यूट के रूप में मंजूरी दी गई।



## संक्षिप्त समाचार

### सुनील गावस्कर ने जसप्रीत बुमराह के रेस्ट पर उठाए सवाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने इंडिया वर्सेस इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के बीच जसप्रीत बुमराह के रेस्ट पर सवाल उठाए हैं। बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ रांची टेस्ट में आराम दिया गया था। उनकी जगह आकाश दीप को डेब्यू का मौका मिला था। हालांकि इस टेस्ट में भारत को बुमराह की कमी नहीं खली और टीम इंडिया ने 5 विकेट से मुकाबला जीतकर सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल की। हालांकि गावस्कर का कहना है कि दूसरे और तीसरे टेस्ट के बीच 9 दिन का गैप था और तीसरे टेस्ट में बुमराह का 23 ओवर गेंदबाजी करना बिल्कुल थका देने



वाला नहीं था। बता दें, जसप्रीत बुमराह ने राजकोट टेस्ट की पहली पारी में 15 तो दूसरी इनिंग में 8 ओवर गेंदबाजी की थी। उन्हें वर्कलोड मैनेज करने के लिए रांची में खेले गए चौथे टेस्ट से आराम दिया गया था। हालांकि, वह सीरीज के आखिरी टेस्ट के लिए टीम के साथ फिर से जुड़ गए हैं। सुनील गावस्कर ने जसप्रीत बुमराह के रेस्ट पर सवाल उठाते हुए मिड डे के कॉलम में लिखा, राजकोट में तीसरे टेस्ट की पहली पारी में सिर्फ 15 ओवर और फिर दूसरी पारी में आठ ओवर फेंकने के बावजूद, संभवत: ट्रेनर की सिफारिश पर बुमराह को रांची के लिए आराम दिया गया था।

### सहवाग की टीम को हरा रैना की यूपी बनी चैंपियन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पवन नेगी की शानदार शतकीय पारी की मदद से वीवीआईपी उत्तर प्रदेश ने रविवार को ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग के पहले संस्करण के फाइनल में मुंबई चैंपियंस को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। टूर्नामेंट के हीरो नेगी ने 55 गेंद पर 105 रन बनाए। परविंदर सिंह ने 34 गेंदों में 51 रन बनाए। इन दोनों की पारी के बदौलत सुरेश रैना की अगुआई वाली वीवीआईपी उत्तर प्रदेश ने फाइनल में वीरेंद्र सहवाग की अगुआई वाली




मुंबई चैंपियंस को छह विकेट से हराकर आईवीपीएल का खिताब अपने नाम किया। हालांकि, सहवाग यह मैच नहीं खेले। इंग्लैंड के पूर्व खिलाड़ी फिल मस्टर्ड ने मुंबई की कमान संभाली। आखिरी तीन ओवर में वीवीआईपी उत्तर प्रदेश को 27 रनों की जरूरत थी और नेगी और पुनीत बिष्ट क्रीज पर थे। दोनों ने चार गेंद शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया। नेगी को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वीवीआईपी उत्तर प्रदेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। मुंबई चैंपियंस की पारी में 5 ओवर का खेल हुआ था उसके बाद आ गई। इसके कारण मैच कुछ देर के लिए रुका। एक घंटे के बाद खेल दोबारा शुरू हुआ और ओवर्स में कटौती नहीं हुई। बारिश के बाद भी दर्शक स्टेडियम में डटे रहे और मैच खत्म होने के बाद ही गए।



# 5वां टेस्ट खेलेंगे जसप्रीत बुमराह

धर्मशाला में 3 पेसर उतार सकता है भारत; पाटीदार या पड्डीकल में कोई एक ही खेलेगा

**धर्मशाला।** इंग्लैंड के खिलाफ 5वें टेस्ट में टीम इंडिया प्लेइंग-11 में 2 बदलाव के साथ उतर सकती है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह स्क्वॉड का हिस्सा हैं, इसलिए उनका खेलना भी कन्फर्म ही है। दूसरी ओर आउट ऑफ फॉर्म रजत पाटीदार की जगह देवदत्त पड्डीकल डेब्यू कर सकते हैं। धर्मशाला के HPCA स्टेडियम में मुकाबला 7 मार्च से शुरू होगा। यहां स्पिन के मुकाबले पेस को ज्यादा मदद मिलती है, इसलिए टीम इंडिया 3 पेसर्स के साथ खेलने उतर सकती है। आगे जानते हैं 5वें टेस्ट के लिए भारत की पॉसिबल प्लेइंग-11 क्या होगी।

धर्मशाला में 62% विकेट तेज गेंदबाजों ने लिए

धर्मशाला के HPCA स्टेडियम में तेज गेंदबाजों को ज्यादा मदद मिलती है। यहां अब तक हुए 20 इंटरनेशनल मैचों में 61.69% विकेट तेज गेंदबाजों को मिले। स्पिनर्स को 248 में से 95 विकेट ही मिले, यानी दोनों ही टीमें एक्स्ट्रा पेसर को मैदान में उतारने के बारे में सोच सकती है। टीम इंडिया के पास पेस बॉलिंग ऑप्शन में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और मुकेश कुमार हैं। आकाश और सिराज ने पिछला टेस्ट खेला था, वहीं बुमराह सीरीज के टॉप विकेट टेकर हैं। आकाश दीप ने अच्छा किया, इसलिए उन्हें बुमराह और सिराज के साथ मौका मिल सकता है।



### सीरीज में 3-1 से आगे भारत

टीम इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट की सीरीज में 3-1 से आगे है। पहला मुकाबला इंग्लैंड ने 28 रन से जीता था। इसके बाद भारत ने दूसरा मैच 106 रन, तीसरा मैच 434 रन और चौथा टेस्ट 5 विकेट के अंतर से जीत लिया। पांचवां मुकाबला 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा।

### बाहर हो सकते हैं कुलदीप

तेज गेंदबाजों के लिए मददगार पिच को देखते हुए टीम इंडिया 3 पेसर्स को प्लेइंग-11 में मौका दे सकती है। लेकिन इसके लिए पिछले मैच की प्लेइंग-11 में शामिल 3 में से किसी एक स्पिनर को बाहर बैठना पड़ सकता है। रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन और कुलदीप यादव पिछला मैच खेले थे। अश्विन और जडेजा अपनी बॉलिंग से ही किसी भी वर्ल्ड क्लास टीम की प्लेइंग-11 में शामिल हो सकते हैं। इनकी बैटिंग भी बहुत शानदार है। दूसरी ओर कुलदीप ने पूरी सीरीज में इंग्लिश बैटर्स को परेशान किया। उनकी बैटिंग भी अच्छी रही, लेकिन अश्विन और जडेजा का अनुभव ज्यादा है इसलिए कुलदीप को ही बुमराह के लिए जगह खाली करनी पड़ सकती है। बुमराह ने सीरीज के 3 मैचों में 17 विकेट लिए हैं। इसके बावजूद अगर कुलदीप को प्लेइंग-11 में मौका मिला तो फिर आकाश दीप को बाहर बैठाया जाएगा। ऐसे में अगर पहले गेंदबाजी आई तो टीम इंडिया के लिए 3 स्पिनर्स को प्लेइंग-11 में रखना रिस्की ऑप्शन हो जाएगा।

### पड्डिकल का डेब्यू संभव

टीम इंडिया दूसरा बदलाव बल्लेबाजी में कर सकती है। दूसरे टेस्ट में डेब्यू करने वाले रजत पाटीदार को लगातार 3 मुकाबलों में खेलने का मौका मिला। लेकिन वह एक फिफ्टी भी नहीं लगा सके।

गर्लफ्रेंड ने किया बड़ा खुलासा, जानें

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो कब लेंगे संन्यास ?

नई दिल्ली, एजेंसी। पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो जल्द संन्यास की घोषणा कर सकते हैं। इसका खुलासा उनकी गर्लफ्रेंड जॉर्जिना रोड्रिग्ज ने किया। उन्होंने बताया कि एक-दो सालों में वह अपने करियर को समाप्त करने का फैसला ले सकते हैं। पिछले दो दशकों से रोनाल्डो एक ऐसा नाम बने हुए हैं जिसने फुटबॉल जगत को रोशन किया है। महान खिलाड़ी की गर्लफ्रेंड रोड्रिग्ज ने पेरिस फैशन वीक में रोनाल्डो के संन्यास पर बात की। उन्होंने कहा, क्रिस्टियानो एक और साल, फिर यह खत्म हो जाएगा। शायद दो साल, मुझे नहीं पता। हाल ही में दिग्गज पर बैन लगा था। उन्हें मेसी के नाम पर गलत इशारा करने का खामियाजा भुगतना पड़ा।

**गलत इशारे करने पर लगा बैन-** 25 फरवरी को अल नस्र और ल शबाब के बीच खेले गए मुकाबले में जैसे ही रोनाल्डो ने गोल किया दर्शकों ने मेसी-मेसी के नारे लगाने शुरु कर दिए। इस पर उन्होंने गलत इशारा किया जिसके बाद उनकी पूरी दुनिया में आलोचना हुई। विवाद बढ़ने के बाद अल नस्र ने पुर्तगाल के खिलाड़ी पर एक मैच का बैन लगाया।



इसके अलावा उन्हें करीब पांच हजार डॉलर का जुर्माना भरना पड़ा।

**बैन के बावजूद स्टेडियम पहुंचे फुटबॉलर-** अपने खेल के कारण चर्चा में रहने वाले रोनाल्डो का विवादों से पुराना नाता रहा है। बैन के बावजूद हाल ही में उन्हें एक फुटबॉल मैच के दौरान स्टैंड्स में देखा गया। अल नस्र और अल हजम के बीच खेले गए मुकाबले के दौरान रोनाल्डो अपनी टीम को चियर करने के लिए स्टेडियम पहुंचे थे। फैंस उन्हें देखकर काफी खुश हुए। वहीं, दिग्गज खिलाड़ी इस दौरान काफी भावुक नजर आए।

### 2023 में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी रहे रोनाल्डो

पांच बार के बैलन डीओर विजेता क्रिस्टियानो रोनाल्डो 2023 में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने अपने देश पुर्तगाल और क्लब अल नस्र के लिए कुल 54 गोल दागे। दुनिया का कोई भी खिलाड़ी पेशेवर फुटबॉल में इतने गोल नहीं कर सका। 38 वर्षीय रोनाल्डो ने बायर्न म्यूनिख और इंग्लैंड के स्ट्राइकर हैरी केन (52 गोल), पीएसजी और फ्रांस के फारवर्ड किलियन एमबीप्पे (52 गोल), और मैनचेस्टर सिटी और नॉर्वे के स्ट्राइकर एर्लिंग हॉलैंड (50 गोल) को पछाड़कर साल में सबसे ज्यादा गोल करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया।

# स्टार ऑलराउंडर ने फिर खटखटाया


टीम इंडिया का दरवाजा, वर्ल्ड कप से पहले ठोका शतक

### टेंशन में होंगे हार्दिक पंड्या

**मुंबई, एजेंसी।** पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के खिलाफ अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच खेलने वाले शार्दुल ठाकुर ने एकबार फिर सिलेक्टर्स का ध्यान खींचा है। आईपीएल से ठीक पहले और टी-20 वर्ल्ड कप के नजदीक शार्दुल ने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में जुझारू शतक जड़ दिया। हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे के नाम की चर्चा के बीच शार्दुल की ये पारी उनके इंटरनेशनल करियर के लिए ऑक्सीजन का काम करेगी। रेड बॉल क्रिकेट बनाम आईपीएल की बहस के बीच विपरित हालातों में शार्दुल ठाकुर ने 105 गेंद में 109 रन बनाए, जिसमें तीन चौथाई से ज्यादा रन बाउंड्रीज से आए। दाएं हाथ के इस फास्ट बॉलिंग ऑलराउंडर ने 13 चौके और चार छक्के जड़े।

### शार्दुल के शतक से उबरी मुंबई

रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल के दूसरे दिन मुंबई की टीम होमग्राउंड पर ही लड़खड़ा गई थी। तमिलनाडु को 146 रन पर आउट करने के बाद मुंबई का स्कोर भी एक समय सात विकेट पर 106 रन हो गया था। ऐसे मौके पर भारतीय क्रिकेट टीम के लिए कुछ यादगार प्रदर्शन कर चुके शार्दुल ठाकुर ने क्रीज पर एंट्री की और 109 रन की शतकीय पारी खेलकर टीम को उबारा। उनको साथ मिला नंबर-10 बल्लेबाज तनुष कोटियान का जो दूसरे दिन स्टंप्स तक 74* रन बनाकर क्रीज पर जमे हुए थे। तनुष को नंबर-11 बल्लेबाज तुषार देशपांडे (17*) का भी साथ मिला। दोनों 10वें विकेट के लिए नाबाद 63* रन जोड़ चुके हैं। इससे पहले तमिलनाडु के कप्तान आर साई किशोर ने छह विकेट लेकर मुंबई को बैकफुट पर धकेल दिया था। स्टंप्स तक मुंबई ने नौ विकेट गंवाकर 353 रन बना लिए थे और उसे पहली पारी के आधार पर 207* रन की बढ़त मिल चुकी थी।



# महोत्सव के आयोजनों से होता है संस्कृति का प्रचार-प्रसार : सांसद

## धार्मिक अनुष्ठान के साथ दो दिवसीय अम्बे महोत्सव की शुरुआत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम होते रहते हैं। यह आवश्यक है और अपनी जगह पर सही भी है, परन्तु महोत्सव के आयोजन के उद्देश्यों और उनके इतिहास के प्रचार-प्रसार करने की आवश्यकता है। महोत्सव के आयोजन से लोगों के अंदर संस्कार का विकास होता है और अच्छे संस्कार से सभ्य समाज का निर्माण होता है। महोत्सव के माध्यम से हम अपने संस्कृति को याद करते हैं और संस्कारों को जीतें हैं। यह बात औरंगाबाद के सांसद सुशील कुमार सिंह ने सोमवार को दो दिवसीय अम्बे महोत्सव का उद्घाटन करते हुए कही। इस महोत्सव का उदघाटन सांसद के साथ उप विकास आयुक्त अभ्येन्द्र मोहन, पूर्व विधायक ललन राम, जिला परिषद सदस्य सुरेंद्र यादव, जिला परिषद प्रतिनिधि सुबोध सिंह, प्रमुख धर्मेंद्र कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार, अंचल अधिकारी चंद्र प्रकाश ने संयुक्त रूप से फीता काटने के पश्चात दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर अपने संबोधन में सांसद ने उत्तर कोयल नहर सिंचाई परियोजना, अंबा बाजार में बाईपास निर्माण एवं अंबा बाजार में प्रतिदिन लगने वाले भीषण जाम जैसी क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बीते दिनों औरंगाबाद में प्रधानमंत्री ने जनसभा के दौरान उत्तर कोयल नहर परियोजना की समस्या को दूर करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की थी। इसके पूर्व माता सतबहिनी मंदिर प्रांगण में धार्मिक अनुष्ठान के साथ दो दिवसीय अम्बे महोत्सव का आगाज सोमवार को किया गया। इस दौरान सैंकड़ों श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ माथे पर कलश लेकर जयघोष करते हुए मंदिर परिसर से हरदत्ता बटाने नदी के तट पर पहुंचे। जहां धर्माचार्यों द्वारा गंगा पूजन एवं आरती के पश्चात जलभरी किया और पदयात्रा करते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंचकर कलश यात्रा सम्पन्न की।

**कम राशि दिए जाने से असंतुष्ट दिखे जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग**

अम्बे महोत्सव को राजकीय स्तर पर मिलने वाली राशि के कम होने के कारण जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग असंतुष्ट दिखें। जनप्रतिनिधियों ने प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि औरंगाबाद जिले में देव महोत्सव के बाद आयोजित होने वाला यह दूसरा महोत्सव है जिसे वर्ष 2004 में प्रारंभ किया गया था। दूसरा सबसे पुराना महोत्सव होने के बावजूद अम्बे महोत्सव को मात्र दो लाख रुपए की राशि दी जाती है जो किसी भी महोत्सव के आयोजन के लिए बहुत कम है। जनप्रतिनिधियों ने अम्बे महोत्सव को दी जाने वाली राशि को बढ़ाने की मांग की है।

## कलयुगी पुत्र ने कुल्हाड़ी से वार कर वृद्ध मां को किया घायल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** एक कलीयुगी पुत्र ने अपनी मां पर कुल्हाड़ी से वार कर उन्हें गंभीर रुप से घायल कर दिया। घायल महिला की पहचान शहर के पुरानी शहर वार्ड सं. तीन बालूगंज निवासी रामप्यारे चौधरी की 80 वर्षीया पत्नी सोहदरी देवी के रुप में की गई है। कुल्हाड़ी से वार करने का आरोप घायल महिला के बेटे पर लगा है। हालांकि, संवाद भेजे जाने तक घटना के संबंध में किसी के द्वारा कोई लिखित शिकायत थाना में नहीं किया गया है। घटना की सूचना पाकर थानाध्यक्ष फहीम आजाद खां घटनास्थल पर पहुंचे और घायल महिला को लाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। स्थानीय पीएचसी के चिकित्सकों ने घायल महिला को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया है। सब इंस्पेक्टर कुमकुम कुमारी के नेतृत्व में पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंकर छानबीन किया।

## ग्रामीण क्षेत्र की टूटी सड़कों की अनिवार्य रूप से मरम्मति का डीएम ने दिया निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में तकनीकी विभागों द्वारा कार्यान्वित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर ग्रामीण क्षेत्र के टूटी हुई सड़कों को अनिवार्य रूप से मरम्मत करने हेतु कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, औरंगाबाद एवं दाउदनगर को निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद को विशेष केन्द्रीय सहायता योजनान्तर्गत पूर्व के सभी चयनित योजनाओं का अचूक रूप से निविदा निष्पादन कर कार्य प्रारंभ कराने हेतु निदेश दिया गया। विशेष केन्द्रीय सहायता योजनान्तर्गत कार्यान्वित योजनाओं में कार्यपालक अभियंता, नगर विकास विभाग, औरंगाबाद को सभी अपूर्ण योजनाओं का कार्य पूर्ण कराने हेतु निदेश दिया। इसके साथ विशेष केन्द्रीय सहायता योजनान्तर्गत लघु सिंचाई प्रमंडल एवं सर्व शिक्षा अभियान, औरंगाबाद द्वारा कार्यान्वित योजनाओं का कार्य अनिवार्य रूप से माह मार्च तक पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिया। साथ ही एनएच 139 में जो गढ्ढे है या अन्य आवश्यक मरम्मति का कार्य कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, औरंगाबाद द्वारा यथाशीघ्र पूर्ण कराने हेतु निदेश दिया। बैठक में सभी विभागों के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## महादलित टोला में नहीं पहुंची नल-जल योजना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मदनपुर।** मदनपुर प्रखंड के दक्षिणी उमगा पंचायत के जंगलतटीय महादलित गांव पिछुलिया में नल का जल योजना आज तक नहीं पहुंच सका है। लोग बुंद बुंद पीने के पानी के लिए तरसते हैं। 48 घर की पिछुलियां गांव हैं जिसकी आबादी करीब सात सौ है। इस गांव में भोक्ता समुदाय के लोग रहते हैं। गांव के बच्चे-बच्चियां करीब दो किलोमीटर दूरी तय कर पैदल ही पढ़ने के लिए जुडाही स्कूल में जाते हैं। सामाजिक कार्यकर्ता व पिछुलिया निवासी गणेश सिंह भोक्ता ने बताया कि इस गांव के इर्दगिर्द गांव शिवनगर, पिपरगढी में भी नल का जल योजना नहीं पहुंचा है। शिवनगर 250 घर और पिपरगढी 10 घर की बस्ती है। इन गांवों के बच्चे भी पढ़ने के लिए जुडाही स्कूल में ही जाते हैं। नली-गली नहीं बना है जिससे परेशानी बना रहता है। उन्होंने बताया कि पूर्व मुखिया व प्रतिनिधि उपेन्द्र कुमार यादव ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही पिछुलिया गांव में नली गली की समस्या का समाधान करा दिया जाएगा।

## देवकुंड में अतिक्रमणकारियों का साम्राज्य कायम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** देवकुंड बाजार में अतिक्रमणकारियों साम्राज्य कायम है। अतिक्रमणकारियों को न कानून का डर है, न ही आम आदमी का। प्रशासनिक अमला भी न जाने क्यों इन्हे नजर अंदाज करता है। लिहाजा अतिक्रमण से देवकुंड में आए श्रदालुओ को काफी परेशानी होती है। यह समस्या सहस्त्र धारा तालाब से लेकर बाबा दुधेश्वर नाथ मंदिर तक देखने को मिलता है। खास तौर पर देखा जाये तो देवकुंड बाजार पूरी तरह से अतिक्रमण का शिकार हो चुका है, लेकिन प्रशासन है को कुछ नजर नही आता, इसलिए कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। अतिक्रमण के कारण तालाब का मार्ग इतना संकरा हो गया है की मेला के समय श्रद्धालुओं को आने जाने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। वही दुकानदारों द्वारा अवैध कब्ज़ा कर लेने से देवकुंड की सूरत बिगड़ गई है।

## एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र का उदघाटन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा।** प्रखंड मुख्यालय के एसबीआई बैंक के समीप एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र का उदघाटन रविवार को किया गया। इसका उदघाटन एसबीआई बैंक के शाखा प्रबंधक सुबास चंद्र ठाकुर एवम डायरेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर प्रबंधक ने कहा कि यह बैंक छोटे मोटे व्यवसाईयों के लिए काफी लाभप्रद साबित होगा। अब वे इसी बैंक से जमा निकासी का कार्य शांतिपूर्वक कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार इस तरह का ग्राहक सेवा केंद्र हर जगह खोलने को दृढ़ संकल्पित है ताकि ग्राहकों का कार्य बेहतर तरीके से हो सके। इस मौके पर ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक दिलीप कुमार ने सबों से सहयोग मांगा। डायरेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि ग्राहकों की सुविधा को लेकर ग्रामीण कस्बों मे बैंक खुलने का सिलसिला जारी है, ताकि आम लोगो की समस्या का समाधान हो सके। इस मौके पर बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे।


## प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई जलभरी यात्रा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह प्रखंड क्षेत्र के हुंड़रही गांव में सोमवार को रुद्र महायज्ञ सह शिव मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर जलभरी यात्रा किया गया। गाजे-बाजे के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने माथे पर कलश लिए जलभरी यात्रा में शामिल हुए। जहां अयोध्या धाम से पहुंचे विद्वान ब्राह्मण यज्ञाचार्य स्वामी निवासानंद जी ने सिद्धरामपुर स्थित पुनपुन नदी घाट पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं को कलश में जलभरी कराई। जलयात्रा में यज्ञ समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह उर्फ कर्पूरी, पैक्स अध्यक्ष राजीव कुमार विद्यार्थी, गुंजन सिंह, अजय सिंह, रमेश सिंह, अशोक सिंह, अनिल सिंह, सुरेश दास, नरेश कुमार, राम जीवन दास, किशोरी राम सहित दर्जनों लोग शामिल रहे। विदित हो कि 4 मार्च से आयोजित यज्ञ 10 मार्च को विधिवत भंडारे के साथ संपन्न होगी।

## दीपक कुमार ने नये अंचलाधिकारी के रूप में संभाला कार्यभार, कर्मियों ने किया स्वागत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देव।** अंचल कार्यालय में सोमवार को नये सीओ दीपक कुमार ने पदभार ग्रहण किया। सीओ ने पदभार ग्रहण करने के उपरांत कहा कि भूमि सुधार सहित सभी कार्यो को प्राथमिकता देकर निपटारा करूंगा। सीओ के आने की खबर जैसे ही अंचल कार्यालय व प्रखंड कार्यालय में लोगों को लगी, सभी ने नये सीओ का स्वागत किया गया। मौके पर प्रेम कुमार, दीपक कुमार, धर्मेंद्र कुमार यादव, दीपक कुमार, आईटी सहायक कहकशा तरन्नुम, संजय कुमार, शक्ति कुमार, रंजीत कुमार, सहायक रितिकेश, दीपक कुमार, प्रधान सहायक श्याम नारायण सिंह, राजस्व कर्मचारी रजनीश कुमार, विशाल, अविनाश इंद्रजीत, शैलेन्द्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

## दो शराबी गिरफ्तार, जेल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** उपहारा थाना पुलिस ने रविवार की संध्या अरंडा मोड़ से दो शराबी को गिरफ्तार कर थाना लाया है। थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने बताया कि दोनों शराबी गोह थाना क्षेत्र के घाटों गांव का निवासी है। दोनों शराब पीकर अरंडा मोड़ पर हंगामा कर रहा था। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों भाई रामनिवास यादव एवं श्याम बिहारी यादव को गिरफतार कर सोमवार को जेल भेज दिया।

## शराब कारोबारियों के विरोध में लामबंद हुए ग्रामीण

### स्थानीय स्तर पर कमिटी बनाकर पुलिस को सौंपी लिस्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर थाना क्षेत्र के गया जिले के सीमा पर स्थित मिठाईयां गांव के लोगों द्वारा शराबबंदी के पक्ष में तथा इससे जुड़े कारोबारियों पर शिकंजा कसने को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया। कमिटी से जुड़े लोगों ने कारोबारियों को चिन्हित कर ग्रामीणों द्वारा हस्ताक्षरित आवेदन पुलिस को दिया। मामले में पुलिस ने मिठाईयां गांव में छापेमारी की जिसमें कुछ लोग पकड़े गए। इस दौरान शराब भी बरामद किया गया। वहीं मामले में दो- तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इस कार्रवाई से दहशत बना हुआ हैं। इस गांव के समाजिक कार्यकर्ता सूर्य देव चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि रंजीत कुमार यादव, अशोक यादव, सुषमा कुमारी, चिन्ता देवी, सुजान्ती देवी तथा शिवन चौधरी, बीरेन्द्र यादव सहित 52 लोगों का हस्ताक्षरित आवेदन थाना को शराबबंदी के समर्थन में कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सूर्यदेव चौधरी ने बताया कि इस गांव में शाम ढलते ही शराबियों का जमावड़ा लगा जाता था। जब से ग्रामीणों द्वारा कमिटी गठन हुआ है तब से शराब कारोबारियों का मनोबल गिरा है। साथ ही शराब बिकना कम हो गया है। लेकिन कुछ लोग छिप छिपा कर बेचते हैं। उन्होंने थानाध्यक्ष से मांग की गई है कि पुलिस की संध्या गशती दल मिठाईया गांव में एक कम से कम एक बार भ्रमण कर लें, तो यहां शत-प्रतिशत शराब बिकना बंद हो जाएगा। कमिटी से जुड़े लोगों ने शराब के अवैध करोबार से जुड़े 21 लोगों को चिन्हित किया है, जो आज भी शराब कारोबार को अंजाम देते हैं। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि छापेमारी कर शराब धंधेबाजों को जेल भेजा गया है। मांग के मद्देनजर वहां गशती बढ़ाया जाएगा।

## वारंटी गिरफ्तार




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज पुलिस ने छोटी इमादपुर महल्ला के मोहन मिस्त्री को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि औरंगाबाद न्यायालय से मोहन मिस्त्री के विरुद्ध वारंट निर्गत है। जिसके आलोक में इसी के घर से गिरफ्तारी कर जेल भेज दिया गया है।

## मंदिर का पुनर्निर्माण न होने से लोगों में आक्रोश, दिया धरना



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** एनएच-19 के चौड़ीकरण को लेकर मदनपुर प्रखंड के शिवगंज स्थित महारूद्र महादेव संकट मोचन मंदिर को बीते साल एनएचआई द्वारा तोड़ दिया गया था। मामले में एनएचआई के अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि उस मंदिर को पास में ही निर्माण करवाया जाएगा लेकिन कई महीनों के बाद भी मंदिर निर्माण कार्य न होने और संबधित अधिकारियों द्वारा टाल-मटोल किये जाने से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। इस संदर्भ में आज जिला मुख्यालय स्थित दानी बिगहा स्थित दर्जनों लोगों ने धरना प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया और जल्द निर्माण करवाने की मांग की हैं। मौके पर गोकुल सिंह ने कहा कि एनएच -19 के चौड़ीकरण को लेकर महारूद्र महादेव संकट मोचन मंदिर को तोड़ा गया था लेकिन आज तक मंदिर का निर्माण कार्य न होने से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। उन्होने कहा कि उक्त मंदिर को चौड़ीकरण के नाम पर तोड दिया गया है। जबकि मंदिर के चारो तरफ का अतिक्रमण वर्तमान में भी विद्यमान है। इस कारण उक्त मंदिर में आस्था रखने वाले लाखों लोगो की भावना आहत हुई है। आस्थावान लोगों की भावना के अनुकुल एक दिवसीय धरना के माध्यम से मांग करता हूं कि ओवर ब्रिज का निर्माण कराते हुए उक्त मंदिर का निर्माण उसी जगह पर यथाशीघ्र कराया जाये।

## मतदान केंद्र भवनों का हुआ भौतिक सत्यापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर प्रशासनिक स्तर पर सरगर्मी अब तेज हो रही है। सोमवार के दिन अंचल अधिकारी हरिहरनाथ पाठक एवं थाना अध्यक्ष अजय कुमार ने संयुक्त रूप से प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्र भवनों पर पहुंचकर इनका भौतिक सत्यापन किया। भ्रमण के दौरान दोनों पदाधिकारी ने प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोराईपुर बुथ नंबर 279 एवं 280 एवं 344 प्राथमिक विद्यालय जगिया 333 प्राथमिक विद्यालय कासिम बीघा 266 उत्क्रमित मध्य विद्यालय 12 267 उत्क्रमित मध्य विद्यालय नारायणपुर 264 प्राथमिक विद्यालय बिशनपुर सहित विभिन्न भवनों का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि भौतिक सत्यापन का प्रतिवेदन संबंधित विभाग के पदाधिकारी को भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को बूथ पर मतदान करने में किसी तरह की कोई परेशानी ना हो, हर हाल में बूथ पर सुविधा अधिक से अधिक उपलब्ध हो जिसको लेकर भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ओबरा थाना क्षेत्र के सभी बूथों पर पहुंचकर भौतिक सत्यापन किया जाएगा तथा इसका प्रतिवेदन विभाग के जरिए पदाधिकारी को भेजा जायेगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)

सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)

पिन - 824101

मो.-9431223574,9572550076

व्हाटसप नं.-7295863300

ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com

Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**

31, कॉपरेटिव कॉलोनी.

बोकारो स्टील सिटी, बोकारो

मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**

मो.- 09818366269

## प्रधानाध्यापक के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** सदर प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय जम्होर मे रविवार को निवर्तमान प्रधानाध्यापक पुरुषोत्तम शर्मा के सम्मान में विदाई समारोह पूर्व प्रधानाध्यापक सह अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष कमलेश कुमार विकल की अध्यक्षता मे आयोजित किया गया, जिसका उदघाटन प्रखंड अध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह, संयुक्त सचिव कौशल किशोर, मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह, सुनील कुमार विकल, पूर्व प्रधानाध्यापक अनिल सिंह एवम महावीर सवारकर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर स्थापना डीपीओ दया शंकर सिंह ने कहा कि इस विद्यालय को बेहतर बनाने मे प्रधानाध्यापक की अहम भूमिका है। डीपीओ गार्गी कुमारी ने भी प्रधानाध्यापक के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि कम दिनो मे विद्यालय को बेहतर बनाया, जिसे भुलाया नही जा सकेगा। प्रभारी प्रधानाध्यापक रामनिवास राम समेत सभी शिक्षक और अतिथियों ने प्रधानाध्यापक के कार्यों की काफी सराहना की। निवर्तमान प्रधानाध्यापक पुरुषोत्तम शर्मा ने सबों को बधाई देते हुए कहा कि आपके सहयोग से ही विद्यालय का शिक्षण कार्य बेहतर हुआ। हमे भी जम्होर के ग्रामीण एवम सभी शिक्षक हमेशा याद आते रहेंगे। इस मौके पर शिक्षक ब्रजेश कुमार सिंह, रामकुमार राम संचालन कर रहे प्रभारी प्रधानाध्यापक राम निवास राम, प्रधानाध्यापक पवन कुमार, मंजू कुमारी, प्रेमलता कुमारी, दिलीप कुमार, गौरी शंकर, आलोक कुमार समेत बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित थे।

## परिजनों ने शादी में की आनाकानी तो मंदिर में रचाया विवाह

### पीकू ने गीतांजली से दहेजमुक्त शादी कर समाज के सामने पेश की मिसाल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** समाज में दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही दहेज प्रथा जैसी कुरितियों को रोकने के लिए एक युवक ने परिवार के खिलाफ जाकर दहेज मुक्त शादी रचा कर समाज को नया संदेश दिया है। सोमवार को गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंदिर में देखने को मिला है। इस संदर्भ में बताया जाता है कि जिस लड़की से शादी की बात पक्की हो गई थी, उसी लड़की से युवक ने दुर्गा मंदिर में हिंदू रीति रिवाज के साथ शादी रचाई है। बता दें कि गोह थाना क्षेत्र के बख्तियारपुर गांव निवासी जय कुमार शर्मा के पुत्र पीकू कुमार का रिश्ता अरवल जिले के खोखड़ी गांव निवासी लक्ष्मण शर्मा की पुत्री गीतांजलि कुमारी के साथ दो माह पूर्व पक्की हुई थी, परन्तु किन्ही कारणों से रिश्ता टूट की कगार पर थी। दोनों युवक-युवती पूर्व से ही मोबाइल द्वारा एक-दूसर के संपर्क में थी और दोनों में अथाह प्रेम हो गया। दोनों किसी भी किमत पर परिणय सूत्र में बंधने को बेताब थे। जब उन्हें लगा कि परिजनों द्वारा विवाह कराया जाना संभव नहीं है, तब युवक ने युवती से संपर्क साधा और युवती के साथ कहीं अन्यत्र चला गया। मामले की जानकारी जब परिजनों ने पुलिस को दी तब स्थानीय थाने की पुलिस ने दोनों को बरामद किया और परिजनों को सौंप दिया, जिसके बाद सोमवार को सामाजिक स्तर पर परिजनों की उपस्थिति में स्थानीय दुर्गा मंदिर में समाजसेवी विक्रम यादव के संरक्षण में दोनों का विवाह संपन्न हुआ। पूरे इलाके में इस विवाह की व्यापक चर्चा हो रही है।